

आईटी मंत्री की चेतावनी : प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड-12



पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, हर जिले में 2 पंपों पर रहेगी सुविधा-12



ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में-13



लोगों को बात करने दें, मैं अपना हुनर साबित करने के लिए नहीं खेल रहा हूं: रहाणे-14


आज का मौसम
$33.0^0$ अधिकतम तापमान
$20.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.05 सूर्यास्त 06.29

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 06:56 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 31 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 125, पृष्ठ 14 | मूल्य 6 रुपये


# आंगनबाड़ी में होंगी 65 हजार भर्तियां स्मार्ट सैलरी से बढ़ेगा मानदेय: योगी

## मुख्यमंत्री ने किया एलान: 69,804 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन और 18,440 को दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आंगनबाड़ी व्यवस्था में बड़े बदलाव करते हुए पांच हजार कार्यकत्रियों और 60 हजार सहायिकाओं की भर्ती समेत मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया। उन्होंने 'स्मार्ट सैलरी' व्यवस्था लागू करने की बात कहते हुए विभाग को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और 'न पर्ची-न खर्ची' के आधार पर चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी लोकभवन में सोमवार को 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और 18,440 कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने 450 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न बाल विकास एवं महिला कल्याण परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट बनाया जा रहा है, तो वहां कार्य करने वाली महिलाओं का मानदेय भी उसी अनुरूप होना चाहिए। न्यूनतम मानदेय की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि उन्हें सम्मानजनक पारिश्रमिक मिल सके। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्मार्टफोन वितरण से रियल टाइम डेटा अपलोड होगा और योजनाओं की निगरानी बेहतर होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों की प्री-प्राइमरी शिक्षा भी अब इन्हीं केंद्रों पर संचालित होगी।



लखनऊ :लोक भवन सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

- 450 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, योगी बोले- भर्ती प्रक्रिया में न पर्ची-न खर्ची

### चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को चाहिए गुंडों की फौज

मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, वे गरीब की पीड़ा नहीं समझ सकते। उन्हें समाज को बांटने के लिए पर्व-त्योहारों से पहले दंगा करवाने वाली गुंडों की फौज चाहिए। महिलाओं व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले चाहिए। उनसे काम की उम्मीद करना अपने आप में दिवास्वप्न जैसा है।

### मुख्यमंत्री बोले-पहले पोषाहार पर शराब माफिया का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में पोषाहार वितरण पर शराब माफिया का कब्जा था और वही पूरे सिस्टम को नियंत्रित करता था। राशन की गुणवत्ता खराब होती थी, जिससे कुपोषण बढ़ता था। अब इस तंत्र को समाप्त कर पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है और योजनाओं में बिचौलियों या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है।

### पहले माफिया संचालित करता था आउटसोर्सिंग

योगी ने कहा कि पहले आउटसोर्सिंग कंपनियां माफिया या नेताओं से जुड़ी होती थीं। वे सरकार से 10-12 हजार रुपये लेकर कर्मचारियों को पांच-छह हजार ही देती थीं और नियुक्ति में भी कमीशन लेती थीं। अब सरकार कॉर्पोरेशन के माध्यम से शोषण-मुक्त व्यवस्था लागू कर सम्मानजनक मानदेय सुनिश्चित करेगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री 'यशोदा मैया'

मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 'यशोदा मैया' बताते हुए कहा कि वे कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में अहम भूमिका निभा रही हैं। पिछले वर्षों में 1.70 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है और बड़ी संख्या में बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराया गया है। प्रदेश में बौनापन की दर भी 48 प्रतिशत से घटकर 37 प्रतिशत तक आ गई है।

# ट्रंप की फिर धमकी, होर्मुज खोलो नहीं तो पावर प्लांट कर देंगे तबाह

वाशिंगटन/दुबई, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने शांति समझौते को लेकर रविवार को ईरान को नए सिरे से दी धमकी
- ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की पुष्टि की
- तेहरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी के निकट आग जलती दिखी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को नए सिरे से धमकी देते हुए कहा कि अगर शांति समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों, तेल के कुओं और खार्ग द्वीप को नेस्तनाबूद कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उनका प्रशासन सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है। ट्रंप ने पोस्ट में कहा कि बहुत प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी कारण से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है, जिसकी आशंका बहुत अधिक है, और अगर होर्मुज तुरंत व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम ईरान में अपनी कार्रवाई का समापन उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खार्ग द्वीप (और संभवतः सभी विलवणीकरण संयंत्रों!) को उड़ाकर और पूरी तरह से नष्ट करके करेंगे।

वहीं, ईरान ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना प्रमुख अलीरजा तंगसिरी की मौत की सोमवार को पुष्टि की। इजराइल ने गुरुवार को दावा किया था कि उसने ईरानी नौसेना के रियर एडमिरल तंगसिरी को मार गिराया है। रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक बयान में कहा कि तंगसिरी गंभीर रूप से घायल होने के बाद अल्लाह के पास चले गए। ईरान के हमले में उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में एक तेल रिफाइनरी पर सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल की वीडियो फुटेज में यह आग दिख रही है। वीडियो में एक बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने जल्दी ही बुझा दिया। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग मिसाइल हमले से लगी थी या किसी मलबे के गिरने से। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं और यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल ने ईरान के साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र व पेट्रोकेमिकल स्थलों पर हमले किए हैं।

### ईरान ने अमेरिकी-इजराइली अधिकारियों के आवास को निशाना बनाने की दी चेतावनी

**दुबई।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता ने रविवार को चेतावनी दी कि अब अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के निजी आवास को निशाना बनाया जाएगा। पश्चिम एशिया में एक माह से अधिक समय से जारी युद्ध भयावह होता जा रहा है। यह धमकी इजराइल तथा पश्चिम एशिया में रहने वाले अमेरिका और इजराइल के सैन्य तथा राजनीतिक अधिकारियों को लक्षित है।

### कुवैत में ईरानी हमलों में एक और भारतीय की मौत

**दुबई।** रविवार को कुवैत में एक बिजली और जल अलवणीकरण संयंत्र पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इस घटना के साथ ही इस युद्ध में मारे गए भारतीय नागरिकों की संख्या आठ हो गई है। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत की पुष्टि की है। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह कुवैत में एक जल अलवणीकरण संयंत्र पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### नीतीश व नितिन नबीन का विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी और जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) संजय कुमार ने कुमार का इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बांकीपुर सीट से उनका इस्तीफा भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को सौंपा।

### देश में उर्वरक का पर्याप्त भंडार, किसान चिंतित न हों : नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि भारत में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उर्वरक भंडार मौजूद है और पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। नड्डा ने उर्वरक कंपनियों और हरित अमोनिया बनाने वालों के बीच हरित अमोनिया की आपूर्ति से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर के अवसर पर कहा, यह ही नहीं, भारत ने कई संकट देखे हैं।

# जीवनसाथी चुनना अपराध नहीं, संवैधानिक अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वेच्छा से प्रेम विवाह करने वाले एक युवा दंपति को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देते हुए पुलिस को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। दंपति ने विवाह के बाद महिला के परिजनों से जान का खतरा और उत्पीड़न की आशंका जताते हुए कोर्ट का रुख किया था। कोर्ट स्पष्ट किया कि किसी बालिग व्यक्ति द्वारा जीवनसाथी के चयन को परिजन 'सम्मान का मुद्दा' नहीं बना सकते। उसे अपनी पसंद से विवाह करने का संवैधानिक अधिकार है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने प्राची अग्रवाल और अन्य की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

कोर्ट ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध हाईस्कूल प्रमाणपत्र के आधार पर पाया कि महिला लगभग 21 वर्ष की बालिग है और उसने अपनी इच्छा से 9 फरवरी 2026 को गाजियाबाद स्थित आर्य समाज वैदिक विवाह संस्कार ट्रस्ट में विवाह किया था। विवाह के समर्थन में ट्रस्ट द्वारा जारी प्रमाणपत्र तथा उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम, 2017 के तहत पंजीकरण प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किए गए। याचियों का आरोप था कि विवाह से असंतुष्ट महिला के परिजनों ने अलीगढ़ के टप्पल थाने में उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कराई, जो विवाह के अधिकार का प्रयोग करने पर उन्हें परेशान करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने ऑनर किलिंग सहित गंभीर खतरे की आशंका भी जताई। प्रथम दृष्टया तथ्यों पर संतुष्ट व्यक्त करते हुए कोर्ट ने कहा कि राज्य का दायित्व है कि वह व्यक्तियों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करे, भले ही खतरा उनके अपने परिवार से क्यों न हो। कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप का आधार पाते हुए राज्य सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय दिया और अंतरिम राहत पर नोटिस जारी किया। अलीगढ़ के एसएसपी को दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया गया कि आदेश की सूचना 24 घंटे के भीतर संबंधित पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाई जाए।

हाईकोर्ट की टिप्पणी



- स्वेच्छा से प्रेम विवाह करने वालों को सुरक्षा देना राज्य का दायित्व, एसएसपी अलीगढ़ को युवा दंपती की सुरक्षा का दिया निर्देश

# आईबीसी संशोधन विधेयक पारित

नयी दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- सुधरेगी बैंकों की हालत

वित्त मंत्री सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के कारण देश की बैंकिंग प्रणाली में काफी सुधार हुआ है तथा वाणिज्यिक बैंकों की एनपीए की वसूली में भी मदद मिली है।

उन्होंने सदन में 'दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक के माध्यम से आईबीसी में 12 संशोधन प्रस्तावित हैं। विधेयक पर चर्चा में 40 सदस्यों ने भाग लिया। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से इस विधेयक को मंजूरी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि संसद की प्रवर समिति ने विधेयक में कुल 17 बड़ी अनुशंसाएं कीं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया। सरकार ने एक और सिफारिश को इसमें जोड़ा है कि कर्जदाताओं की समिति को आवेदकों को चयन करने के कारणों को दर्ज करना होगा, इससे पारदर्शिता आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्राहकों के लॉकर में रखे सामान को बैंक नहीं देख सकते और ना ही उसका रिकॉर्ड रख सकते हैं क्योंकि इससे बैंकिंग नियमों का उल्लंघन होगा।

# वित्त वर्ष के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,636 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेज गिरावट आई और सेंसेक्स 1,636 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 488 अंक के नुकसान में रहा। सेंसेक्स 1,635.67 अंक यानी 2.22% टूटकर 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,809.09 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 488.20 अंक यानी 2.14 प्रतिशत टूटकर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ।

### रुपया 95 प्रति डॉलर के पार जाने के बाद संभला

**मुंबई।** रुपया सोमवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 95 के स्तर को पार कर गया और अंत में 94.70 प्रति डॉलर पर रहा। कारोबार के दौरान रुपये में 165 पैसे का उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

## दो गुटों में फायरिंग के दौरान रिटायर्ड ब्रिगेडियर को लगी गोली, मौत



**देहरादून।** यहां के राजपुर में सोमवार सुबह कानून व्यवस्था को चुनौती देती सनसनीखेज और हृदयविदारक घटना में सेना के रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी की गोली लगने से मौत हो गई। वे सुबह की सैर पर निकले थे। इस दौरान कार सवार युवकों के दो गुटों में हुई फायरिंग में उन्हें गोली जा लगी। पुलिस ने इस मामले में बार मालिक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी सिटी प्रमोद के अनुसार, सुबह 6:50 बजे जोहड़ी गांव में फायरिंग की सूचना पर पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची तो जांच में सामने आया कि, मसूरी रोड पर मालसी के पास गाड़ी को पास न देने को लेकर दिल्ली नंबर की फॉर्च्यूनर कार व उत्तराखंड की स्कॉर्पियो में सवार युवकों के बीच विवाद के बाद फायरिंग हो गई।

# आईजी समेत 27 आईपीएस के तबादले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के कई जिलों में नए कप्तान, लखनऊ कमिश्नरेट के तीन डीसीपी भी स्थानांतरित

**अमृत विचार:** शासन ने सोमवार देर शाम 27 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। चंद्र प्रकाश को प्रशिक्षण निदेशालय से हटाकर सुरक्षा में आईजी बनाया गया है। लखनऊ कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के डीसीपी शशांक सिंह को एसपी महोबा, पश्चिम के विश्वजीत श्रीवास्तव को एसपी बहराइच तथा दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल को 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद का सेनानायक बनाया गया है। अमरोहा के एसपी अमित कुमार आनंद को लखनऊ में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है।

एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ का सेनानायक, श्याम नारायण सिंह को एसएसपी एटा से एसडीआरएफ लखनऊ का सेनानायक, एसपी महोबा प्रबल प्रताप सिंह को अपराध मुख्यालय डीजीपी कार्यालय, रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, एसपी कौशाम्बी राजेश कुमार द्वितीय को 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ का सेनानायक, एसपी जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार को 6वीं वाहिनी एसएसएफ अयोध्या का सेनानायक, एसपी बहराइच रामनयन सिंह को 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर का सेनानायक बनाया गया है। इसके अलावा एसपी फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित को एसपी शाहजहांपुर, एसपी महाराजगंज सोमेंद्र मीना को एसपी रामपुर, एसपी हमीरपुर डॉ. दीक्षा शर्मा को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ नियुक्त किया गया है।

# तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से बाइक सवार दो भाइयों की गई जान

संवाददाता, परौर (शाहजहांपुर)

- दिल्ली जाते समय मेरठ-बदायूं मार्ग पर हुआ हादसा
- दोनों भाइयों की मौत की सूचना के बाद परिवार में कोहराम

**अमृत विचार :** बम्हनी चौकी गांव के दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों सोमवार तड़के करीब चार बजे घर से बाइक पर सवार होकर दिल्ली मजदूरी के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में बुलंदशहर जनपद में हादसा हो गया। दोनों भाइयों की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मेरठ-बदायूं मार्ग पर बुलंदशहर की शिकारपुर तहसील के अहमदगढ़ थाना क्षेत्र स्थित रहमापुर गेट के पास सुबह करीब सात बजे तेज रफ्तार टेंपो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सख्तर अली के पुत्र अब्दुल कलीम (25) और उसके छोटे भाई आसिम (18) के रूप में हुई है। दोनों भाई मजदूरी करने जा रहे थे, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल हो गया। अब्दुल कलीम की शादी करीब दो वर्ष पहले आगरा में हुई थी। उसकी मौत से पत्नी सज्जो और मां अल्हा रक्खी का रो-रोकर बुरा हाल है। छोटे भाई आसिम की मौत से परिवार गहरे सदमे में है। एक ही परिवार के दो बेटों की मौत से गांव में सन्नाटा छा गया। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की जांच कर रही है।



आसिम व अब्दुल कलीम का फाइल फोटो।

भरोसा | जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार बोले- किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा डेटा

# कई राज्यों में कल से जनगणना, गोपनीय रहेगा व्यक्तिगत डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सोमवार को लोगों से जनगणना करने वालों को सही जानकारी देने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहेगा। उन्होंने कहा कि इसे किसी साक्ष्य या किसी योजना का लाभ लेने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत सभी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रहती है।

दिल्ली समेत देश के कुछ राज्यों में अप्रैल में 16वीं जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू होने से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में जनगणना 16 अप्रैल से 15 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, जनगणना के दौरान एकत्र किया गया सभी व्यक्तिगत डेटा गोपनीय रहता है। इसे सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता, न ही अदालत में साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जा सकता है और न ही किसी सरकारी या निजी संस्था के साथ साझा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सांख्यिकीय डेटा का उपयोग केवल संकलन के लिए किया जाएगा। जाति को जनगणना में शामिल करने और लोगों द्वारा सही जानकारी नहीं दिए जाने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर महापंजीयक ने कहा कि जाति से संबंधित डेटा दूसरे चरण में एकत्र किया जाएगा और इसके प्रश्न व्यापक चर्चा के बाद तय किए जाएंगे। नारायण ने बताया कि पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था शुरू की गई है, जिसमें लोग जनगणना के पहले चरण (हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना) से पहले 15 दिनों की अवधि में डिजिटल रूप से अपनी जानकारी जमा कर सकते हैं। पहले डेटा कागज पर एकत्र किया जाता था, जिससे डिजिटलीकरण में काफी समय लगता था। अब शुरुआत से ही डिजिटल डेटा मिलेगा।




### लिव-इन में रहने वालों की गणना वैवाहिक दंपती के समान मानकर की जा सकती

**नई दिल्ली।** भारत में जनगणना के सिलसिले में स्व-गणना पोर्टल पर दिए गए में कहा गया है कि अगर लिव-इन संबंध में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपति के समान माना जाए। स्व-गणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव-इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा? यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं, तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए। सरकार ने शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### रैली निकालकर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**बीसलपुर, अमृत विचार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा मुक्ति भारत अभियान कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्या डॉ. अलका मेहरा ने हरी झंडी दिखा कर रैली की शुरुआत कराई। नशे से दूरी बनाने और स्वस्थ रहने के लिए योग व्यायाम करने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की संचालिका प्रोफेसर दरख़्शा एवं सहसंयोजक डॉ. जगदम्बा कुमार ने नशा मुक्ति एवं व्यायाम के महत्व को बताया। कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### युवाओं को दिए गए विज्ञान से जुड़े टिप्स

**पीलीभीत, अमृत विचार** : समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वाधान में सोमवार को राजकीय पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में विज्ञान का एक महत्वपूर्ण भाग रहता है। मापन, घनत्व, आवेश परावर्तन अपवर्तन ताप को सरल प्रयोगों द्वारा दर्शाया गया। इनमें निहित सिद्धांतों को समझाया गया। बहुविकल्पीय क्विज का भी आयोजन किया गया। इसमें अधिकांश विद्यार्थियों ने संबंधित विषयों पर अच्छे उत्तर दिए।

### दूसरे दिन भी साधकों ने किया योग

**पीलीभीत, अमृत विचार** : भारतीय योग संस्थान की ओर से आयोजित किए जा रहे अस्थि रोग निवारण शिविर के दूसरे दिन सोमवार को 50 साधकों ने लाभ उठाया। बल्लभ नगर कॉलोनी पार्क में दूसरे दिन शिविर की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन एवं गायत्री मंत्र के जाप से कराई गई। योगाभ्यास कराया गया। डॉ. डीपी त्रिपाठी द्वारा संस्थान की औषधि अर्जुन की छाल का विस्तार से वर्णन किया गया। जिला प्रधान सतीश शर्मा, मोहित अग्रवाल, देवेंद्र कुमार शर्मा, निर्मला धामेजा, उषा भसीन, नेहा असावा, मीना कटियार, नूतन आहूजा, रेणु शर्मा, जीएल शर्मा, सुनील अग्रवाल, संजय चंद्रा, भूपदत्त आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण से मारपीट एफआईआर दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव बकैनियां दीक्षित निवासी पुष्पेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने खेत से घर लौट रहे थे। इस दौरान नशे की हालत में धर्मेंद्र कुमार चौराहे पर मिले। गांव के ही सूरज कुमार, उसके रिश्तेदार सुनील वर्मा से धर्मेन्द्र को घर ले जाने को कहा। इस पर उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अधूरे संसाधनों के सहारे गेहूं खरीद शुरू

## कागजों में दुरुस्त हो गए 125 क्रय केंद्र, धरातल पर झूलते मिले सिर्फ बैनर

- **पीलीभीत मंडी समिति परिसर में 26 क्रय केंद्रों पर होगी खरीद**
- **डिप्टी आरएमओ ने दिए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश**

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



मंडी में गेहूं का ढेर। ● अमृत विचार



मंडी समिति परिसर में हवा में झूलते क्रय केंद्रों के बैनर।

**अमृत विचार :** जनपद में सोमवार से गेहूं खरीद की औपचारिक शुरूआत की गई। हालांकि पहले दिन आधी-अधूरी तैयारियों ही दिखीं। अधिकांश क्रय केंद्रों पर मात्र बैनर ही लटकते नजर आए। गेहूं की कटाई शुरू न होने के चलते खरीद के पहले दिन क्रय केंद्रों पर पूरे दिन सन्नाटा रहा।

शासन ने इस बार 30 मार्च से गेहूं की सरकारी खरीद करने के निर्देश दिए। यह दीगर बात है कि जनपद में गेहूं की फसल अभी पककर तैयार नहीं हुई है। जनपद में 125 क्रय केंद्र के माध्यम से खरीद की जानी है। वहीं पीलीभीत मंडी समिति परिसर में 26 क्रय केंद्रों के माध्यम से खरीद होनी है। 30 मार्च से शुरू होने वाली गेहूं खरीद को लेकर जिम्मेदारों ने क्रय केंद्रों से संबंधित तैयारियां पूरी होने के दावे किए थे, मगर गेहूं खरीद के पहले दिन सोमवार को क्रय केंद्रों की तैयारियों आधी-अधूरी ही पाई गई। स्थानीय मंडी समिति परिसर में अधिकांश क्रय केंद्रों पर मात्र बैनर ही झूलते नजर आए। हालांकि इक्का-दुक्का क्रय केंद्रों पर बैनरों के साथ अधिकारी व कर्मचारी भी बैठे दिखे। मंडी परिसर में गेहूं की नाममात्र ही ढेरियां नजर आई। अधिकांश क्रय केंद्रों पर कर्मचारी तक नहीं दिखाई दिए। डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ल ने बताया कि गेहूं की कटाई न होने से अभी आवक शुरू नहीं हुई है। सभी केंद्रों प्रभारियों को क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और किसानों का पंजीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अब तक 5446 किसानों का किया पंजीकरण गेहूं खरीद के लिए 150 गांवों में किया संपर्क

गेहूं खरीद को लेकर जनपद में अब तक 125 क्रय केंद्र खोले जा चुके हैं। इसमें खाद्य विभाग के 33, पीसीएफ 21, यूपीएसएस व पीसीयू 26-26, भारतीय खाद्य निगम 07, नैफेड के 12 क्रय केंद्र खोले गए हैं। अब तक 5446 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 150 गांवों में संपर्क स्थापित कर किसानों को गेहूं बिक्री के लिए प्रेरित किया जा चुका है। इसको लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### डीएम गुस्साए, डिप्टी आरएमओ को किया तलब

क्रय केंद्रों पर आधी-अधूरी तैयारियों का मामला डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के संज्ञान पहुंचा। जिसके बाद उन्होंने तत्काल डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला को तलब किया। इस पर डिप्टी आरएमओ भी कुछ देर बाद डीएम कार्यालय पहुंच गए। डीएम ने क्रय केंद्रों पर आधी-अधूरी तैयारियों की बात कहते हुए डिप्टी आरएमओ से नाराजगी जताते हुए तत्काल सभी क्रय केंद्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

## जल संरक्षण को लेकर किया जागरूक

**पीलीभीत, अमृत विचार:** रामलुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इसका विषय जल जीवन मिशन रहा। उद्देश्य छात्र-छात्राओं में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ. सचिन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा ने कराई। स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण जागरूकता रैली में भाग लिया और ग्रामीणों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया।



शिविर में मौजूद छात्राएं।

# बिजली लाइनों से गेहूं पर मंडराया आग का खतरा

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



पूरनपुर में अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते भाकियू चढ़ूनी के पदाधिकारी।

- **दिन में बिजली सप्लाई बंद करने की मांग, सौंपा ज्ञापन**

**अमृत विचार:** जनपद में खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइनों से गेहूं फसल को नुकसान की आशंका के चलते भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता पूरनपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में खेतों में आग लगने की आशंका जताते हुए दिन में बिजली सप्लाई बंद रखने आदि की मांग की गई।

जनपद में गेहूं की कटाई का सीजन शुरू होते ही किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। तेज हवाओं और लू के थपेड़ों के बीच खेतों के ऊपर से गुजर रही जर्जर बिजली की लाइनें किसानों के लिए आफत बन सकती हैं। इसको लेकर भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) आगे आया है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के तहसील अध्यक्ष जगविंदर सिंह के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता पूरनपुर में अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार है। इन दिनों तेज हवाएं और आंधी चलने की पूरी आशंका बनी रहती है। ऐसे में बिजली की लाइनों से खेतों में भीषण आग लग जाती है, जिससे किसानों की साल भर की मेहनत पल भर में राख हो जाती है। ज्ञापन में सकरिया बिजली घर के अंतर्गत आने वाले गांव वेगपुर, हरसिंहपुर, पचपेड़ा प्रहलादपुर और उदयकरनपुर की बिजली सप्लाई दिन में बिल्कुल बंद करने की मांग की है। कहा गया कि बिजली की सप्लाई शाम 6.30 बजे से सुबह 6.30 बजे तक ही दी जाए, ताकि किसान अपनी जरूरतें पूरी कर सकें और दिन में फसलों पर आग का खतरा टल सके। ज्ञापन में आंधी-तूफान की स्थिति में सुबह के समय भी तत्काल बिजली सप्लाई बंद करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष के अलावा सुरेदर सिंह, हरपेज सिंह, हरप्रीत सिंह, बलकार सिंह, हरदीप सिंह,गुरप्रीत सिंह, दलजीत सिंह, लखविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्र छात्राएं सम्मानित



स्प्रिंगडेल कॉलेज में सम्मानित हुए बच्चे, शिक्षक व अभिभावक। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। निर्देशिका सरोज जगोता, निदेशक डॉ.हेमन्त जगोता, प्रधानाचार्या प्रिया आनंद ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित करके शुरुआत कराई।

मेधावी बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रबन से मिशेल, मोहित, अवनी राठौर, अरनब रावत, हमजा, यश शर्मा, अक्श, श्रद्धा, कार्तिक, आराध्या शर्मा, आयुष आदि का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा दो में देवांशी वर्मा, दृष्टि, देवांश पाल, साक्षी, भव्या राठौर, सिद्धी, मनकीरत, रश्मि, गुरयश, आन्या, अंशप्रीत ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। इसी तरह से अन्य कक्षाओं में भी कई मेधावी सम्मानित किए गए। उपप्रधानाधार्थ जितेन्द्र कुमार ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## बिलसंडा में परीक्षाफल पाकर खुश हुए विद्यार्थी

**बिलसंडा, अमृत विचार:** नगर के रूप देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में सोमवार को परीक्षाफल वितरण किया गया।

कक्षा पांच में दीक्षा ,शिवानी ,अविरल, कक्षा छह में आरिफा ,प्रिंस जायसवाल , निधि यादव, कक्षा आठ में मानवी ,उदित, कक्षा नौ में शिवी गुप्ता, आयुष कुशवाहा, अनुपम, अनुष्का, कक्षा 11 में एलिस कुशवाहा, सालिया इरम ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। सभी को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य राजीव कुमार, प्रबंधक शिवेंद्र सिंह कुशवाहा,संरक्षक रामरतन कुशवाहा, उप प्रधानाचार्य अतर सिंह कुशवाह, सहायक अध्यापक भगत सिंह, सर्वेश कुमार, अमित कुमार ,आरपी कश्यप,सुमित शुक्ला,सोनिया दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

- **वक्ता बोले- कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, जल-भूमि की भी करें रक्षा**

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**



संगोष्ठी में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य डॉ. सुधीर शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सोमवार को आयोजित की गई। भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यावरण, वैश्विक जलवायु परिवर्तन और कृषिगत सतत विकास शीर्षक पर विचार रखे गए। भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह, नेपाल से वीर बहादुर सिंह महतो रहे। संगोष्ठी में दूर दराज से वक्ता पहुंचे और संबंधित विषय पर विचार व्यक्त किए।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने कहा कि संगोष्ठी का विषय वर्तमान में वैश्विक स्तर पर ज्वलंत मुद्दा है। इसका उद्देश्य शोधार्थियों और विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना और विशेषज्ञों के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना है। प्रोफेसर विनोद कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के विषय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज विश्व पर्यावरण की समस्या से जूझ रहा हैं। ऐसे में कृषि को कैसे बचा सकते हैं इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की आवश्यकता है। पूनम सिंह ने कहा कि देश में कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं है। कहा कि हमें जल और भूमि की रक्षा करनी है तभी सतत विकास मुमकिन है। अंबिकापुर छत्तीसगढ़ के प्रोफेसर जेएन पांडेय की पुस्तक आध्यात्मिक समाजवाद सतयुग स्थापना के चरण का विमोचन किया गया। प्रोफेसर आशुतोष प्रिय ने इको सिस्टम में हार्मोनी की बात कही। प्रबंधक नितिन दीक्षित ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. वीके शर्मा, डॉ. रेखा सिंह ,डॉ. अरविन्द दीक्षित, डॉ. रंजना सिंह, डॉ. अर्निका दीक्षित, शाहिद खान, डॉ. सौरभ सक्सेना, तहमीना शमसी ,डॉ. विनोद सिंह, डॉ. अंशिका ,डॉ. मृदुला शर्मा ,डॉ. पिन्दर सिंह, अंकित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक और जूनियर वर्ग का परीक्षाफल वितरण

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** एजीएम इंटर कॉलेज बिहारीपुर हीरा में सोमवार को प्राथमिक और जूनियर वर्ग के छात्र छात्राओं का परीक्षाफल वितरित किया गया।

प्राथमिक वर्ग में कक्षा एक की दृष्टि गंगवार ने 99.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में शिवांश द्विवेदी ने 99.64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि रामपाल गंगवार रहे। प्रबंधक सर्वेश गंगवार ने अतिथि का स्वागत किया। छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्थापक एलपी गंगवार, प्रधानाचार्य पंकज कुमार गंगवार, उपप्रधानाचार्य ओविद प्रकाश शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।




## वंदेमातरम् के इतिहास और महत्व को बताया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से सोमवार को ग्राम बिथरा स्थित स्वामी विवेकानंद डग्री कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता जिला संगठन मंत्री रौनक पाल, प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार , जिला संयोजक आयुष मिश्रा रहे। आयुष मिश्रा ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के इतिहास एवं महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। रौनक पाल ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ एक नारा नहीं है।यह हमारी मातृभूमि के प्रति प्रेम का उद्घोष है। जब अंग्रेजों का अत्याचार अपने चरम पर था तब वंदे मातरम् ने हर भारतीय के दिल में आग जलाई। एक ऐसी आग जो आज भी हमें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित करती है। वंदेमातरम समूहगान का आयोजन किया गया। डॉ. योगेंद्र कुमार ने आभार जताया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अंश वर्मा, प्रभात राजपूत आदि मौजूद रहे।

### नौगमियां में वार्षिक पूजा का आयोजन

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** गांव की सुख शांति और समृद्धि के लिए गांव नौगमियां में वार्षिक पूजा का आयोजन किया गया। आयोजन से पहले सभी ग्रामीणों के सहयोग से लालता प्रसाद उर्फ बाबाजी के मार्गदर्शन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे पर भजनों की धुन पर भक्त थिरकते रहे। प्रसिद्ध शक्तिपीठ इलावांस देवल देवी मंदिर के लिए रवाना हुए। पूजा अर्चना के बाद वापस गांव आकर शोभायात्रा संपन्न हुई। गांव के सुख शांति की कामना की गई।

## न्यूज डायरी



### स्कूलों में वितरित किए परीक्षा फल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पिपरिया अगरू में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास पहुंचे। उन्होंने मेधावियों को सम्मानित किया। सीडीओ ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा देकर राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने पर जोर दिया। कहा कि एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान की शुरुआत होनी है। बच्चों ने सीडीओ को कविता भी सुनाई। कक्षा पांच के सोनू, कक्षा चार की राखी कक्षा तीन की प्रियांशी, कक्षा दो की राखी, कृष्णा, मीनाक्षी, हनी, सोनी को पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापिका सईदा के द्वारा स्थापित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण कर सराहना की। मरौरी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने भी परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कंपोजिट विद्यालय नखासा नगर क्षेत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज तिवारी की उपस्थिति में परीक्षा फल वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक अमित कुमार शर्मा ने सम्मानित किया।



### 1 अप्रैल से होगी स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बचपन हायर पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने बच्चों को परीक्षा फल वितरित करते हुए सम्मानित किया। इस दौरान बताया गया कि एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान की शुरुआत होगी। प्रधानाचार्य गोपाल मिश्रा, गायत्री मिश्रा, रामपाल पांडेय, ओम शर्मा, अनुपम शुक्ला, अरविन्द शर्मा, प्रशांत अवस्थी आदि मौजूद रहे। चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रबंधक सुरेन्द्र मल्ल, पूर्व अध्यक्ष बलविन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष तरुण कांत राय, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन करके शुरुआत कराई और बच्चों को सम्मानित किया।



### सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

**पीलीभीत, अमृत विचार** : इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी रहे। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुमताज अहमद सिद्दीकी, मोनिस अयाज, कमल शम्सी, मोहम्मद फिरोज, मिदहत एजाज़, रजनी सक्सेना, मधु सक्सेना, नाजिर हुसैन, शबाना खान, मेहविश खान, वसीमउद्दीन खान, अफसार हुसैन, सीमा, मोताल हसन खान आदि मौजूद रहे।



### परीक्षा फल वितरण में बच्चों के खिले चेहरे

**मझोला, अमृत विचार** : नेहरू इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक पहुंचे। प्रधानाचार्या शोभा वर्मा ने बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कई बच्चे पुरस्कृत किए गए। एसके पब्लिक स्कूल बिरहैनी में भी परीक्षा फल वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक जगजीत सिंह रहे। प्रधानाचार्य जीवन शर्मा, राजिंदर सिंह आदि मौजूद रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत किए गए। प्रधानाचार्य जीवन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पति समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** मोहल्ला मदन मोहन कॉलोनी निवासी नीतू देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 2023 में खुटार शाहजहांपुर के ग्राम रामपुरकलां निवासी आलोक शुक्ला पुत्र रामगोपाल शुक्ला से हुई थी। कुछ समय बाद ससुर रामगोपाल, पति आलोक, सास, ननद रूबी, नन्दोई अपुल अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन, दो लाख रुपये की मांग करने लगे। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित किया। 2024 में मारपीट की और घर से निकाल दिया। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि पति समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### मरीज के रुपये हो गए चोरी, हंगामा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज कराने पहुंचे जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम खरुआ निवासी जयपाल के 1970 रुपये चोरी हो गए। वह चोट लगने पर पट्टी कराने के लिए पहुंचे थे। एक कर्मचारी पर रुपये चोरी करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने हंगामा कर दिया। इसे लेकर खलबली मची रही। शोर पर सुरक्षा गार्ड मौके पर पहुंच गए और जानकारी की। उधर, कर्मचारी ने लगाए गए आरोपों को गलत बताया। मामले की सूचना प्राचार्य को दी गई है। हंगामे के चलते भीड़ लगी रही।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे के वार्ड नंबर पांच जामा मस्जिद निवासी तसलीम ने बताया कि उसका 28 वर्षीय चचेरा भाई इमरान पुत्र बाबू मानसिक रुप से अस्वस्थ है। सोमवार सुबह करीब आठ बजे के बाद इमरान भोपतपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंच गया। इस बीच शाहजहांपुर से पीलीभीत को जाने वाली सवारी गाड़ी रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी। सवारियां उतरने व बैठने के बाद ट्रेन रेलवे स्टेशन से पीलीभीत जाने के लिए चली, तभी रेलवे स्टेशन और रेलवे क्रासिंग के बीच अचानक इमरान ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक को मामूली व कुछ गुम चोटे आई। पांच मिनट बाद ट्रेन रवाना हो गई। युवक के परिवार वाले मौके पर पहुंचे और उसका निजी अस्पताल में इलाज कराया।

### स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे मरीजों को मिला इलाज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम भड़रिया के पास स्थित एक अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। टीम ने अलग-अलग बीमारियों से ग्रसित मरीजों की निशुल्क जांच की। छूट पर दवा भी मुहैया कराई। न्यूरो सर्जन सतीश कुमार के नेतृत्व में मरीजों को उपचार दिया गया। बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों की चिकित्सालय में फ्री भर्ती व ऑपरेशन की सुविधा भी निशुल्क मुहैय्या कराई जाएगी। पैनल में डॉ. सतीश कुमार न्यूरोसर्जन के अतिरिक्त डॉ. केपी निराला डॉ.दीपंकर यादव, डॉ.सुरेश कुमार, डॉ.परितोष शर्मा जनरल सर्जन ने भी मरीज की जांच कर उचित सलाह दी।

### ग्रामीण पर हमला करने की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम भूड़ा निवासी अफसर खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 मार्च को वह अपने घर पर मौजूद था। इसी बीच गांव के ही आसिक, कौसर, साजिद उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करना शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पिता-पुत्र पर हमला कुचलने की कोशिश

- गजरौला क्षेत्र के शिवनगर का मामला, आरोपियों ने किया फायर
- पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर जांच में जुटी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने खेत पर काम कर रहे किसान और उसके दो बेटों पर जानलेवा हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से आरोपियों ने तमंचे से फायर भी किया। आरोप है कि ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम शिवनगर निवासी महेशपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 मार्च को शाम छह बजे अपने पुत्र गौरव, शेखर के साथ खेत पर गया था। आरोप है कि रंजिश के चलते पड़ोसी हरचरण सिंह और उसके पुत्र विशाल ने गाली गलौज करना शुरू कर दी। जब उसने और उसके पुत्र ने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने खेत पर पहले से ही मौजूद विशाल, शैलेंद्र और हरचरण सिंह, यशपाल, अनुराग, अभिषेक सिंह निवासी शिवनगर ने एकराय होकर उसके साथ लाठी, डंडे और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। जब वह बचकर भागे तो आरोप है कि फायर किया। हालांकि गोली उन्हें नहीं लगी। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है।

## ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन, एडीएम को ज्ञापन सौंप कर की निस्तारण की मांग

# भगा मोहम्मदगंज पुल पर तीन साल से आवागमन बंद

- बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई थी पुल की एक तरफ की एप्रोच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भगा मोहम्मदगंज में देवहा नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त होने के तीन साल बाद भी सुधार न कराए जाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपते हुए एक लाख से अधिक आबादी की समस्या का समाधान कराने की मांग की। इस दौरान ये भी चेतावनी दी गई कि अगर समस्या का अभी भी समाधान न हुआ तो आगे आंदोलन किया जाएगा।



कलेक्ट्रेट में क्षतिग्रस्त पुल के सुधार की मांग करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम भगा मोहम्मदगंज में देवहा नदी पर बना पुलि करीब तीन साल पहले बाढ़ आने पर क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद से 50 से अधिक गांव के लोगों का ब्लॉक तहसील ही नहीं जिला मुख्यालय तक आवागमन बाधित हो चुका है। ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस समस्या को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं निवर्तमान प्रदेश महासचिव कुमुद गंगवार की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक रोशनी यादव को सौंपा। इसमें बताया कि तीन साल पूर्व पुल की एक तरफ की एप्रोच नदी के तेज बहाव में बह गई। जिसके बाद से वपुल पर आवागमन बंद है। इस पुल की एप्रोच को ठीक करने के लिए ग्रामीणों ने कई बार पत्राचार किया लेकिन तीन साल बाद भी इसे बनवाया नहीं जा सका है। पुल पर आवागमन बाधित होने से करीब डेढ़ लाख की आबादी परेशान है। ब्लॉक, तहसील से लेकर जिला मुख्यालय आने में लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इस समस्या का समाधान जनहित कराने की मांग की गई है। इस मौके पर लवकुश, राममूर्तिलाल, विकास, भूपेंद्र, गौरीशंकर, संजीव, सुनील मौर्य, रीतराम, विकास, हुलासीराम, तुलाराम, सुरेंद्रपाल, इजहार अहमद, हबीब अहमद, नईम खान आदि मौजूद रहे।

### तीन साल में कोई काम न होना बड़ी लापरवाही

ग्रामीणों की अगुवाई कर रहे कुमुद गंगवार का कहना है कि बाढ़ में पुल बह गया इसमें शासन प्रशासन की कोई गलती नहीं। मगर, तीन साल बाद भी बड़ी आबादी के सामने आई समस्या का समाधान नहीं कराया जाना बड़ी लापरवाही है। उस पर किसी तरह का कोई काम तक नहीं हो सका है। ज्ञापन के बाद भी अगर कोई समाधान नहीं हुआ तो पुल वाले स्थान पर ही धरना प्रदर्शन, सत्याग्रह या फिर आमरण अनशन किया जाएगा। समस्त गांव के लोग इसमें शामिल होंगे। चाहे मुख्यालय आना हो या ब्लाक 40-50 किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। एक लाख से अधिक आबादी के सामने संकट और समाधान न होना चिंतनीय और निंदनीय है।

# पर्यटकों के लिए खास रहा रविवार...खूब हुई टाइगर साइटिंग

## पीटीआर : जंगल सफारी के दौरान एसपी समेत पर्यटकों को दिखे छह बाघ, टाइगर साइटिंग को लेकर पर्यटकों में दिखा गजब का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जंगल में बाघ को घूमते देखना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। मगर, कई लोगों के लिए बाघों को उनके प्राकृतिक वास स्थल में देखना आज भी एक सपना बना हुआ है। ऐसे लोगों के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व खासा मुफीद साबित हो रहा है। इसकी वजह यह है कि यहां मौजूदा पर्यटन सत्र के दौरान सैलानियों को लगभग रोजाना ही बाघों के दीदार हो रहे हैं। टाइगर रिजर्व में बीते रविवार का दिन टाइगर साइटिंग के नाम रहा। जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों ने दो-तीन नहीं बल्कि चार से लेकर पांच बाघों के दीदार किए। टाइगर साइटिंग को लेकर पर्यटकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



जंगल सफारी करने पहुंचा परिवार।



जंगल सफारी के दौरान बाघों को कैमरे में कैद करते दिखे पर्यटक।



पीटीआर में जंगल सफारी के दौरान एक साथ दिखे तीन बाघ।

तराई की गोद में बसा पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों को लेकर देश-दुनिया में मशहूर होता जा रहा है। टाइगर रिजर्व में इन दिनों पर्यटन सत्र चल रहा है। पर्यटकों की बढ़ती आमद से टाइगर रिजर्व रोजाना ही गुलजार हो रहा है। जंगल की हरी-भरी वादियों के बीच बजे इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच हर साल की तरह इस बार पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। टाइगर रिजर्व प्रशासन यहां आने वाले पर्यटकों से फीडबैक भी ले रहा है। इसके लिए मुस्तफाबाद में व्हाइट बोर्ड लगाए गए हैं। जिस पर पर्यटन साइटिंग से संबंधित अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि पर्यटन सत्र के दौरान सैलानियों के साथ वन्यजीवों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पर्यटन सीजन के चलते पीलीभीत टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए इस बार 01 नवंबर को खोला गया था। मौजूदा पर्यटन सत्र में भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की साइटिंग का प्रमुख केंद्र बिंदु बना हुआ है। इसकी वजह यह है कि पिछले पर्यटन सत्र के दौरान पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आने वाले करीब 90 फीसदी पर्यटकों को बाघों की अच्छी साइटिंग हुई थी। वहीं मौजूदा पर्यटन सत्र में टाइगर साइटिंग ने पिछले सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। मौजूदा पर्यटन सत्र के दौरान लगभग रोजाना ही पर्यटकों को बाघों के दीदार हो रहे हैं। कुछ सैलानियों को तो दो-तीन नहीं बल्कि चार से लेकर पांच बाघ तक देखने को मिल रहे हैं।



दो बाघ देखकर गद्गद दिखे पर्यटक।

### दोनों शिफ्टों में खूब हुई टाइगर साइटिंग

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बीते रविवार का दिन पर्यटकों के लिए टाइगर साइटिंग के लिहाज से बेहद खास रहा। सुबह और शाम दोनों शिफ्टों में जमकर टाइगर साइटिंग हुई। सुबह की शिफ्ट में जंगल सफारी के लिए पहुंचे पर्यटकों ने दो से लेकर तीन बार बाघों को देखा। जंगल सफारी के लिए एसपी सुकीर्ति माधव को तो अलग-अलग स्थानों पर करीब छह बाघ दिखे। एक ही शिफ्ट में बार-बार बाघ दिखने से पर्यटक भी खासे गद्गद् दिखे। कुछ पर्यटक तो चहलकदमी कर रहे बाघों का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। वहीं शाम की शिफ्ट में पर्यटकों के साथ-साथ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह और फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह को भी दो से तीन बार बाघ देखने को मिले। कमोवेश रविवार की तरह सोमवार को दिन पर्यटकों के लिए मुफीद रहा। जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों ने बाघों के साथ अन्य वन्यजीवों के दीदार किए। इस बार देश के साथ-साथ विदेशी सैलानियों का भी टाइगर रिजर्व के प्रति आकर्षण बढ़ता जा रहा है।

# स्मार्ट मीटर ने किया लोगों को परेशान

- बिलसंडा में हनुमान दल ने किया विरोध प्रदर्शन
- ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीओ को सौंपा

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर से हो रही उपभोक्ताओं की परेशानियों के समाधान की मांग को लेकर राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। धरने के रुप में कार्यकर्ता जमीन पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। ऊर्जा मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीओ जगदीश सिंह को सौंपा गया।

एसडीओ को दिए ज्ञापन में बताया कि नगर पंचायत बिलसंडा क्षेत्र में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के घरों पर एक संस्था के माध्यम से स्मार्ट मीटर लगाए गए। उस वक्त इसे फायदेमंद बताया गया था। अब करीब एक माह




बिलसंडा में विरोध प्रदर्शन करते राष्ट्रीय हनुमान दल के पदाधिकारी।

से स्मार्ट मीटर बिलिंग प्रक्रिया शुरू हुई है।तब से उपभोक्ताओं के साथ मानों धोखाधड़ी हुई है। पहले की अपेक्षा दोगुना से अधिक बिल आ रहे हैं। तीन हजार वाले बिल अब तीस-तीस हजार आ रहे हैं। अधिक बिल जमा करने के बाद भी बिजली की सप्लाई समय से शुरू नहीं हो रही है। बिना किसी सूचना के ही सप्लाई बंद कर दी जा रही है। मांग की गई कि अनावश्यक रुप से बढ़कर आ रही रीडिंग को साफ्टवेयर के माध्यम से दुरुस्त कराया जाए।

स्मार्ट मीटर के लिए उपभोक्ता पर दबाव न बनाए, इससे जुड़ी शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया जाए, अब तक बढ़कर आए बिलों को सही कराया जाए और नए कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर को उपभोक्ताओं पर जबरन न थोपा जए। इस मौके पर आशीष सक्सेना एडवोकेट, लकी जायसवाल, नितिन, रजत कश्यप, सचिन जायसवाल, दीपक गुप्ता, ऋषभ दुबे, अनुज मिश्रा, हिमांशु, सौरभ, वैभव सक्सेना आदि मौजूद रहे। इधर, विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीओ ने अधिशासी अभियंता बीसलपुर को पत्र लिखा है। जिसमें स्मार्ट मीटर को लेकर आ रही परेशानियों की जांच कर समाधान कराने के लिए संबंधित कंपनी को निर्देशित करने का आग्रह किया गया है।

## मां से मारपीट और बेटियों से छेड़छाड़ करने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पड़ोसी सैंकी और उसके पिता ठाकुर दास उसको परेशान करके उसकी जगह छीनना चाहते हैं।

आरोपी आए दिन गाली गलौज करते हुए उसको अपमानित करते हैं। उसकी दोनों नाबालिग पुत्रियों के साथ छेड़छाड़ की। 22 मार्च को रात आठ बजे सैंकी ने उसके घर के दरवाजे पर ईंट मार दी। विरोध किया तो आरोपी ने तमंचा दिखाकर धमकाया। थोड़ी देर बाद आरोपी और उसके पिता उसके घर में घुस आए और मारपीट व छेड़छाड़ की। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

# चटनी बनाते वक्त महिला को लगा करंट, जान गई



जिला अस्पताल पहुंचने पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मिक्सी में चटनी बनाते वक्त एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। जिला अस्पताल लाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।

गजरौला क्षेत्र के ग्राम गांधीनगर निवासी 38 वर्षीय शिक्षा पटारी पत्नी निखिल पटारी सोमवार को घर पर मिक्सी में चटनी बना रही थीं। इसी बीच उन्हें करंट लगा। परिवार वाले उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर आए। वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की। हालांकि परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया।इस पर शव पंचनामा भरकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, दंपती घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी बाबू पुत्र मोहम्मद मियां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मार्च को दोपहर एक बजे मोहल्ले के ही मुकीम, अजीम, मुस्तकीम और जरीना पत्नी मुकीम रंजिश को लेकर उसके घर में घुस आए।

आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसके सिर पर डंडा मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। उसकी पत्नी नगमा के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालयों के लोकार्पण एवं नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया।



नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साथ मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर बरखेड़ा विधायक समेत जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। नियुक्ति पत्र पाकर चयनित महिलाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान 27 आंगनबाड़ी केंद्रों का भी लोकार्पण किया गया।

विकास भवन स्थित गोमती सभागार में सोमवार को नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय गंगवार डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास आदि ने परियोजना बरखेड़ा से चयनित 25 एवं परियोजना शहर से चयनित 13 आंगनबाडी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। नियुक्ति पत्र पाकर आंगनबाड़ी सहायिकाओं के चेहरों पर मुस्कान तैर गई। कार्यक्रम के दौरान ही जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद के 27 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण करने साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए शासन से आई ईसीसीई किटों का भी वितरण किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी समेत सीडीपीओ, सुपरवाइजर एवं चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं के परिजन मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, कराया गर्भपात

- सुनगढ़ी क्षेत्र का मामला, शादी को टालता रहा आरोपी
- पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** एक युवक ने शादी करने का झांसा देकर युवती का यौन शोषण किया। जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। बाद में शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सुनगढी क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही जगदीश पुत्र कोमिल प्रसाद ने उसको प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने का झांसा दिया।

आरोपी ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शादी की बात कहने पर टालमटोल करता रहा। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी होने पर आरोपी ने दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया।

जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। किसी से शिकायत करने पर उसको जान से मारने की धमकी भी दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# अनिल हत्याकांड : आरोपी युवती की बहन ने मुख्यमंत्री, डीएम-एसपी को लिखा पत्र

- बोली- बहन बेगुनाह, कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की बताई मिलीभगत
- घटना के एक दिन पूर्व देर रात तक कार्यालय में पार्टी चलने की भी कही बात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बहुचर्चित अनिल हत्याकांड में जेल भेजे गए कॉलोनाइजर वेद प्रकाश कश्यप के साथ ही आरोपी बनाई गई निधि मिश्रा की बहन ने मुख्यमंत्री और डीएम-एसपी को पत्र भेजकर संगीन आरोप लगाए हैं। इस पूरे मामले में निधि मिश्रा को बेगुनाह बताते हुए अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच कर न्याय की गुहार लगाई है।

शहर के मोहल्ला मोहतसिम खां की रहने वाली दिव्या मिश्रा पुत्र स्व. राकेश कुमार मिश्रा ने पत्र में बताया कि उनकी छोटी बहन निधि मिश्रा आरोपी कॉलोनाइजर वेदप्रकाश कश्यप के शिवनगर कॉलोनी स्थित कार्यालय में एक साल से सुपरवाइजर के पद पर काम कर रही थी। उसी कार्यालय में अनिल पाल समेत कई अन्य युवक-युवतियां भी काम करते थे। उनकी बहन को कॉलोनाइजर द्वारा अवकाश नहीं दिया जाता था। अन्य कर्मचारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं था। आरोप है कि वेदप्रकाश ने बहन से बाहर घूमने का भी कई बार दबाव बनाया और एक मोबाइल जबरन दिया था। 9 फरवरी को निधि ने नौकरी छोड़ दी और मोबाइल वापस करते हुए दोबारा कभी वहां पर नहीं गई। 13 फरवरी की सुबह अनिल का शव उक्त कार्यालय के भवन पर फंदे से लटका मिला था। उसका कहना है कि इस मामले में कॉलोनाइजर के साथ ही अन्य लोग अनिल की हत्या के जिम्मेदार हैं।

ये भी बताया घटना से एक दिन पूर्व 12 फरवरी को देर रात तक वेदप्रकाश के कार्यालय में सभी ने मिलकर पार्टी भी की थी और दूसरे दिन अनिल का शव उसी भवन पर फंदे से लटका मिला। ये भी कहा कि घटना के बाद मृतक के परिजन उनकी बहन निधि को गवाही देने को दबाव बना रहे थे। आरोप है कि जब बहन से पूर्व में ही नौकरी छोड़ देने का हवाला देते हुए गवाही से इन्कार किया तो उसको भी आरोपी बना दिया गया। मामले की निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, चाचा- भतीजा घायल

## टनकपुर हाईवे पर थाना सुनगढ़ी क्षेत्र में डिग्री कॉलेज चौराहे के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सड़कों पर रफ्तार और गन्ना वाहनों की बेतरतीब आवाजाही जानलेवा साबित हुई। टनकपुर हाईवे पर डिग्री कॉलेज चौराहे के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौके पर मौत हो गई, जबकि चाचा और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हादसा टनकपुर बरेली हाईवे पर सोमवार सुबह 10 बजे डिग्री कॉलेज चौराहा के समीप हुआ। नौगवां चौराहा की ओर से आ रहे बाइक सवार ओवरटेक करने के दौरान गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए। बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर उसका चालक भाग निकला। कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर सुनगढी नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ पहुंच गए। एंबुलेंस से आनन-फानन में घायलों को अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सहगवां नगरिया निवासी 32 वर्षीय गोकुल प्रसाद पुत्र रूपलाल के रूप में हुई। जबकि उसका पुत्र 14 वर्षीय मयंक घायल हो गया। बाइक चला रहा युवक प्यारे लाल मृतक का छोटा भाई था। हादसे की सूचना मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। इस दौरान हाईवे पर कुछ देर आवागमन प्रभावित रहा। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


हादसे के बाद डिग्री कॉलेज के पास मौके पर मौजूद पुलिस फोर्स व दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई बाइक। ● अमृत विचार

**बेटे का फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने जा रहा था मृतक :** डिग्री कॉलेज चौराहा के पास हुए हादसे में जान गंवाने गोकुल प्रसाद अपने बेटे का फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने के लिए घर से निकले थे। हादसे में घायल प्यारे लाल ने पुलिस को बताया कि वह गोकुल प्रसाद के छोटे भाई हैं। भतीजे मयंक का नवोदय विद्यालय बीसलपुर में प्रवेश होना था। उसका मेरिट में नाम आ गया था। इसलिए सोमवार को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला अस्पताल जा रहे थे। तभी रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। ग्रामीण की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा। इधर,हादसे के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। सूचना पर टीएसआई राघुवेंद्र सिंह भी पहुंच गए। सुनगढ़ी और यातायात पुलिस ने जाम खुलवाया।

### असम हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

दूसरा हादसा, पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के नवदिया धनेशपुर गांव के पास हुआ। गांव जमुनिया खासपुर निवासी 25 वर्षीय सचिन कुमार पुत्र शेर सिंह रविवार को इसी क्षेत्र के चांट फिरोजपुर एक रिश्तेदारी में गए थे। देर शाम में वह बाइक से वापस अपने घर आ रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिय गया। सूचना पर पहुंचे परिजन का रोकर बुरा हाल रहा। पिता शेर सिंह ने बताया कि युवक की शादी दो साल पहले हुई थी। अभी उसकी कोई संतान नहीं है। युवक की मौत के बाद पत्नी राजवती का रोकर बुराहाल रहा। पूरनपुर कोतवाल पवन कुमार पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वाहन की तलाश की जा रही है।

### घर में घुसकर मारपीट, जान से मारने का प्रयास

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम लदपुरा निवासी अजय पाल पुत्र अयोध्या प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 मार्च को सुबह दस बजे गांव के सुनील, आकाश, वीरेंद्र उसके घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। उसको बचाने आए उसके पिता अयोध्या प्रसाद और मां प्रेमवती के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मां सिर दीवार में मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक को जबरन साथ ले जाने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश के रहने वाले प्यारेलाल पुत्र रामस्वरुप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र महेंद्रपाल ब्लॉक में कार्य के चलते गया था। इसके बाद क्रॉप लोन लेने के लिए बैंक गया। आरोप है कि बैंक से बाहर निकलते ही कुछ लोगों ने पुत्र को जबरन गाड़ी में खींच लिया और ले गए। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं। बैंक जाकर सीसीटीवी फुटेज चेक की गई है। इसमें युवक खुद गाड़ी में बैठता दिख रहा है। फिलहाल मामले को दिखवाया जा रहा है। उधर, दूसरे पक्ष का कहना है कि उनके रुपये युवक पर आ रहे हैं। इसी को लेकर झूठे आरोप लगाए गए हैं।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट व सदर तहसील में किया निरीक्षण


कलेक्ट्रेट में निरीक्षण के दौरान अभिलेख के संबंध में जानकारी लेते मंडलायुक्त।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी सोमवार दोपहर बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं सदर तहसील में विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों के रख-रखाव समेत उनकी गहनता से जांच की। इस दौरान उन्होंने लंबित वाद, खनन पट्टे, राजस्व वसूली विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी सोमवार दोपहर बाद पीलीभीत पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले कलेक्ट्रेट कार्यालय के राजस्व अभिलेखागार, नजारत, शस्त्र अनुभाग, सीआरए कार्यालय का निरीक्षण किया। राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस्तों के रख-रखाव एवं बस्तों को खुलवाकर अभिलेखों की गहनता जांच की। नजारत के निरीक्षण के दौरान आकस्मिक अवकाश पत्रावली, नागरिकता पत्रावली एवं अन्य महत्वपूर्ण पत्रावलियों का अवलोकन किया। सीआरए कार्यालय के निरीक्षण में दुर्घटना मुआवजा से संबंधित पत्रावलियों की जांच की। शस्त्र अनुभाग के निरीक्षण में उन्होंने असलहों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। वहीं तहसील सदर में मंडलायुक्त ने रजिस्ट्रार, कानूनगो कार्यालय, आईजीआरएस कार्यालय, संग्रह कार्यालय का निरीक्षण किया। वहीं चकबंदी से संबंधित कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एडीएम वित्त रोशनी यादव, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, नायब तहसीलदार, प्रशासनिक अधिकारी, नाजिर सहित पटल सहायक मौजूद रहे।

# तकनीकी खराबी से नहीं खुली क्रॉसिंग

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** दौलतपुर मार्ग पर रेलवे क्रासिंग से कुछ दूरी पर स्टेशन है। सवारी गाड़ियों के आने-जाने पर क्रासिंग बंद की जाती है। इस दौरान कुछ बाइकर्स फाटक के नीचे से वाहन निकालने का प्रयास करते हैं। जिससे अक्सर करंट डिस्कनेक्ट होने से तकनीकी खराबी आ जाती है। सोमवार को भी ट्रेन के आने पर ऑपरेटिंग सिग्नल गेटमैन के द्वारा फाटक करीब साढ़े दस बजे बंद किया गया। इस दौरान कई बाइकर्स गुजरते रहे। जिससे करंट डिस्कनेक्ट होने से वह खुलने में दिक्कत आई। सूचना मिलने पर टीम पहुंची और सुधार किया। करीब पौन घंटे तक क्रासिंग बंद होने से लोग परेशान हुए।

# अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** दो दिन पूर्व सड़क किनारे नवजात का शव मिलने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। चीनी पुलिस चौकी पर तैनात रोहित राठी ने दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि 28 मार्च को करीब 12 बजे वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। बिलसंडा चौराहे पर पहुंचे तो एक नवजात शिशु चौराहे पर सड़क के किनारे मृत अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम के लिए थाने पर सूचना दी गई। इस पर दरोगा विपिन कुमार बालियान मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख व एआर कोआपरेटिव रहे प्रथम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिलास्तरीय शूटिंग में 32 बोर पिस्टल और रिवाल्वर प्रतियोगिता में मारी बाजी

**अमृत विचार :** जिला रायफल क्लब के तत्वावधान में चल रही जिलास्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन . 32 बोर पिस्टल/रिवाल्वर प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जनप्रनिधियों से लेकर अफसरों, महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधि वर्ग में ललौरीखेड़ा ब्लाक अजय सिंह गंगवार एवं अधिकारी वर्ग में सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार टॉप पर रहे।

वहीं महिला वर्ग में अंतिमा सिंह एवं ओपन वर्ग में फैजान साबिर ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ होगा।


प्रतिभाग करते ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा।

पुलिस लाइन स्थित शूटिंग रेंज में चल रही तीन दिवसीय जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता के तहत सोमवार को 32 बोर पिस्टल/रिवाल्वर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में हाथ आजमाए। मुख्य अतिथि के तौर पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद मौजूद रहे। बरखेड़ा विधायक समेत पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह समेत प्रतिभागियों ने .32 बोर रिवाल्वर/पिस्टल से निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे दिन हुई प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें जनप्रतिनिधि वर्ग में ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार पहले स्थान पर रहे। जबकि गुलड़िया भिंडारा चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। वहीं अधिकारी वर्ग में सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर एवं पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता पवन कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जूनियर बालक वर्ग प्रजीत शुक्ला, आर्यन सिंह चौहान, पृथ्वी देव सिंह, जूनियर बालिका वर्ग में आयरा अल्वी एंजिनला तैय्यब क्रमश पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहीं। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# कक्षा आठ तक का सिलेबस जारी, कक्षा नौ का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नए शिक्षा सत्र की दस्तक के साथ ही शिक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था की तस्वीर उजागर होने लगी है। नई शिक्षा नीति के तहत किए गए बदलावों के बीच एनसीईआरटी की ओर से कक्षा आठ तक का सिलेबस तो जारी कर दिया गया है, लेकिन कक्षा नौ का सिलेबस अब तक अधर में है। समस्या यह है कि बदले हुए पाठ्यक्रम के अनुरूप किताबें अभी तक बाजार में उपलब्ध नहीं हो सकी हैं, जिससे छात्र-छात्राएं असमंजस और परेशानी के दौर से गुजर रहे हैं। एक अप्रैल से शैक्षिक सत्र शुरू होने जा रहा है, ऐसे में स्कूल प्रबंधन भी तैयारियों को लेकर उलझन में हैं। हालांकि अधिकतर स्कूलों ने एनसीआरटी को दरकिनार किया हुआ है। जिन कक्षाओं को सिलबेस जारी हो चुका है। वह भी निजी पब्लिकेशन की किताबें चला रहा है। ऐसे में अभिभावकों के सामने भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता गहराती जा रही है।

बता दें जिले में सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत 32 निजी विद्यालय संचालित हो रहे हैं। कक्षा एक से 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही है। 10 वीं और 12 वीं को छोड़कर अन्य कक्षाओं की परीक्षा पूर्ण होने के बाद रिजल्ट घोषित कर दिए गए हैं। अब एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र लागू होने जा रहा है। इसको लेकर स्कूलों की तैयारियां पूरी कर ली गई है। नई शिक्षा नीति के तहत अब स्कूलों में सिलेबस में बदलाव कर दिया गया है। एनसीईआरटी की ओर से कक्षा एक से आठ तक की किताबें जारी कर दी गई है। मगर, अभी तक एनसीआरटी की ओर से कक्षा नौ और 11 का सिलेबस का पब्लिकेशन नहीं आ सका है। सिर्फ एनसीआरटी की ओर से सोशल साइंस और कुछ विषयों की सॉफ्ट कॉपी जारी की गई है। जिसके आधार पर स्कूल प्रबंधन पढ़ाने की बात कह रहे हैं। पिछले वर्ष कक्षा आठ के छात्रों को सितंबर तक किताबों के लिए इंतजार करना पड़ा था, और अब वही स्थिति दोहराने की आशंका गहराने लगी है। इससे छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच असमंजस का माहौल बन गया है। इधर, कुछ निजी पब्लिकेशन ने अपनी किताबें बाजार में उतार दी है। जिनको कई स्कूलों ने अपने स्कूलों में लागू कर दिया है। हालांकि स्कूल प्रबंधन एनसीईआरटी चलाने की बात कह रहे हैं।

### कोर्स स्लिप दी, डीलर ने कॉल कर साधा संपर्क

बता दें कि कक्षा एक से आठ तक का एनसीआरटी ने सिलेबस जारी कर दिया है। इसके बाद भी कुछ निजी स्कूल निजी पब्लिकेशन की किताबें चला रहे हैं। एक अभिभावक ने नाम न छापने की गुजारिश पर बताया कि उनका बेटा कक्षा पांच में पढ़ाई करता है। उन्हें स्कूल की ओर से कोर्स की स्लिप दी गई थी। साथ ही किताबों के डीलर के पास से भी कॉल आई थी। जब वह कोर्स लेने के लिए पहुंचे तो कोर्स में एक भी किताब एनसीआरटी की शामिल नहीं है। जबकि एनसीआरटी के लिए ही निजी स्कूल बाध्य है। मगर इसके बाद भी उनकी मनमानी चल रही है। कक्षा पांच का कोर्स सात हजार रुपये का दिया गया है। हिंदी व्याकरण की किताब 450 रुपये की दी जा रही है, जबकि एनसीआरटी में किताब करीब 100 रुपये की है। यहीं हाल अन्य किताबों का है।



शासन के निर्देशानुसार समस्त स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों का संचालन किया जाना है। इसे लेकर पूर्व में भी स्कूल प्रबंधकों को निर्देशित कर दिया गया है। कहीं से कोई निजी पब्लिकेशन से जुड़ी शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। 1 अप्रैल से टीमें बनाकर चेकिंग कराई जाएगी। -**राजीव कुमार**, डीआईओएस

जाम का झाम

बिना पार्किंग के प्रतिष्ठान बिगाड़ रहे शहर का ट्रैफिक सिस्टम

# पार्किंग स्थल की मांग को हुए आंदोलन भी रहे बेअसर

- सड़क पर ही बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन, यातायात कैसे सुधरें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों पर फैला जाम दशकों से राहगीरों के लिए समस्या का सबब बना हुआ है। इसके समाधान के लिए दावों के सिवाए कुछ नहीं हो सका है। एक तरफ सड़कों पर फैले अतिक्रमण की बदहाल तस्वीर तो हैं ही। वहीं, इसके पीछे एक दूसरी वजह बिना पार्किंग के संचालित हो रहे प्रतिष्ठान भी है। नगर पालिका और प्रशासन के स्तर से पार्किंग स्थल को लेकर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका है। ऐसा भी नहीं कि इसे लेकर आंदोलन नहीं हुए। पिछले साल ही हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर कई बार धरना प्रदर्शन किया, जाम लगाया लेकिन आश्वासन और चिन्हीकरण के नाम पर कार्रवाई सिमटकर रह गई। इस दिशा में अब किसी का कोई ध्यान नहीं है। आलम ये रहा कि सिस्टम की अनदेखी के चलते पार्किंग स्थल की मांग उठाने वालों को भी बिना समाधान संतोष करना पड़ा है। शहर की एक मुख्य समस्या की बात करें तो वह है दिन में कई बार सड़कों पर लगने वाला जाम। अतिक्रमण से सिकुड़ चुकी सड़कों पर वाहनों की बेतरतीब पार्किंग ने हालात बिगाड़ कर रख दिए हैं। फिर चाहे कभी नो पार्किंग जोन कही जाने वाली गांधी स्टेडियम रोड हो या फिर प्रमुख रेलवे स्टेशन मार्ग। शहर की सड़कों से लेकर हाईवे तक व्यवसायिक प्रतिष्ठान, बैंक, अस्पताल, होटल अधिकांश के पास पार्किंग की पुख्ता जगह ही नहीं है। जिसकी वजह से फुटपाथ से लेकर सड़क तक बेतरतीब तरीके से वाहनों को पार्क किया जा रहा है। ये समस्या दोपहर के वक्त अधिक भीषण उस वक्त हो जाती है, जब स्कूली बच्चों को भी जाम में फंसकर घंटों परेशान होना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए वैसे तो कई बार बैठकों में मुद्दे उठे। मगर, बीते साल अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने प्रमुखता से उठाया। कई बार ज्ञापन दिए गए। धरना प्रदर्शन से लेकर जाम तक लगाया गया। कलेक्ट्रेट में विरोध स्वरुप हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया। जिसके बाद जिम्मेदारों ने न सिर्फ आश्वासन दिया बल्कि समस्या के समाधान के लिए दौड़-भाग भी की गई। पुरानी तहसील, लाल रोडपर खाली पड़ी जगह समेत चार -पांच स्थान भी सुझाव के तौर पर दिए गए, जहां पर पार्किंग स्थल बनाए जा सकते थे। पार्किंग स्थल की मुहिम ठंडे बस्ते में डाल दी गई। अधिकारियों के तबादले हो गए और फिर इस मुद्दे पर किए गए आंदोलन बेअसर साबित हुए।


मुख्य बाजार में दुकानों के बाहर इस तरह खड़े होते हैं वाहन। ● अमृत विचार

### पार्किंग बनी न वेडिंग जोन, लगे कूड़े के ढेर

पार्किंग स्थल की मांग को लेकर पिछले साल लाल रोड पर जिस खाली पड़ी जगह को चिन्हित करने के लिए मांग रखी गई थी। वहां पर नगर पालिका की ओर से वेडिंग जोन बनाने का निर्णय ले लिया गया। बकायदा वहां पर बोर्ड लगा दिया गया और रेहड़ी पटरी वालों के पंजीकरण भी किए गए। मगर ये मुहिम भी पूरी नहीं हो सकी। इस स्थान पर न तो पार्किंग स्थल बना न ही वेडिंग जोन। अब पुन: गंदगी के ढेर लगाए जा रहे हैं।



शहर में पार्किंग स्थल की आवश्यकता है। संगठन की ओर से ये मुद्दा जोरशोर से उठाया गया था। मगर, उस पर प्रशासन के स्तर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इस मुद्दे को फिर से उठाया जाएगा। -**संजीव मिश्रा**, प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारत हिंदू महासभा

## न्यूज ब्रीफ

### पेंडिल छीनकर भागे उचक्के को पुलिस को सौंपा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सोमवार को पौराणिक शिव मंदिर पर मुंडन कराने आई थाना फरधान क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी कल्पना पत्नी लवकुश ने पुलिस में दी तहरीर में बताया है कि मुंडन कराने के बाद वह तीर्थ बाजार होकर घर के लिए वापस जा रही थी। तभी एक उचक्के ने उनके गले से पेंडिल झपट लिया और भागने लगा। शोर मचाने पर उसके परिजनों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। महिला ने बताया कि उचक्के के साथ दो-तीन लोग और थे वह वह भाग गए।

### बकरी को लेकर विवाद में भाभी को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली मोहम्मदी के गांव नयागांव निवासी कुमकुम पत्नी अनिल ने बताया कि रविवार को वह घर पर खाना बना रही थी। इसी दौरान उसका देवर बकरा-बकरी खोलकर ले जाने शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया तो गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

# कागजों में खुले केंद्र, जमीन पर सन्नाटा पसरा

## गेहूं खरीद: गेहूं की आवक न होने से खरीद शून्य, पहले दिन कहीं सिर्फ बैनर तो कहीं केंद्र का पता नहीं

- इस बार गेहूं खरीद मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं खरीद केंद्रों के संचालन को लेकर प्रशासनिक दावे और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर अधिकारियों ने सोमवार से सभी खरीद केंद्रों के शुरू होने का दावा किया, वहीं अधिकांश केंद्रों पर न तो आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी हैं और न ही खरीद प्रक्रिया शुरू हो सकी है। इससे किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

गेहूं खरीद के लिए शहर समेत जिले में 134 केंद्र बनाए गए हैं। इस बार गेहूं का खरीद मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो पिछले साल से 160 रुपये अधिक है। जिले में 7 हजार किसानों ने अब तक पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा लिया है। गेहूं खरीद के पहले दिन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ताल करने पर सामने आया कि कई स्थानों पर केवल औपचारिकता निभाने के लिए बैनर जरूर लगा दिए गए हैं, लेकिन अधिकांश केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।



पलिया के गेहूं क्रय केंद्रों पर छाया सन्नाटा। ● अमृत विचार



गोला में मंडी समिति में गेहूं खरीद केंद्र पर टंगा बैनर। ● अमृत विचार

### पलिया के गेहूं क्रय केंद्रों पर आधी-अधूरी तैयारियां

- पहले दिन केवल बैनर टंगे, आवक नहीं

**पलिया कलां।** संपूर्णानगर रोड पर स्थित मंडी समिति में विभिन्न एजेंसियों के बनाए गए नौ गेहूं खरीद केंद्रों में किसी पर भी तैयारी पूरी नहीं मिली। पहले दिन आवक न होने के चलते गेहूं खरीद शुरू नहीं हो सकी। केंद्रों पर पहले दिन केवल बैनर टंगें दिखाई दिए। वहां न तो कांटे लगाए गए और न गेहूं भरने के लिए बोरों की ही व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं क्रय केंद्रों के आसपास न तो साफ- सफाई दिखी और न किसानों के बैठने और पेयजल की व्यवस्था ही। पहले से गेहूं बिक्री पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने वाले क्षेत्र के अनेक गेहूं उत्पादक किसान, मंडी समिति के क्रय केंद्रों पर पहुंच खरीद संबंधी जानकारी कर बैरंग होते देखे गए। उधर, मार्केटिंग इंस्पेक्टर कृष्ण प्रकाश ने बताया कि पलिया में बनाए गए नौ गेहूं खरीद केंद्रों में आरएफसी के पांच, पीसीयू के तीन और यूकेएसएस एजेंसी का एक गेहूं खरीद केंद्र खोला गया है। जिसके लिए बैनर टंग गए हैं और कांटे ठीक करा बोरियों की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई वर्षा के कारण इस क्षेत्र में गेहूं की कटाई लेट है और नमी भी है। सूखा व साफ गेहूं की आवक 10 अप्रैल तक होने की उम्मीद है।

कई केंद्रों पर न तो चौकीदार की तैनाती की गई है और न ही गेहूं तौल के लिए आवश्यक बोरी, कांटा (तराजू) और अन्य उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। ऐसे में केंद्र खुलने के बावजूद खरीद कार्य शुरू होना संभव नहीं हो पाया है। शासन के निर्देश पर पीसीएफ, यूपी एग्रो, कल्याण निगम और भारतीय खाद्य निगम के तहत संचालित खरीद केंद्रों को सक्रिय किया जाना था, लेकिन हकीकत यह है कि इन एजेंसियों के अधिकतर केंद्र अभी पूरी तरह तैयार नहीं हैं। केवल विपणन शाखा के कुछ केंद्रों पर ही बैनर लगाए गए हैं, जहां सीमित स्तर पर तैयारियां दिखाई दीं। खरीद के पहले दिन जिले के किसी भी केंद्र पर गेहूं की खरीद नहीं हो सकी। प्रशासनिक स्तर पर इसे लेकर स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है।

**गेहूं की खरीद कहां होगी, इसकी तक जानकारी नहीं :** किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या जानकारी की कमी को लेकर है। उन्हें यह तो पता चल गया है कि खरीद केंद्र खुल गए हैं, लेकिन उनके क्षेत्र में गेहूं की खरीद किस स्थान पर होगी, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। इससे किसान इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

### खरीद केंद्रों की स्थिति

जिले में खरीद केंद्र – 134

खरीद मूल्य– 2,585 रुपये प्रति क्विंटल

> अभी तक किसी भी केंद्र से गेहूं खरीद की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। शासन के निर्देशानुसार सभी केंद्र प्रभारियों को खरीद केंद्र खोलने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही हर जगह तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। **-नमन पांडेय,** जिला खाद्य विपणन अधिकारी

# 3.47 लाख कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

- जनपद में अब केवल 2,106 उत्तर पुस्तिकाएं शेष

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन में जिले ने अंतिम चरण में तेज रफ्तार पकड़ ली है। अब तक 3,47,088 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है, जबकि केवल 2,106 कॉपियां शेष रह गई हैं। वही जिले के दो केंद्रों पर कार्य शत प्रतिशत पूरा हो चुका है। जिले में बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन लगभग पूरा कार्य समाप्ति के करीब पहुंच चुका है। मंडल स्तर पर भी मूल्यांकन 97.09 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जिससे जल्द ही पूरे कार्य के समाप्त होने की उम्मीद है।

खीरी में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अब अंतिम दौर में पहुंच गया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार जनपद में 3,47,088 कॉपियों की जांच पूरी कर ली गई है, जबकि मात्र 2,106 कॉपियां शेष हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि अगले एक-दो दिनों में जिले का पूरा मूल्यांकन कार्य समाप्त हो जाएगा। इससे पहले ही जिले के कई मूल्यांकन केन्द्रों पर कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है, जबकि शेष केन्द्रों पर भी तेजी से कॉपियों की जांच की जा रही है। परीक्षकों की बढ़ी हुई उपस्थिति और बेहतर समन्वय के चलते मूल्यांकन कार्य ने रफ्तार पकड़ी है।

मंडलीय कन्ट्रोल रूम के नोडल डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि खीरी सहित पूरे लखनऊ मण्डल में मूल्यांकन कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि मण्डल में अब तक कुल 23,03,493 उत्तर पुस्तिकाओं में से 22,36,564 का मूल्यांकन किया जा चुका है, जो 97.09 प्रतिशत है। उन्होंने जानकारी दी कि सोमवार को मण्डल के नौ मूल्यांकन केंद्र पर शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है, जबकि अब 14 केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य चल रहा है।

उन्होंने बताया कि शेष 66,929 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से कराया जा रहा है और सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि गुणवत्ता व गोपनीयता बनाए रखते हुए जल्द से जल्द कार्य पूरा किया जाए। वहीं उन्होंने बताया कि खीरी जिले की प्रगति को देखते हुए जिले को मूल्यांकन पूरा करने वाले अग्रणी जनपदों में माना जा रहा है।

# चैती मेले में बिना एनओसी के झूलों पर लगी रोक

- नगर पालिका परिषद के ईओ ने कार्रवाई के लिए पुलिस को भेजा पत्र

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** चैती मेला में बिना एनओसी के लगे झूलों पर नगर पालिका परिषद ने पाबंदी लगा दी है। तत्काल प्रभाव से झूलों का संचालन रोकने के लिए ईओ ने कोतवाली पुलिस को पत्र भेजा है। मेले में एक दिन झूले संचालित हो पाए, जिससे युवाओं व बच्चों में निराशा है।

ऐतिहासिक चैती मेले का आरंभ 28 मार्च शनिवार को सीडीओ, एसपी ने फीता काटकर किया था। मेले में लगे तमाम प्रकार के बड़े झूले केवल रविवार को ही संचालित हो पाए। सोमवार को झूले के संचालन पर पाबंदी लगा दी गई, जिससे युवाओं और बच्चों में निराशा है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने झूला संचालक को नोटिस जारी कर कहा है कि सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा उप्र शासन द्वारा मेला चैती परिसर में लगाये गये झूले का एसडीओ अजय कुमार यादव उपखंड गोला, जेई धर्मेन्द्र सिंह, जेई आदर्श मिश्रा द्वारा निरीक्षण कराया गया, जिसमें झूले के लिए प्रयोग होने वाले 40 केवीए जनरेटर व 25 किलोवाट लोड के अस्थाई विद्युत भार के लिए निरीक्षण शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करके एवं कार्यपूरक प्रमाण पत्र के साथ देने का निर्देश दिया, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया। इसलिए झूले का संचालन रोका है। झूला संचालक छोटे सोनी से अधिशासी अभियन्ता लोनिवि ने झूले का गुणवत्ता प्रमाण पत्र, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र, विद्युत सुरक्षा संबंधित प्रमाण पत्र, मुख्य अग्निशमन अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर पालिका परिषद को अवगत कराने का निर्देश दिया है। झूला संचालक छोटे सोनी ने बताया कि वह चैती मेला में कई वर्षों से झूले लगा रहे हैं। इससे पहले उन्हें कभी प्रमाण पत्रों की जरूरत नहीं पड़ी। यदि ऐसे निर्देश थे तो झूला लगाने से पहले नगर पालिका द्वारा उन्हें अवगत कराना चाहिए था।



मेला मैदान में बंद पड़ा झूला।

### नोटिस में झूला संचालक का बदला है नाम

नगर पालिका परिषद द्वारा झूला संचालक को जारी नोटिस में संचालक का नाम छोटे सोनी है, लेकिन जारी नोटिस में नाम आनंद सोनी लिखा है। जारी नोटिस पर दर्ज गलत नाम चर्चा का विषय बना है। सभासद आनंद सोनी से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि उन्हें झूलों से कोई लेना देना नहीं है। ईओ संजय कुमार ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट में जो नाम दिया गया था उसी अनुरूप नोटिस जारी किया गया है।

# हनुमान जन्मोत्सव को लेकर अंतिम चरण में तैयारियां

- 31 को निकाली जाएगी बाइक जनसंपर्क यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति 25वीं रजत जयंती मना रहा है। इसको लेकर हनुमान पद यात्रा को भव्य बनाने की तैयारी जोरों पर हैं। मंगलवार शाम शहर के विलोबी मैदान से बाइक जनसंपर्क यात्रा निकाली जाएगी। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर समिति की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

आयोजन समिति ने तैयरियों को लेकर बाला जी मंदिर पर एक पत्रकार वार्ता आयोजित की। समिति संरक्षक सदर विधायक योगेश वर्मा और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि आज हम सभी 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा का उत्सव मना रहे हैं। वर्ष 2000 में जब साधन सीमित थे और संकल्प अटूट था। तब हनुमान जी में आस्था रखने वाले पांच समर्पित लोगों विमल अग्रवाल, दीपक खरे, राजेंद्र शर्मा, कानमन जैन और संजय निमानी ने पैदल यात्रा कर भक्ति का एक दीप प्रज्वलित किया था। इस यात्रा को आज 25 वर्ष पूरे होने पर इसे रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को शाम 5 बजे विलोबी मैदान से बाइक संपर्क यात्रा निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान सुधीर अग्रवाल, राजू अग्रवाल, रघुनाथ प्रसाद, प्रमोद अग्रवाल, नरेश मित्ताा, भंवरलाल, जगन्नाथ प्रसाद, महावीर प्रसाद, राजेश पटेल, राबिन गुप्ता आदि मौजूद रहे। उधर हनुमान पद यात्रा को लेकर शहर से लेकर बाला जी मंदिर गुलरीपुरवा तक साज-सज्जा का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है।



कार्यक्रमों की जानकारी देते सदर विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

### अयोध्या की तर्ज पर भव्य मंदिर स्थापित करने की योजना

समिति संरक्षक एवं सदर विधायक योगेश वर्मा ने बताया कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव को विशेष रूप से भव्य स्वरूप दिया जाएगा, क्योंकि यह आयोजन की 25वीं रजत जयंती है। आयोजन समिति ने एक बड़ा सपना संजोया है कि अयोध्या की तर्ज पर बाला जी का भव्य मंदिर निर्माण कराया जाए। इसके लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं और मंदिर निर्माण की दिशा में प्रयास तेज कर दिए गए हैं। विधायक ने बताया कि फिलहाल जमीन को लेकर कुछ अड़चनें आ रही हैं, लेकिन इस संबंध में वार्ता जारी है और जल्द ही समाधान निकलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास जताया कि बाला जी की कृपा से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

### एक नजर में कार्यक्रम

**एक अप्रैल :** शाम 7 :30 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा, जो जहां पर होगा वहीं अपने स्थान पर खड़े होकर पाठ करेगा। रात 8 :30 बजे श्रीराम चौक (सदर चौराहा) पर महाआरती होगी। सभी हनुमान भक्त कार्यक्रम स्थल पर आरती की थाल सजाकर लाएंगे। धार्मिक झांकी और फूलों की होली खेली जाएगी, नासिक के ढोल नगाढ़ों व कलाकार शामिल होंगे। शाम 6 बजे से 9 बजे श्रीराम चौक दीप जलाए जाएंगे। आयोजन समिति ने सभी लोगों से शाम 7 बजे से अपने घर व प्रतिष्ठानों पर दीप जलाने की अपील की है।

**दो अप्रैल :** सुबह 6 बजे पुरानी गल्ला मंडी स्थित सुभाष पार्क से भव्य कीर्तनमयी पदयात्रा शुरू होगी, जो नगर का भ्रमण करते हुए गुलरीपुरवा हनुमान मंदिर सीतापुर रोड ओयल तक जाएगी।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र के गांव सरेली निवासी छोटे लाल (25) की रविवार को घर पर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के भाई सहज राम ने बताया कि 4 मार्च को गांव का एक युवक छोटेलाल को बुलाकर ले गया था। इसके बाद संदिग्ध हालात में उसको घर छोड़ गया। छोटेलाल की हालत में सुधार नहीं हुआ, इलाज जिला अस्पताल से लेकर लखनऊ तक कराया गया, कोई फायदा न होते देख परिजन 27 मार्च को छोटेलाल को घर ले आए। रविवार शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह साफ हो सकेगी।

# शिक्षिका से अफसर बनीं अपर्णा सिंह

- अथक मेहनत ने दिलाई पीसीएस में सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले की बेटी अपर्णा सिंह ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्पष्ट लक्ष्य और सच्ची मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की संयुक्त राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 में सफलता हासिल कर खीरी जिले का नाम रोशन किया है। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।



अपर्णा सिंह।

अपर्णा सिंह का चयन कार्य अधिकारी, पंचायती राज विभाग के पद पर हुआ है, जो उनकी वर्षों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अपनी शिक्षा रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, अजमेर से प्राप्त की। वर्तमान में वह भगवान दीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, लखीमपुर में विज्ञान शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। अपर्णा की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, पति पुनीत कुमार, गुरुजनों और अपनी अथक मेहनत को दिया है। उनके पति पुनीत कुमार, जो एनएचएआई में अधिशासी अभियंता हैं, ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया।

### शिक्षिका से प्रशासनिक अधिकारी तक का सफर

अपर्णा सिंह वर्तमान में भगवान दीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज लखीमपुर में विज्ञान शिक्षिका हैं। शिक्षण कार्य के साथ-साथ उन्होंने निरंतर पीसीएस परीक्षा की तैयारी जारी रखी और वर्ष 2024 में सफलता हासिल की। उनकी यह उपलब्धि दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### ससुरालियों ने दहेज के लिए महिला को पीटा

**निघासन।** थाना क्षेत्र के गांव लुधौरी के मजरा सहतेपुरवा निवासी रामकली ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सावित्री देवी की शादी करीब चार वर्ष पूर्व नीरज पुत्र गोकेल निवासी विशनूपुरवा मजरा मूड़ाबुजुर्ग के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष बाइक की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर पति, ससुर गोकेल, सास रत्ती देवी, देवर सोनू व देवरानी गीतापाली ने सावित्री देवी को प्रताड़ित करने लगे। शनिवार शाम उसे बेल्ट और लात-घूंसों से पीटा और जान से मारने की कोशिश की। किसी तरह वह जान बचाकर मायके पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जेब पर बोझ** एक अप्रैल से नई दरें होंगी लागू, सड़क मार्ग से सफर आम लोगों के लिए और महंगा हो गया

# एक साल में तीसरी बार बढ़ीं टोल शुल्क की दरें

कार्यालय संवाददाता, मैंगलगंज (खीरी)

**अमृत विचार:** कस्बे से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) पर स्थित टोल प्लाजा की दरों में एक वर्ष के भीतर तीसरी बार बढ़ोतरी कर दी गई है। नई दरें पहली अप्रैल से लागू होंगी। टोल शुल्क बढ़ने से सड़क मार्ग से सफर अब आम लोगों के लिए और महंगा हो गया है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क में लगभग पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है। इसी क्रम में मैंगलगंज टोल प्लाजा पर भी नई दरें लागू की जा रही हैं। बताया गया है कि कुछ माह पूर्व लागू किए गए वार्षिक फास्टैग पास की कीमत 3000 रुपये तय की गई थी, जो 200 यात्राओं या एक वर्ष (जो पहले हो) तक मान्य था। अब इसके शुल्क में 75 रुपये की बढ़ोतरी कर इसे 3075 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा, टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए जारी मासिक पास भी महंगा कर दिया गया है। पहले यह शुल्क 340 रुपये था, जिसे बढ़ाकर 350 रुपये किया गया और अब 360 रुपये कर दिया गया है। यह सुविधा केवल गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। लगातार बढ़ती टोल दरों से स्थानीय व्यापारियों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि बार-बार हो रही बढ़ोतरी से उनकी दैनिक लागत बढ़ रही है और आर्थिक बोझ भी बढ़ता जा रहा है।



लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाइवे स्थित टोल प्लाजा। ● अमृत विचार

> टोल शुल्क में यह वृद्धि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार की गई है, जो हर वर्ष पहली अप्रैल से देशभर में लागू होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में की गई बढ़ोतरी नए पुलों और संरचनाओं के चालू होने के बाद लागू की गई थी। **-ब्रजेश सिंह,** एनएचएआईटी मैनेजर टोल प्लाजा मैंगलगंज

### इस प्रकार हैं नई टोल दरें

- कार/जीप/वैन : 140 रुपये (कोई परिवर्तन नहीं)
- एलसीवी : 225 से बढ़कर 230 रुपये
- बस/ट्रक : 470 से बढ़कर 480 रुपये
- ट्रिपल एक्सल : 515 से बढ़कर 525 रुपये
- चार/छह एक्सल : 735 से बढ़कर 755 रुपये
- सात या अधिक एक्सल : 895 से बढ़कर 920 रुपये



अब्दुल्लानगर पिहानी (हरदोई) निवासी कस्बे में क्लानिक संचालक डॉ. सचिन गुप्ता कहते हैं कि रोजाना टोल से आते-जाते हैं। 20 किमी के अंतर्गत गांव का जो मासिक पास बनता है, उनमें आए दिन बढ़ोतरी की जा रही है, जबकि कोई भी मासिक शुल्क नहीं होना चाहिए। हर वर्ष बढ़ोतरी नहीं करनी चाहिए



थोक किराना व्यापारी ललित गुप्ता कहते हैं कि टोल दरों में लगातार बढ़ोतरी से माल ढुलाई का खर्च काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर किराना सामान की कीमतों पर पड़ रहा है। आखिरकार इसका बोझ आम ग्राहकों को ही उठाना पड़ता है, जिससे बाजार में भी असर देखने को मिलता है।



किसान नेता श्यामू शुक्ला कहते हैं कि टोल दरों में बार-बार बढ़ोतरी किसानों के लिए चिंता का विषय है। पहले से ही खेती की लागत बढ़ी हुई है। ऐसे में परिवहन खर्च बढ़ने से किसानों की आय पर सीधा असर पड़ रहा है। केंद्र सरकार को इस फैसले पर दोबारा से विचार करना चाहिए।

RMC BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सविसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हेल्थ स्कीम
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

न्यूज ब्रीफ

## घास लेकर लौट रहा किशोर घाघरा में डूबा

**धौरहरा, अमृत विचार :** ईसानगर थाना क्षेत्र के कबिरहा गांव निवासी ललित (15) पुत्र दिनेश, सोमवार शाम करीब छह बजे घास काटकर लौटते समय ढुठवा मेला स्थल के पास घाघरा नदी में नहाने लगा। वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल ईसानगर थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निर्मल तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश शुरू कराई। देर रात तक चले रेस्क्यू अभियान के बावजूद किशोर का कोई पता नहीं चल सका।

## पेंशनर्स कल्याण संस्था की बैठक कल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था जनपद शाखा की बैठक एवं ईद मिलन समारोह पहली अप्रैल को सुबह 10 :30 बजे से पेंशनर्स भवन जिला कोषागार परिसर में आयोजित होगा। संस्था के महामंत्री नरेश चंद्र वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ओपी श्रीवास्तव करेंगे। बैठक का आरंभ अशोक कुमार श्रीवास्तव सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ करेंगे। पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाई जाएगी। अप्रैल जन्म लेने वाले सदस्यों का जन्ममाह मनाकर उन्हें मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया जाएगा।

# स्थानीय गायकों के भजनों से भक्तिमय हुई छोटी काशी

### ऐतिहासिक चैती मेला के दूसरे दिन कलाकारों से सुशोभित रहा सांस्कृतिक मंच

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के द्वितीय दिवस सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या में मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुन्नूलाल कनौजिया, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता पवन श्यामडवाल, सेवानिवृत शिक्षक पुत्तूलाल वर्मा, रामश्री विद्यालय के प्रबंधक संजय शुक्ला, इण्डियन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रामनरेश वर्मा, वायुसेना के रिटायर्ड सार्जेन्ट त्रिलोकी नाथ त्रिवेदी, कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी डीपी श्रीवास्तव एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया।


गोला के चैती मेला के मंच पर दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि। ● अमृत विचार


वाद्य यंत्रों के साथ भजन गाते गायक। ● अमृत विचार

गायक आदेश राजपूत ने गणेश वंदना से भजन संध्या की शुरुआत की। मेरे लाड़ले गणेश, प्यारे प्यारे भोले बाबा जी के आंखों के तारे, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में। गायक अंगद वाली ने सुनाया-तेरा दर तो हकीकत में जन्नत का नजारा है कलयुग में शिवयोग आया है। महादेव यह तेरा रचाया है, मैं भोले का दीवाना दीवाना भोले को मांगता हूं। अनिल ने जय जय बजरंगबली हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसिया रे यह जो केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम। दिनेश ने छाप तिलक सब चीनी रे मुझसे नैना मिलाइके।

गायिका अंशिका दीक्षित ने कभी राम बनके कभी श्याम बनके चले आना प्रभु जी चले आना। वृंदावन जाउंगी सखी री वृंदावन जाउंगी। गायक आकाश मिश्रा ने देना है तो दीजिए जनम जनम का साथ और किसने सजाया आपको सांवरे सरकार और बाबा कृपा लूटने लगा है मुझको काशी बुलाने लगा है। निर्मल राठौर ने मेरे प्रभु जानते बात घट घट की, बजाएजा तू प्यारे हनुमान चुटकी। राहुल कुमार ने तेरा दर तो दुखियों का ठिकाना है। आदि अनेक भजनों से श्रोता भावविभोर हो गए। सभासद नानक चन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, हर्ष अवस्थी, सेन्ट्रल बार संघ महामंत्री संदीप अवस्थी, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, एसआई संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, अवर अभियंता आदर्श मिश्रा, अनिल यादव, आरआई अब्दुल रहमान अंसारी, लेखाकार मोहित अवस्थी, रामसिंह, अंकित गुप्ता, विमलेश वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, लवकुश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

**चैती मेला में आज**

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 31 मार्च मंगलवार को लोक नृत्य एवं लोक गायन की प्रस्तुति शाम 7 बजे से।

## जमीन की रंजिश में की मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव इंद्रा कला की रहने वाली मखाना देवी ने बताया कि रविवार को उसके पति देशराज खेत देखने के लिए गए थे। खेत पर पहुंचने पर देखा कि गांव के ही रहने वाले लक्ष्मीनारायण, कौशल किशोर, राजवीर सिंह और मनोज कुमार विवादित जमीन को जोत रहे थे। उनके पति देशराज ने जब खेत जोतने का विरोध किया तो आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके पति की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पति की बाइक भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी।

हमले में देशराज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर वह गांव और अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंची और किसी तरह से अपने पति को आरोपियों से छुड़ाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट के दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## झाऊपुर के पीएमश्री विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव


झाऊपुर के स्कूल के वार्षिकोत्सव में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर मन मोहा

**अमृत विचारः** ब्लॉक कुंभी गोला की ग्राम पंचायत ग्रंट लंदनपुर स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय झाऊपुर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि ग्रन्ट लन्दनपुर आलोक जायसवाल ने किया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार वर्मा, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि शिक्षा मानव जीवन की आधारशिला है और व्यक्ति के व्यक्तिगत, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।संचालन कर रहे प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विजयपाल वर्मा ने भी शिक्षा को अनमोल बताते हुए कहा कि इसे प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

वार्षिकोत्सव में प्रधानाध्यापक रावेंद्र कुमार, सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार, नीलम कुमारी मिश्रा, ममता कनौजिया, नीरज अवस्थी, शाहनवाज खान, बेबी वर्मा, ज्योति वर्मा, प्रियम शुक्ला, जितेंद्र सिंह सहित अभिभावक और छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

## पिटाई कर फूल-प्रसाद की दुकान में की तोड़फोड़

गोला गोकर्णनाथ,

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के हफीजपुर गांव निवासी अरुण कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार 30 मार्च की दोपहर कुछ लोग उसकी दुकान पर आए और दुकान न लगाए जाने की धमकी देते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इस बात का विरोध करने पर पर उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी और उनमें से एक ने ईंट से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आरोप है कि मारपीट करने वालों ने दुकान में तोड़फोड़ कर सामान इधर उधर फेंक दिया, जिससे दुकान पर रखी प्रसाद की 70 से 80 किलो मिठाई खराब हो गई। यह भी आरोप लगाया कि उन लोगों ने 2400 रुपए और मोबाइल छीन लिया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है। दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया है। विधिक कार्यवाही की जाएगी।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता
क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# कार्यक्रम में 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

● 345 को दिए स्मार्टफोन, कलेक्ट्रेट सभागार में दिखी खुशियों की झलक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन की लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी और सुनी गई। पूरे आयोजन का सफल संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने किया। इस दौरान 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए।


नियुक्त पत्रों के साथ आंगनबाड़ी सहायिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से 1265 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही 345 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन, 613 आंगनबाड़ी केंद्रों को फर्नीचर व प्री-स्कूल किट तथा 16 परियोजना कार्यालयों को आधार पंजीकरण मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जिले के 66 नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण किया। सभागार में मौजूद कार्यकत्रियों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ लाइव कार्यक्रम देखा। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वास्थ्य योजनाओं की रीढ़ हैं। स्मार्टफोन मिलने से डेटा अपडेट, योजनाओं की निगरानी और लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचाना आसान होगा। सरकार आंगनबाड़ी सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में काम कर रही है। डीपीओ भारत प्रसाद ने बताया कि जिले की 16 परियोजनाओं में कुल 1,406 रिक्त पदों के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1,265 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। निधासन परियोजना में सर्वाधिक 172, लखीमपुर में 107 और ईसानगर में 110 सहायिकाओं का चयन हुआ। इससे पूर्व लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी की 9 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र और 20 कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन भी वितरित किए थे।

### डीएम ने दी जिम्मेदारी निभाने की सीख

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नवनियुक्त सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कंधों पर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े अहम दायित्व हैं। उन्होंने सभी से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपील की। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बच्चों के सर्वांगीण विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण साबित होगी।

### फोन न उठाने पर भड़के विधायक

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम उस वक्त विवादों में घिर गया, जब सदर विधायक योगेश वर्मा नाराज होकर कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर लौट गए। बताया जा रहा है कि विधायक की नाराजगी जिला कार्यक्रम अधिकारी के फोन न उठाने और कार्यक्रम समय से पहले शुरू कर दिए जाने को लेकर थी। सूत्रों के अनुसार, विधायक योगेश वर्मा निर्धारित समय पर कार्यक्रम में पहुंचे, लेकिन इससे पहले ही अधिकारियों ने कार्यक्रम शुरू कर दिया था। इसी बात को लेकर विधायक ने नाराजगी जताई। आरोप है कि डीपीओ लगातार उनका फोन भी नहीं उठा रहे थे, जिससे उनका आक्रोश और बढ़ गया। सभागार में मौजूद लोगों के सामने ही विधायक ने डीपीओ को फटकार लगाई और कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए वापस लौट गए। इस दौरान कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। विधायक के जाने के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर प्रशासनिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। कन्नौज के बाद अब खीरी में भी जनप्रतिनिधि के कथित अपमान का मामला सामने आने से सियासी हलकों में हलचल मच गई है।

## महासभा में लोधी समाज की एकजुटता पर दिया जोर

संवाददाता, मैगलगंज

**अमृत विचारः** फत्तेपुर के गांव नेवला ताल रावन खुर्द में अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और समाज की एकजुटता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शारदा प्रसाद लोधी ने समाज की राजनीतिक भागीदारी को जरूरी बताते हुए कहा कि बिना राजनीतिक हिस्सेदारी के समाज सशक्त नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से जागरूक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना समाज के विकास की पहली सीढ़ी है। अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर उन्हें सही दिशा दें, ताकि समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके।

नशाखोरी को समाज के लिए खतरा बताते हुए युवाओं से शराब, गांजा व भांग जैसे नशों से दूर रहने की अपील की। नशे से दूर रहकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में रहजनियां से आए दशरथ लोधी ने भूलेंगे न हम बलिदान अवंती बाई का गीत प्रस्तुत कर माहौल में उत्साह भर दिया। आयोजक गिरजा दयाल लोधी, श्रीप्रकाश, प्रमोद कुमार लोधी, कृष्णकुमार, राजू लोधी आदि मौजूद रहे। अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# खेल प्रतिभाओं में लविशा बनीं डबल चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का समापन सोमवार को विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर किया गया।

दूसरे दिन की खेल प्रतियोगिताओं का आरंभ प्राचार्य प्रो. डॉ. गीता शुक्ला, गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी की सचिव तृप्ति अवस्थी एवं ताइक्वांडो संघ के सचिव एम.एस. आसिफ ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. गीता शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में सहयोग, नेतृत्व क्षमता और साहस का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि तृप्ति अवस्थी एवं एम.एस. आसिफ ने कहा कि खेलों में हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण अनुशासन और आत्मविश्वास होता है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी प्रो. अर्चना सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से मिलने वाला अनुशासन जीवन में बहुत उपयोगी होता है। इस अवसर पर प्रो. रेखा पांडेय, सरिता, डॉ. सुरचना त्रिवेदी, शिवांगी सक्सेना, राखी चौहान, शुभा मिश्रा, कोच आबिदा सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।


स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**बैडमिंटन एकल**
प्रथम – लविशा तिवारी
द्वितीय – शिल्पी
तृतीय – हिमांशी जोशी

**बैडमिंटन युगल**
प्रथम – लविशा तिवारी व वैष्णवी
द्वितीय – शिल्पी व हिमांशी जोशी

**रस्सी कूद**
प्रथम – ज्योति वर्मा
द्वितीय – इशिका
तृतीय – शिवानी शर्मा
सांत्वना – रानी

**कैरम**
प्रथम – शिल्पी
द्वितीय – नैंसी
तृतीय – रानी
खो-खो –विजेता – टीम बी

## नए अनाज से लगाया जगन्नाथ का भोग

संवाददाता, बिझौली

**अमृत विचारः** ग्रामीण क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजन किया गया। महिलाओं ने नए अनाज से बने व्यंजनों से भोग लगाकर धन धान्य, सुख समृद्धि की कामना की।

बिझौली में महिलाओं ने चैत्र माह के अंतिम सोमवार को भगवान जगन्नाथ की नए अनाज से पूजा अर्चना की। घरों में पंचामृत से प्रतिमा को स्नान कराकर चंदन, कुसुम, टेसू के फूल चढ़ाकर आटे के दीपक जलाए। गेहूं की सात बालियां, कच्चे आम, गुड़धनिया, गुझिया, खीर, दही, हलवस, पूड़ी का प्रसाद चढ़ाया। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ की साधना करने वालों के जीवन में सदैव समृद्धि रहती है। उनको अन्न और जल की त्रासदी नहीं झेलनी होती। जगन्नाथ जी की कृपा से ही दरिद्र सुदामा को अकूत धन संपदा मिल गयी। साधकों की शारीरिक व्याधि दूर हो गयी है। सीमा सिंह, पूजा सिंह, आशा, नीरज श्रीवास्तव, ममता सिंह, अमिता श्रीवास्तव, बबली सिंह, सरोज सिंह, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहीं।


बिझौली में भगवान जगन्नाथ की पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

रोशननगर। क्षेत्र में अपने अपने घरों में भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजन किया गया। महिलाओं ने नए अनाज से बने व्यंजनों से भगवान जगन्नाथ का भोग लगाकर धनधान्य, सुख समृद्धि की कामना की।

महिलाओं ने चैत्र माह के सोमवार को भगवान जगन्नाथ की नए अनाज से पूजा अर्चना की। घरों में पंचामृत से प्रतिमा को स्नान कराकर चंदन, कुसुम, टेसू के फूल चढ़ाकर आटे के दीपक जलाए। गेहूं की सात बालियां, कच्चे आम, गुड़धनिया, गुझिया, खीर, दही, हलवा पूरी का प्रसाद चढ़ाया। रोशननगर, रामपुर डाटपुर, सौखिया, अहमदनगर, हैदराबाद, घरथनिया, परेली, ममरी में जगन्नाथ भगवान की पूजा अर्चना की गई गई।

## बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को चांदी का मुकुट पहनाया

● वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं छात्र अलंकरण समारोह हुआ

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल एवं छात्र अलंकरण समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ, जिसमें 2025 के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपर्स विद्यार्थियों को चांदी का मुकुट पहनाकर, मेडल देकर सम्मानित किया। नर्सरी से इंटरमीडिएट तक कक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने, शत प्रतिशत उपस्थिति, स्वच्छ वेश कक्षा प्रमुख, उप कक्षा प्रमुख आदि विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

कॉलेज सभागार में समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. यदुलेश मुरारी सक्सेना, डॉ. नीलम सक्सेना ने प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, मधु त्रिपाठी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बालिकाओं ने गणेश स्तुति, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि डॉ. नीलम सक्सेना द्वारा वर्गशः, कक्षाशः प्रथम आने वाले विद्यार्थियों अक्षिता वाजपेयी, दृष्टि वर्मा, आद्विक, व्योम दीक्षित, सात्विका सिंह, आराध्या गुप्ता, आस्था अवस्थी, अवंतिका, स्वस्तिका सिंह व हर्ष जायसवाल को मेडल प्रदान किया।



चांदी का मुकुट पहने हाईस्कूल और इंटर के टापर्स। ● अमृत विचार

प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। पुरस्कार के द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि डॉ यदुलेश मुरारी सक्सेना द्वारा वर्ष 2025 के हाईस्कूल की टॉपर उमा यादव एवं इंटरमीडिएट के टॉपर सक्षम अरोड़ा को चांदी का मुकुट एवं उनके अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मकान से नकदी समेत हजारों के जेवर चोरी

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हमजापुर निवासी सियावती ने थाना में दी तहरीर में बताया कि रविवार की रात उसके घर पर कोई नहीं था। चोरों ने रात में ताला तोड़कर बक्से का भी ताला तोड़ दिया। सोमवार सुबह वह घर आयी तो उसे चोरी का पता चला। उसने बताया कि चोर 50 हजार रुपये, एक जोड़ी सोने के झाले, दो जोड़ी पायलें, कमर बिछुआ, मांग वेदा आदि जेवर ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### युवती को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शनिवार शाम उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर से निकली थी, जो वापस नहीं आई है। उनका आरोप है कि आरोपी अजय पाल ने उसकी बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया और ले गया है। उसकी पुत्री घर से 20 हजार रुपये और जेवर ले गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी की तलाश कर रही है।

# धधक रहीं भट्ठियां, पैक हो रही शराब

## लालबोझी जंगल बना शराब माफिया का गढ़, सिस्टम की चुप्पी पर उठे सवाल

- आसपास के गांवों से लेकर शहरों तक की जा रही सप्लाई

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** कोतवाली निघासन क्षेत्र के लुधौरी वन रेंज का लालबोझी जंगल इन दिनों अवैध शराब माफिया का सुरक्षित अड्डा बन चुका है। हालात यह हैं कि जंगल के भीतर दिनदहाड़े अवैध शराब की भट्ठियां धधक रही हैं। खुलेआम शराब तैयार कर उसे पन्नियों में पैक किया जा रहा है और फिर इसे आसपास के गांवों से लेकर शहरों तक सप्लाई किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस काले कारोबार के बावजूद जिम्मेदार विभाग पूरी तरह खामोश नजर आ रहे हैं।


प्लास्टिक की पन्नियों में अवैध शराब पैक करता युवक। ● अमृत विचार


लालबोझी जंगल में धधक रही शराब भट्ठी।

इस अवैध धंधे को पूरी योजना के तहत संगठित तरीके से संचालित किया जा रहा है। जंगल के अंदर गहराई में जहां आम लोगों की पहुंच मुश्किल होती है, वहां भट्ठियां लगाई जाती हैं। रात ही नहीं, बल्कि दिन में भी धुएं के गुबार उठते देखे जा सकते हैं। इसके बाद तैयार शराब को छोटे-छोटे पाउच में भरकर खपाने के लिए अलग-अलग माध्यमों से भेजा जाता है। इस नेटवर्क के तार मझगई थाना क्षेत्र से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिससे यह साफ होता है कि यह सिर्फ स्थानीय स्तर का नहीं बल्कि एक संगठित गिरोह का काम है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस, आबकारी विभाग और वन विभाग तीनों को इस अवैध कारोबार की पूरी पूरी जानकारी है, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। लोगों का कहना है कि यदि विभाग सचमुच सक्रिय होता, तो जंगल में इस तरह खुलेआम भट्ठियां चलाना संभव ही नहीं होता। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा करता है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि अवैध शराब का यह कारोबार न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ भी है। पहले भी अवैध शराब के कारण कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। लोगों की जानें तक चली गईं। बावजूद इसके प्रशासन की सुस्ती समझ से परे है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल माफियाओं के साथ-साथ लापरवाह या मिलीभगत करने वाले अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस खुलेआम चल रहे अवैद शराब के इस खेल पर लगाम लगाएगा या फिर इसी तरह जंगलों में शराब बनती रहेगी और सिस्टम मूकदर्शक बना रहेगा।

> अवैध शराब को लेकर समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। पिछले दिनों भी भारी मात्रा में लहन और शराब नष्ट की गई थी। यदि कहीं शराब बन रही और बिक रही है तो जानकारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। **-पवन गौतम,** एएसपी पूर्वी

# शारदा नदी में नहाने उतरा युवक लापता

- घंटों चला सर्च ऑपरेशन, नहीं चल सका पता
- लगातार हादसों के बावजूद नहीं चेते जिम्मेदार

संवाददाता, फूलबेहड़


शारदा नदी में युवक की तलाश करते गोताखोर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के शारदा नदी स्थित पचपेड़ी घाट (कछुआ पुल) एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। जहां सोमवार को नहाने गए 20 वर्षीय युवक के डूबने से सनसनी फैल गई। देर शाम तक पुलिस और गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मैंनहा निवासी विनीत यादव अपने चार दोस्तों के साथ घूमने-फिरने के इरादे से पचपेड़ी घाट पहुंचे थे। दोपहर करीब 1:30 बजे तेज धूप और उमस के बीच सभी युवक नदी किनारे पहुंचे और नहाने लगे। इसी दौरान विनीत पुल के पास गहरे पानी की ओर बढ़ गया। साथियों ने उसे रोकने की कोशिश भी की, लेकिन इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, वह अचानक गहराई में चला गया और तेज धारा में बहते हुए लापता हो गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े, लेकिन तब तक विनीत पूरी तरह पानी में समा चुका था। सूचना मिलते ही फूलबेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर तलाश अभियान शुरू कराया गया। गोताखोरों ने कई घंटों तक नदी में उतरकर युवक की तलाश की, लेकिन देर शाम तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस ने पीएसी फ्लड कंपनी को भी सूचित किया है, जिनके प्रशिक्षित जवान आधुनिक उपकरणों के साथ मंगलवार सुबह तक मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन को और तेज करेंगे। रात होने के कारण फिलहाल तलाश अभियान रोक दिया गया है, जिसे सुबह फिर शुरू किया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

बेटे के लापता होने की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक का माहौल है। बता दें कि पचपेड़ी घाट पर यह कोई पहली घटना नहीं है। इसी माह इसी स्थान पर एक अन्य युवक की डूबने से मौत हो चुकी है, जिसकी लाश तीन दिन बाद बरामद हुई थी। इसके बावजूद न तो प्रशासन द्वारा यहां चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घाट लगातार मौत का घाट बनता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक अपने साथियों के साथ घूमने आया था और नहाते समय गहरे पानी में जाने से हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि युवक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को किया जागरूक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** चंद्रशेखर आजाद कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में विद्यार्थियों को जीरो वेस्ट दिवस पर भोजन को बर्बाद होने से बचाने के लिए जागरूक किया गया। डॉ. रविंद्रनाथ वर्मा ने वैश्विक अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के महत्व और अपशिष्ट प्रदूषण संकट से निपटने के बारे में भी बताया।

सोमवार को महाविद्यालय में डॉ.रविंद्रनाथ वर्मा ने जीरो वेस्ट डे पर विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि थाली में उतना ही भोजन लें जितने कि जरूरत हो। भोजन को थाली में न छोडें। इस बात से दूसरों को भी अवगत कराये। भोजन की बर्बादी न करना ही पर्यावरण और संसाधनों की रक्षा है। बताया कि छोटे छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव ला सकते हैं। दुनिया भर में बहुत से लोग भूख से जूझ रहे हैं, ऐसे में भोजन की बर्बादी न करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। थाली में भोजन छोड़ना अन्न का अपमान है। डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. सतेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

- पैर में लगी गोली, अस्पताल भेजा तमंचा व लूट की नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फरधान पुलिस और स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और लूट की नगदी बरामद हुई है।

सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि थाना सिंगाही के गांव सिंगहा खुर्द निवासी मासूम अली पर थाना फरधान में लूट का मामला दर्ज था। पुलिस उसकी काफी समय से तलाश कर रही थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहा था। एसपी ने उस पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार भी घोषित कर रखा था।


घायल बदमाश को सहारा देकर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

रविवार की रात फरधान पुलिस और स्वॉट टीम ने मुखबिर की सूचना पर बदमाश को घेर लिया।

खुद को घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली पैर में लगने से बदमाश मासूम अली घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस,व एक खोखा कारतूस और लूट के 1726 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस उसके अन्य आपराधिक कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

# चीनी मिल बंद होने के बाद धीमी पड़ी भुगतान की स्थिति

- चीनी मिल अधिकारी अपने काम विधिवत कर रहे हैं
- चीनी निरंतर बिक रही है लेकिन भुगतान की उनकी सोच नहीं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** बजाज चीनी मिल के पेराई सत्र को बंद हुए 15 दिन से अधिक समय हो गया है लेकिन चीनी मिल से भुगतान की स्थित शिथिल हो गई, जिससे किसान परेशान हैं।

बजाज चीनी मिल का पेराई सत्र 10 नवंबर 2025 को शुरू हुआ था। चीनी मिल 16 मार्च को बंद हुई है। इस अवधि में अब तक 25 नवंबर यानी 10 दिन का ही भुगतान किया गया है। किसान गन्ना बेचकर रुपयों की आस में अपने घरेलू खर्च चलाने तक को मजबूर है। वर्तमान में बच्चों के एडमिशन, खेतों में खाद बीज, दवाई और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए रुपयों की जरूरत है, ऐसे में किसानों के हाथ खाली हैं, जो मजबूरन साहूकारों से महंगे ब्याज पर रुपया लेकर काम चला पा रहे हैं। किसान नेताओं का मानना है कि चीनी मिल के अधिकारी अपने सारे काम विधिवत कर रहे हैं चीनी भी निरंतर बिक रही है लेकिन भुगतान करने की उनकी सोच नहीं है। इससे उनके पास आंदोलन करने के बजाय कोई चारा नहीं बचा है।

### भुगतान के बजाय कमीशन के उत्पाद बिकवाने पर जोर



चीनी मिल गोला ने 15 दिन का ही भुगतान किया है। गन्ना विभाग के अधिकारी केवल अपने विभाग के हितों के कानून व नियम एवं नौकरी बचाने और कमीशन खोरी वाले नियमों को लागू कराने की व्यवस्था को जानते हैं। गन्ना भुगतान भूलकर केवल किसानों को अर्ली गन्ना बुआई कराने और कमीशन युक्त महंगी पेस्टीसाइड दवायें अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से बिक्री कराने पर ही उनका ध्यान है। गन्ना भुगतान को लेकर शीघ्र आंदोलन किया जाएगा। **-पटेल श्रीकृष्ण वर्मा,** प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन।

### चीनी मिल बंद तो क्या बंद हो गई शकर की बिक्री



बजाज चीनी मिल को बंद किए हुए दो सप्ताह से अधिक समय हो रहा है। इस दो सप्ताह में चीनी ने कोई भी भुगतान नहीं किया है। ऐसा लगता है कि मिल बंद होने के बाद चीनी की भी बिक्री बंद हो गई होगी, जिससे किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही नियमित चीनी ब्रिक्री की रकम का 85 प्रतिशत किसानों के खातों में न भेजा गया तो वह बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन करेंगे।

> 17 मार्च से 29 मार्च तक 28 करोड़ का भुगतान किया गया है। बैंक लिमिट न होने के कारण चीनी बिक्री से प्राप्त धनराशि का 85 प्रतिशत भुगतान किसानों को भेजा जा रहा है। आज पांच करोड़ रुपया किसानों के खातों में भेजा गया है। शीघ्र भुगतान का प्रयास किया जा रहा है। **-सतीश श्रीवास्तव,** पीआरओ बजाज हिदुस्थान शुगर लि.।

# मुआवजे के बाद किया मजदूर का अंतिम संस्कार

संवाददाता, मझगईं

- ठेकेदार पर जानकारी छिपाने का आरोप

**अमृत विचार:** गांव मुन्नापुरवा निवासी दिलीप कुमार (25) की तीन मंजिला इमारत से गिरकर हुई मौत के बाद परिजनों ने ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाए और मुआवजा की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार रोक दिया। ढाई लाख रुपये का मुआवजा मिलने पर परिजन शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव मुन्नापुरवा निवासी दिलीप कुमार (25) गांव के ही कुछ साथियों के साथ मुंबई मजदूरी करने गया था, जहां शनिवार को निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल से गिरकर उसकी मौत हो गई थी। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया था। सूचना पर पहुंचे परिजन पोस्टमार्टम कराने के बाद रविवार देर रात करीब 10 बजे शव लेकर गांव पहुंचे। शव देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

परिजनों का आरोप था कि ठेकेदार ने घटना की सही जानकारी नहीं दी और मौत की बात छिपाई गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।

अंतिम संस्कार रोके जाने की सूचना क्षेत्र में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। पुलिस ने जानकारी ली। पुलिस ने ठेकेदार से फोन पर वार्ता कराई। मृतक के परिजनों की मांग पर ठेकेदार ने मुआवजे के रूप में ढाई लाख रुपये मृतक के भाई बबलू और नरेंद्र के खातों में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया। तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए और आधी रात के बाद करीब तीन बजे शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# टिकैत की रिहाई को कोतवाली में किसानों का धरना

- भुवनेश्वर में गिरफ्तारी की खबर से भड़का गुस्सा
- रिहाई न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में चल रहे किसान आंदोलन के बीच भाकियू नेता राजेश टिकैत की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही निघासन क्षेत्र में किसानों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। खबर मिलते ही इलाके के किसान संगठनों में हलचल मच गई और बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतर आए। किसानों ने पहले निघासन सदर चौराहा पर धरना दिया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

सोमवार की देर शाम किसान नेता और कार्यकर्ता निघासन सदर चौराहा पर इकट्ठा हुए, जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते प्रदर्शन में किसानों की संख्या बढ़ती गई और माहौल गरमाता चला गया। इसके बाद आक्रोशित किसान नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंचे और वहां धरने पर बैठ गए। किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि किसान नेताओं की गिरफ्तारी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने राजेश टिकैत की तत्काल रिहाई की मांग करते हुए प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश की। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने सरकार पर किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाया और कहा कि आंदोलन को दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।


कोतवाली निघासन में धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही टिकैत को रिहा नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। धरने में किसान नेता जसपाल सिंह पल्ला, भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील अध्यक्ष प्रगट सिंह, कुलविंदर सिंह, जैमल सिंह बलदेव सिंह बिल्ला, गुरबाज सिंह आजाद, संदीप सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। देर रात तक कोतवाली परिसर में किसानों का धरना जारी रहा, जिससे पूरे इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना रहा और प्रशासनिक हलकों में भी हलचल तेज हो गई।

## त्रिलोकचंद अर्कवंशी की जयंती मनाई

**रोशननगर, अमृत विचार:** बांकेगंज तृतीय से जिला पंचायत सदस्य के युवा प्रत्याशी आदेश कुमार अर्कवंशी ने महाराजा त्रिलोकचंद्र अर्कवंशी की जयंती मनाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जमुनहां में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी आदेश कुमार अर्कवंशी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि समाज एकजुट होकर राजनीत मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। सुदेश कुमार ने शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में शिक्षा की कोई आयु नहीं, देश में शिक्षित व्यक्ति होना जरूरी है। सोवरन अर्कवंशी ने कहा जब समाज एकजुट होगा तब समाज का विकास होगा। यहां पप्पू अर्कवंशी, नैमिष अर्कवंशी, लोकेश अर्कवंशी, विपिन अर्कवंशी, शिवा अर्कवंशी, बबिता अर्कवंशी, मनोज अर्कवंशी आदि मौजूद रहे।

## बैंक के बकाये को लेकर कुर्क की जमीन

**पलिया कलां।** ग्राम भगवंतनगर निवासी बैंक के बकायेदार किसान की जमीन को राजस्व, पुलिस एवं बैंक अधिकारियों की टीम ने कुर्क कर दिया। किसान हरपाल सिंह पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा पलिया कलां का करीब 21 लाख रुपये बकाया था। कई बार तगादा के बावजूद कृषक भुगतान नहीं कर रहा था। बैंक अधिकारियों ने तहसील के राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर भुगतान दिलाने को कहा। एसडीएम के आदेश पर किसान की 8 एकड़ भूमि तहसील प्रशासन ने लाल झंडी लगाकर सोमवार को कुर्क कर दी। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार हर्ष निशांत, राजस्व निरीक्षक संजय भारती, संग्रह अमीन रामनिवास, लेखपाल प्रतीक सचान तथा पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक विकास उत्तम, शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, वसूली टीम व पुलिस बल था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने लड़के राघव झा का नाम श्री शंकर विद्यापीठ मुमुक्ष आश्रम में लिखवाया था वहां पर उसका नाम राघव झा के स्थान पर त्रुटिवश श्रेयश झा लिख गया था। जबकि सही नाम राघव झा है। भविष्य में मेरे पुत्र को राघव झा के नाम से जाना जाएगा। **अजित कुमार झा पुत्र श्री राजनरायन झा निवासी नवादा इन्देपुर निकट बरेली मोड पर. तह. सदर** जिला शाहजहांपुर

सूचना
11 ½ बीघा जमीन बिकाऊ है।
सम्पर्क करें
ग्राम अमीर शाही के पास तहसील मीरगंज, बरेली
मो. 9634079263

# महिला की हत्या में नामजद चार भाई गिरफ्तार

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव बघमरा में बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद में बीच बचाव करने गई महिला की पीटकर हत्या मामले में पुलिस ने नामजद चारों भाइयों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया कि गांव बघमरा में महिला की पीट-पीटकर हत्या के मामले में उसकी पुत्री शीलम यादव पुत्री स्व. सुरेंद्र सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके भाई चमन सिंह के साथ गांव के बाहर खेत से घर आते समय मूड़ा जवाहर निवासी अनुराग ने सामने से बाइक से टक्कर मार दी थी। जिस पर गांव के मिश्रीलाल पुत्र बाबूराम के मकान के सामने दोनों के बीच कहासुनी होने पर मिश्रीलाल, बसंत, पंकज, दिनेश ने गाली गलौज कर लाठी-डंडों और लात-घूसों से पिटाई कर दी थी। चमन को बचाने पहुंची मां कमला देवी की भी पिटाई कर गंभीर घायल कर दिया था, जिन्हें गोला सीएचसी ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। कमला देवी की पुत्री शीलम यादव ने मूड़ा जवाहर के अनुराग और बघमरा के मिश्रीलाल, बसंत, पंकज, दिनेश के नामजद रिपोर्ट लिखाई थी।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया कि उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने चार भाइयों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

Rakshpal Bahadur Teachers Training Institute, Bareilly
REQUIRES
For B.Ed.
■ Head of Deptt.
■ Lecturer
Qualification as per UGC/NCTE/MJPRU norms
Apply alongwith CV, AADHAR, Photo and all necessary documents within 21 days of publication to email : jobs@rbmi.in
Ph.: 7217023076
Near ITBP, Bukhara Turn Badaun Road, Bareilly

आवश्यकता है
जे.पी. एकेडमी
सी.बी. गंज, बरेली
N.C. से कक्षा 8 तक
अध्यापिकाओं की
(बी.एड को प्राथमिकता)
साक्षात्कार 31.03.2026 मंगलवार
प्रातः 10 बजे से
जे.पी. गंगवार, प्रबंधक
9837634329

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# गेमिंग और बेटिंग एप से करोड़ों ठगे

## फर्जी कॉल सेंटर पर साइबर क्राइम की टीम का छापा, दो आरोपी गिरफ्तार, सरगना फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर की आशुतोष सिटी कॉलोनी में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर बेटिंग और गेमिंग एप के जरिए साइबर ठगी कर रहा गिरोह पकड़ा गया है। ये गिरोह सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। गिरोह के दो सदस्यों को साइबर क्राइम टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में फर्जी कॉल सेंटर चलाने के उपकरण बरामद किए हैं। गिरोह का सरगना हत्थे नहीं चढ़ा। गिरोह ने देश के करीब 15 राज्यों में लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाया है।

सोमवार की दोपहर पुलिस लाइन में एसपी क्राइम मनीष सोनकर ने प्रेस वार्ता की। बताया कि आशुतोष सिटी में कमरा किराए पर लेकर फर्जी कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा था। यहां काम करने वाले गिरोह के सदस्य लोगों को कॉल करते और ऑनलाइन बेटिंग और गेमिंग एप पर पैसा लगाने का लालच देते थे। इसके लिए आरोपियों ने महादेव, महाकाल नाम का फर्जी बेटिंग एप भी बनाया था। पुलिस को इस गिरोह की भनक उस वक्त लगी जब एनसीआरपी (नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल) पर दर्ज एक शिकायत से संबंधित मोबाइल नंबर और पीड़ित के खाते में जिस ट्रांजेक्शन आईपी के जरिए सेंधमारी की गई, उसकी जांच की जा रही थी। ट्रांजेक्शन आईपी से मिले मोबाइल नंबर की लोकेशन आशुतोष सिटी में मिली। साइबर क्राइम टीम ने आशुतोष सिटी के मकान में जाकर छापामार कार्रवाई की तो इस ठगी का भंडाफोड़ हुआ।

**मकान में चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर:** मकान में छापामारी के दौरान पुलिस को एक फर्जी कॉल सेंटर चलता मिला। मौके से नवाबगंज के आदर्शनगर निवासी सूर्यभान पटेल और भुता थाना क्षेत्र के ग्राम कैमुआं कला निवासी विनीत को गिरफ्तार किया गया। गिरोह का सरगना शिवम कुमार भाग गया। पुलिस ने इनके पास से बड़ी तादाद में साइबर क्राइम में इस्तेमाल आने वाला सामान भी बरामद किया जिसमें सात मोबाइल, 3 वाईफाई राउटर, 7 डिजिटल क्यू आर डिवाइस, 1 क्यू आर कोड, 12 सिम कार्ड, रेपर, 7 चेकबुक, 5 बैंक पासबुक, 13 डेबिट कार्ड आदि मिला।

पुलिस ने आरोपियों से जो जानकारी जुटाई है वो हैरान करने वाली है। इन ठगों के तार देश के 15 राज्यों में जुड़े पाए गए।

# वीआरएस लेने के बाद फौजी सतीश बने नायब तहसीलदार

संवाददाता, बरखेड़ा/पीलीभीत


गौरव गंगवार।


सतीश चंद्र मिश्र।

**अमृत विचार :** बरखेड़ा क्षेत्र के एक साधारण किसान परिवार से निकले सतीश चंद्र मिश्र ने अपने जज्बे और मेहनत के दम पर नई पहचान बनाई है। सेना की नौकरी छोड़कर सिविल सेवा का सपना देखने वाले सतीश ने यूपी पीसीएस में सफलता पाकर नायब तहसीलदार का पद हासिल किया है।

बरखेड़ा क्षेत्र के गांव परेई निवासी सुरेंद्र कुमार मिश्रा के बेटे सतीश चंद्र मिश्र की सफलता ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। तीन भाइयों में सबसे बड़े सतीश ने संघर्ष की राह चुनते हुए यह मुकाम हासिल किया। उनके भाई अरविंद मिश्रा गांव में खेती करते हैं, जबकि छोटे भाई सत्यप्रकाश मिश्रा लद्दाख में डिफेंस सेवा में तैनात हैं। सतीश की वर्ष 2000 में थल सेना में नौकरी लगी थी, लेकिन उनके मन में प्रशासनिक सेवा में जाने की चाह हमेशा बनी रही। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने वर्ष 2018 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले ली।

इसके बाद वह बरेली में परिवार के साथ रहने लगे और बच्चों को पढ़ाने के लिए कोचिंग शुरू की। इसी दौरान उन्होंने खुद भी सिविल सेवा की तैयारी जारी रखी। 12 अक्टूबर को आयोजित यूपी पीसीएस परीक्षा का परिणाम 29 मार्च को घोषित हुआ, जिसमें सतीश को 230वीं रैंक मिली। इस सफलता के साथ उनका चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। सतीश बताते हैं कि सेना में नौकरी के कारण वह अपनी बीएससी पूरी नहीं कर पाए थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आगे चलकर उन्होंने दो विषयों में एमए किया और नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई, जबकि इंटरमीडिएट की पढ़ाई रामा इंटर कॉलेज से पूरी की। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय वह अपने माता-पिता, भाइयों और खासतौर पर अपनी पत्नी नीरज मिश्र को देते हैं, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ निभाया।

### गौरव गंगवार बने वाणिज्य कर अधिकारी

**बीसलपुर, अमृत विचार :** छेदालाल कॉलोनी निवासी गौरव गंगवार ने अपने संघर्ष, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर वाणिज्य कर अधिकारी पद हासिल किया है। गौरव बुक सेलर लक्ष्मीकांत गंगवार के छोटे पुत्र हैं। साधारण परिवार में पले-बढ़े गौरव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शिशु विहार विद्यालय से शुरू की। इसके बाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बीसलपुर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। वर्तमान में वह बिहार के लखीसराय जिले में जूनियर हाईस्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। गौरव अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता दमयंती देवी, पिता लक्ष्मीकांत गंगवार और बड़े भाई नितेश गंगवार को देते हैं। उनके बड़े भाई भी ब्लॉक बिलसंडा के भगौतीपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं।


## कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डा0 राजेश कुमार महाजन पुत्र श्री नागेन्द्र लाल महाजन निवासी-बी-6 एकता नगर, बरेली द्वारा निर्माण स्थल - प्लाट नम्बर-29 बी (एम0आई0जी0) ग्राम ब्रहमपुरा परगना तहसील व जिला, बरेली क्षेत्रफल-215.90 वर्गमी पर व्यवसायिक एवं आवासीय भवन क्रिया के अन्तर्गत भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड नगर निगम द्वारा विकसित एकता नगर आवासीय योजना का आवासीय भूखण्ड है जो 45.00 मीटर चौड़े महायोजना, मार्ग पर स्थित है। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अध्याय-8 के प्रस्तर 8.1.3 (Based on city population and प्रस्तर 8.1.2) के अनुसार बरेली विकास क्षेत्र में 24. मीटर अथवा उससे अधिक चौड़ी सड़कों पर (including layout approved by authority and bazar street) "मिश्रित उपयोग" क्रिया आम-जनता से आपत्ति / सुझाव आंमत्रित करने के उपरान्त एंव lease deed में "उपयुक्त / उचित संशोधन" करने एवं निर्धारित शुल्को को जमा करने के उपरान्त दी जा सकेगी। आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति / सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव को स्वीकार नही किया जायेगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली


## युवक को जबरन साथ ले जाने का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश के रहने वाले प्यारेलाल पुत्र रामस्वरुप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र महेंद्रपाल ब्लॉक में कार्य के चलते गया था। इसके बाद क्रॉप लोन लेने के लिए बैंक गया। आरोप है कि बैंक से बाहर निकलते ही कुछ लोगों ने पुत्र को जबरन गाड़ी में खींच लिया और ले गए। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं। बैंक जाकर सीसीटीवी फुटेज चेक की गई है। इसमें युवक खुद गाड़ी में बैठता दिख रहा है। फिलहाल मामले को दिखवाया जा रहा है। उधर, दूसरे पक्ष का कहना है कि उनके रुपये युवक पर आ रहे हैं। इसी को लेकर झूठे आरोप लगाए गए हैं।

# मुरादाबाद में हाईवे पर हादसे में दंपती की मौत

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** अमरोहा के थाना डिडौली के गांव ककराली के निवासी मसरूर पुत्र महबूब (उम्र 40 वर्ष) पत्नी रौनक परवीन (उम्र 38 वर्ष) अपने बेटे अरहम (उम्र 6 वर्ष) के साथ कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव सीलपुर से अपने साढ़ू के लड़के की शादी के बाद वापस घर लौट रहे थे। रविवार की देर रात जैसे वह पाकबड़ा में सीएनजी पम्प से पहले हाईवे पर डिजाइनको फर्म के पास पहुंचे। तभी उनके आगे चल रही टाटा 407 गाड़ी को किसी अज्ञात वाहन ने साइड में टक्कर मार दी। जिससे टाटा 407 के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया, गाड़ी रुकते ही बाइक से जा रहे पति-पत्नी और बेटा बाइक समेत खड़ी गाड़ी में पीछे से बुरी तरह से घुस गए। जिससे वह तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें टीएमयू के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मसरूर को मृत घोषित कर दिया। उसके कुछ देर बाद ही उसकी पत्नी रौनक ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि गंभीर रुप से घायल बेटा अरहम का इलाज चल रहा है। पुलिस से सूचना मिलने पर उनके परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। बताया कि मसरूर खेती किसानी करते थे। सोमवार सुबह पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टाटा 407 में अज्ञात वाहन द्वारा मारी गई टक्कर के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

सप्ताह भर पहले 24 मार्च को बड़ी बेटी महक की शादी बड़ी धूमधाम से की थी।

# महिला की हत्या के मामले में आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार:** मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद में महिला की गला दबाकर हत्या करने के मामले में सोमवार को प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रहम्पुरा निवासी मो. नदीम खां ने 26 मार्च को प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मो. नदीम, समीर, अरसल, मो. अजीम, कलीम विवाद के बाद घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास करने लगे। गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देकर घर में ईंट पत्थर फेंके। उसकी मां मारुफ से हाथापाई की, जिसमें उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई थी। सोमवार को प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र अरसल और मो. नदीम को गिरफ्तार कर लिया। नदीम ने बताया कि उनके बेटे अरसल की 25 मार्च की रात इमरान से हंसी मजाक में कहासुनी हो गई थी जिसकी शिकायत इमरान ने उसकी पत्नी जेबा से की थी। इमरान पे उसके परिवार के लोगों से भी बदतमीजी की। प्रेमनगर थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)

पत्रांक : कृ.उ.न.स./2026-675 दिनांक : 30 मार्च 2026

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल, बहेड़ी में स्थित कैण्टीन की नीलामी दिनांक 20.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे आगामी तीन वर्षो के लिए यथा-वर्ष 2026-27, वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के लिए मण्डी समिति कार्यालय में की जायेगी, जिसमें नीलामी की धनराशि में प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति रू. 25000.00 का एफ.डी.आर. जो मण्डी समिति, बहेड़ी के पक्ष में देय हो जमा करके नीलामी में भाग ले सकते है। अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

(नरेन्द्र कुमार गंगवार)
सचिव

(इशिता किशोर)
सभापति/उपजिलाधिकारी
बहेड़ी (बरेली)



## ग्राम पंचायत बबूरा बबूरी विकास खंड भदपुरा जिला बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बबूरा बबूरी को आवंटित उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणानुसार कार्यो के शासकीय विभाग से पंजीकृत उच्च कोटि की सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से उच्च कोटि की ईट, बजरी, सरिया, सीमेन्ट, रोडा, टीन, बजरफुट व अन्य आवश्यक सामग्रियां निर्माण कार्य से प्रस्तुत होती है के लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 31.03.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 01.04.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक समय 4:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के सामने खोली जायेगी। कोई निविदा प्राप्त न होने पर कुटेशन प्राप्त कार्य कराने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। मनरेगा के कार्यो का विवरण:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बबूरा बबूरी में मोनू के खेत से लक्ष्मन के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य | 120 मी. | 215000/- |

सचिव-अमित कुमार प्रधान-गंगा सिंह रो.से.-शैलेन्द्र कुमार त.स. इतेन्द्र सिंह


## न्यूज डायरी



### कुत्तों के हमले से घायल हिरण की ग्रामीणों ने बचाई जान

**बिझौली, अमृत विचार :** रामपुर गोकुल में कुत्तों के हमला करने से हिरन जख्मी हो गया था। कुत्तों की आवाज और उनका झुंड देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जहां कुत्तों के बीच एक हिरन जमीन पर पड़ा था। हिरण को बचाने के लिए शिवप्रसाद सहित अन्य ग्रामीड़ लाठी डंडा लेकर कुत्तों को दौड़ा लिया। जिससे किसी तरह हिरन की जान तो बच गई, परंतु वह जख्मी हो गया। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के दरोगा अंकित बाबू ने अपने कुछ साथियों के साथ गांव पहुंचकर हिरन को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग ही अब हिरन का इलाज कराएगा।



### मेधावियों को शील्ड देकर किया सम्मानित

**सिंगाही, अमृत विचार :** कस्बे के मदरसा इस्लामिया स्कूल में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में खुशी है। प्रधानाचार्य अफजल हुसैन ने बताया कि कुल 387 छात्रों ने परीक्षा दी और सभी 387 छात्र सफल घोषित हुए। कक्षा आठ के छात्र आयान ने 74.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद शुएब, डॉ. एनयू खान, तजम्मुल खां, मोहयउद्दीन अंसारी, अनवर, सलाउद्दीन गौरी सहित समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




### छात्रा प्रिन्सी, इश्मन और गरिमा ने पहला स्थान प्राप्त किया

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** तिकुनिया स्थित आरएन इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित हुआ। इससे पूर्व विद्यालय प्रबंधक शिव कुमार गर्ग ने प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, कोऑर्डिनेटर एवं सभी शिक्षकों के साथ बैठक की। परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें कक्षा 8 की छात्रा प्रिन्सी मौर्य, कक्षा 11 की इश्मन कौर और गरिमा वर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 के छात्र अर्नव ने भी प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान शिक्षिका इष्मिता साह, अर्चना शाक्य, शिक्षक सलमान इदरीशी, सुधीर अवस्थी, शैलेश शुक्ला और वनदेवी शर्मा आदि रहीं।



### गिरफ्तारी के विरोध में दिया धरना

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की भुवनेश्वर में किसानों के धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जाते वक्त की गई गिरफ्तारी के बाद जिले में भी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। राकेश टिकैत की तत्काल रिहाई की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। शहर के सुनगढ़ी थाने में कार्यकर्ता पहुंचे और परिसर में ही दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। युवा विंग जिलाध्यक्ष गुरुदीप सिंह गोगी, जिला ध्यक्ष वेदप्रकाश, मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह, यशपाल सिंह उर्फ चिंटू आदि मौजूद रहे। उधर, पूरनपुर कोतवाली में भी स्वराज सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खेत पर जा रहे ग्रामीण पर मगरमच्छ का हमला

**अमरिया, अमृत विचार :** अमरिया तहसील क्षेत्र के अंडरायन गांव निवासी दिनेश सोमवार शाम नदी से होकर अपनी गेहूं की फसल देखने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह नदी के बीच पहुंचे अचानक पानी में मौजूद मगरमच्छ ने पीछे से उस पर हमला कर दिया और उसके पैर को दबोच लिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लाठी-डंडों की मदद से किसी तरह उसे मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ाया। आनन-फानन में घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मरौरी (पीलीभीत)

पत्रांक: 3729/आंकिक/क्षेत्रपं./टेण्डर/2025-26 दिनांक: 30.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से विकास खण्ड मरौरी (पीलीभीत) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत पंचम राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां केन्द्र वित्त आयोग (टाइड एवं अनटाइड फन्डस) के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य करवाने हेतु शासकीय कार्यालयों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें (दिनांक 17.04.2026 से दिनांक 19.04.2026 तक) कार्य दिवसों में निर्धारित शुल्क भुगतान कर विकास खण्ड कार्यालय पर कैशियर सह स्टोर कीपर से प्राप्त की जा सकती है एवं सीलबन्द निविदायें दिनांक 21.04.2026 को समय 2:00 बजे तक सीलबन्द बॉक्स में डाली जा सकती है, जो उसी दिन उपस्थित निविदादादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 03:00 बजे निर्धारित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पृथक-पृथक धरोहर धनराशि जमा करनी होगी, जिसकी जानकारी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्माण कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लं. (मी.)/सं. | अनुमानित लागत (रू.) | निविदा शुल्क जी.एस.टी. अति. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | धरोहर धनराशि (रू.) 2% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम पंचायत कैम से राम कुमार के मकान से मैन रोड तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। | 100 M | 629500.00 | 700 | 03 माह | 12590 |
| 02. | ग्राम पंचायत सड़ियां मुगलपुरा में सिंगरैया तालाब से नहर की पुलिया तक नाला निर्माण कार्य। | 165 M | 942600.00 | 1000 | 03 माह | 18852 |
| 03. | ग्राम राजा कॉलोनी में कानपुर रोड से हरिपथ बड़ई के खेत से लखाई मसाई के खेत के आखरी शिव मंदिर तक खडंजा कार्य। | 490 M | 992000.00 | 1000 | 03 माह | 19840 |
| 04. | ग्राम पंचायत मंगतपुर में देवस्थान से रामचंद के खेत की ओर इंटरलॉकिंग कार्य। | 170 M | 995400.00 | 1000 | 03 माह | 19908 |
| 05. | ग्राम पंचायत बिथरा में पक्के रोड से आर आर सी सेंटर की ओर खडंजा निर्माण कार्य। | 490 M | 992000.00 | 1000 | 03 माह | 19840 |
| 06. | ग्राम पंचायत बनोसा में मेन रोड बिहारी लाल के खेत तक खडंजा निर्माण कार्य। | 490 M | 992000.00 | 1000 | 03 माह | 19840 |
| 07. | ग्राम सिमरिया अनूप में मझोला रोड से श्मशान घाट की ओर इंटरलॉकिंग कार्य | 177 M | 997000.00 | 1000 | 03 माह | 19940 |
| 08. | ग्राम पंचायत लदपुरा के गायबोझ से भिइलैया गांव खेड़ा तक खडंजा कार्य। | 490M | 992000.00 | 1000 | 03 माह | 19840 |
| 09. | ग्राम कल्लिया के खजुआ दीन नगर से सेमपुर गांव की ओर खडंजा कार्य। | 490 M | 992000.00 | 1000 | 03 माह | 19840 |
| 10. | ग्राम पिपरिया भजा के ग्राम घियुना में दिनेश शर्मा के घर से सीसी रोड से देवस्थान की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 70 M | 455500.00 | 500 | 03 माह | 9110 |
| 11. | ग्राम पंचायत टाह पौटा में धनीराम के खेत से श्री कृष्ण के खेत तक मिट्टी एवं खडंजा कार्य। | 235 M | 477300.00 | 500 | 03 माह | 9546 |
| 12. | ग्राम पंचायत मानपुर हटुआ के ग्राम दियुरा में लालमन खेत से नाले की तरफ खडंजा मिट्टी कार्य। | 480 M | 992000.00 | 1000 | 03 माह | 19840 |
| 13 | ग्राम पंचायत लालपुरिया साहब सिंह में नन्हेंलाल के घर से फहीम के खेत तक मिट्टी खडंजा कार्य। | 492 M | 996000.00 | 1000 | 03 माह | 19920 |

**नियम व शर्तें:-**

1. ठेकेदार को निविदा से पूर्व खण्ड विकास अधिकारी मरौरी कार्यालय में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर राशि का दो प्रतिशत राष्ट्रीयकृत बैंक का डी.डी. अथवा एन.एस.सी. जो कि खण्ड विकास अधिकारी मरौरी के नाम पृथक-पृथक बन्धक कराकर देनी होगी। शेष धरोहर/जमानत राशि 8 प्रतिशत धनराशि की एन.एस.सी. अनुबन्ध गठन के समय प्रस्तुत करनी होगी।
3. निविदा शुल्क का बैक ड्राफ्ट जो खण्ड विकास अधिकारी, मरौरी के पक्ष में होगा, निविदा क्रय के समय प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण-पत्र, आयकर, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, लेवर पंजीकरण, जी.एस.टी. पंजीकरण एवं विकास खण्ड मरौरी का पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति की स्वप्रमाणित संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को निविदा के साथ 100 रू. के स्टांप पर स्वघोषण-पत्र/शपथ-पत्र/संलग्न करना होगा तथा निविदा स्वीकृति उपरान्त स्वयं के व्यय पर निर्धारित स्टांप पर अनुबन्ध गठित करना होगा। निविदा दाताओं को 100 रू. के स्टाम्प पर फोटो युक्त घोषण-पत्र इन शर्तो के साथ कि वह किसी भी संस्था से ब्लैक लिस्टिड नहीं हुए है।
6. ठेकेदार/फर्म को निर्माण कार्य को नियत समय सीमा के अन्दर एवं लो.नि.वि. की विस्तृत विशिष्टियों/मानक के अनुयप पूर्ण करना होगा।
7. समस्त निविदादाताओं को उक्त सभी निविदाओं के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी विभिन्न शासनादेशों/नियमों/आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में निस्तारण माननीय जनपद न्यायालय, पीलीभीत में ही मान्य होगा।
9. सशर्त निविदा/डाक से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
10. निविदादाता किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यालय स्टाफ से पारिवारिक सम्बन्ध नहीं रखता हो।
11. निविदा के स्वीकार्य करने अथवा निरस्त करने का अधिकर अद्योहस्ताक्षरी (खण्ड विकास अधिकारी, मरौरी) में निहित होगा।
12. नियम व शर्तो के अधीन विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मरौरी से सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत, मरौरी

खण्ड विकास अधिकारी
मरौरी



## कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, बदायूं

पत्रांक: 1540/डूडा/ई-टेण्डरिंग/2025-26 दिनांक: 25.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण, बदायूं द्वारा मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत (अनु.सं.-37/83) के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से परियोजनाओं की ई-निविदायें दिनांक 17.04.2026 तक वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। सभी निविदायें एवं समस्त अभिलेख तथा शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 28.03.2026 से दिनांक 17.04.2026 समय 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे जहां से उन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता दिनांक 17.04.2026 समय 05:00 बजे तक अपने समस्त सम्बन्धित अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन प्राप्त निविदायें दिनांक 18.04.2026 को समय 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/परियोजना निदेशक बदायूं में खोली जायेगी।

परियोजना अधिकारी
डूडा, बदायूं



## कार्यालय नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा-पीलीभीत

पत्रांक: मैमो/न.पं.गु.भि./2025-26 **नोटिस** दिनांक: 30.03.2026

**अन्तर्गत धारा- 143, नगर पालिका अधिनियम, 1916**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार कॉलम-04 में अंकित व्यक्ति के द्वारा किये गये रजिस्टर्ड बैनामा के द्वारा हस्तांतरण के आधार पर कॉलम-05 में उल्लिखित व्यक्ति ने अपना नाम गृह कर पंजिका में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में प्रार्थना - पत्र दिया है, यदि कॉलम संख्या 05 में अंकित व्यक्ति अपने नाम को गृहकर पंजिका में अंकित किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 01 माह के अन्दर नगर पंचायत भिण्डारा में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। उल्लिखित समय-सीमा के अन्दर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा के गृहकर रजिस्टर में गृहकर वसूली के उद्देश्य से दर्ज कर लिया जायेगा।

| क्र. सं. | सम्पत्ति का विवरण | हस्तांतरण हेतु प्रस्तावित सम्पत्ति का वार्ड का नाम व पता | रजिस्टर्ड बैनामाकर्ता वसीयतनामाकर्ता/ दानकर्ता का नाम व पता | प्रस्तावित व्यक्ति का नाम जो उस व्यक्ति को गृहकर हेतु दर्ज किया जाना है | हस्तांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| | गाटा सं.-39/ 0.125 हे. रकवा- 60.59 वर्गमी. | वार्ड नं.-06, नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला पीलीभीत | श्री तरनदीप सिंह पुत्र स्व. हरजीत सिंह व श्रीमती मनदीप कौर पत्नी गुरप्रीत सिंह नि. वार्ड नं.- 06 नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा तहसील-अमरिया जिला पीलीभीत | श्री श्याम बिहारी राठौर पुत्र श्री मोहनलाल राठौर नि. ग्राम- भिण्डारा तह.- अमरिया जिला- पीलीभीत | रजिस्टर्ड बैनामा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पंचायत गुलड़िया भिण्डारा, पीलीभीत


# ताला तोड़कर नकदी और जेवर ले गए चोर

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार प्रथम में चोरों ने बेखौफ अंदाज में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोर नगदी और लाखों रुपये के जेवर समेट कर भाग निकले। घटना के बाद नगर में जहां चारों की दहशत व्याप्त हो गई है। वहीं पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं।

मोहल्ला बाजार प्रथम निवासी राहुल गुप्ता ने बताया कि वह जरूरी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर हर कोना खंगाल डाला। चोर करीब 20 हजार रुपये की नगदी, 20 ग्राम सोने की चेन और तीन-तीन ग्राम की दो सोने की अंगूठियां चुरा ले गए। वारदात के बाद घर का नजारा देख हर कोई सन्न रह गया। अलमारियां खुली पड़ी थीं और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। सुबह जब उनके भाई ने घर का ताला टूटा देखा तो तत्काल सूचना दी, जिसके बाद राहुल गुप्ता आनन-फानन में वापस लौटे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ताला तोड़ते वक्त एक संदिग्ध चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, बावजूद इसके अब तक उसकी गिरफ्तारी तो दूर पुलिस उसकी पहचान तक नहीं करा सकी है। वारदात से पुलिस की गश्त और सतर्कता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द खुलासे का भरोसा दिया है, लेकिन लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से मोहल्ले के लोग दहशत में हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

### लेखा परीक्षा विभाग में पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्त (लेखा-परीक्षा) विभाग ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में 4 वरिष्ठ लेखा परीक्षकों को पदोन्नत किया है। इनमें नीरज कुमार सिंह, पुष्पनारायण सिंह, मनोज कुमार अग्रहरि और अरुण कुमार सिंह (दिव्यांग) शामिल हैं। ये सभी अब सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (लेवल-8) पद पर कार्य करेंगे। तैनाती के आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को विशेष सचिव जयशंकर दूबे ने दी। जारी आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर दी गई है। यह पहली अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। तैनाती आदेश अलग से जारी होंगे। वेतनमान लेवल-8 (ग्रेड पे 4800) लागू किया गया है।

### एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच औद्योगिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से 31 मार्च 2026 को वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूपी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री राकेश सचान को औपचारिक आमंत्रण भेजा है। भोपाल से जारी पत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह सम्मेलन वाराणसी के रमाडा होटल में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य दोनों राज्यों के बीच व्यापार, शिल्प, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, पर्यटन तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है।

### पदाधिकारियों संग आज बैठक करेंगी मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम उप्र. में भाजपा और सपा के चुनावी शंखनाद के बाद बसपा ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, बैठक में आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों के जरिए संगठन विस्तार के अलावा चुनावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम माना जा रहा है। बैठक में बसपा प्रमुख द्वारा आगामी विधानसभा चुनावी तैयारियों के अलावा संगठन की जमीनी मजबूती, आर्थिक स्थिति और सर्व समाज में पार्टी का जनाधार बढ़ाने पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को सेवामित्र योजना के तहत संचालित कॉल सेंटर (टोल फ्री 155330) का निरीक्षण किया और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने की दिशा में इसकी उपयोगिता पर जोर दिया। इस दौरान उप्र. रोजगार मिशन के तहत युवाओं को देश-विदेश में रोजगार दिलाने के उद्देश्य से ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और एएफसी इंडिया लि. के साथ एमओयू किया गया। इसके जरिए युवाओं को अंग्रेजी, जर्मन, जापानी, अरबी और फ्रेंच भाषाओं का प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यक्रम में 'स्किल ब्रिज' पहल के तहत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। मंत्री ने कहा कि जापान, जर्मनी और यूरोपीय देशों में कुशल श्रमिकों की मांग को देखते हुए प्रदेश के युवाओं को तैयार किया जा रहा है।

### गोबरधन योजना से पंचायतों की बढ़ी आय

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गोबरधन योजना के जरिए गांवों में स्वच्छता के साथ आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल विकसित हो रहा है। गोबर और जैविक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से जहां स्वच्छ वातावरण बन रहा है, वहीं ऊर्जा और जैविक खाद उत्पादन के माध्यम से ग्राम पंचायतों की आय भी बढ़ रही है। फरवरी 2026 तक पंचायतों ने जैविक खाद और अन्य उत्पादों की बिक्री से 28 लाख रुपये से अधिक की आय अर्जित की है। आय के मामले में ललितपुर जिला सबसे आगे है, जहां 3.37 लाख रुपये से अधिक की कमाई हुई है। इसके बाद श्रावस्ती और रामपुर का स्थान है। प्रदेश के 74 जिलों में 116 बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें गोबर, रसोई कचरा और कृषि अवशेषों से स्वच्छ ऊर्जा और जैविक खाद तैयार की जा रही है। कई संयंत्र गौशालाओं में भी लगाए गए हैं। बायोगैस ऊर्जा का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय सुविधाओं के लिए किया जा रहा है।

# पीसीएस-2024 : यूपी की परीक्षा प्रणाली बनी राष्ट्रीय भरोसे का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**10** राज्यों के अभ्यर्थियों को मिली परीक्षा में सफलता

- **योगी मॉडल से पारदर्शी और मेरिट आधारित चयन को मजबूती**

**अमृत विचार:** उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस-2024 परीक्षा का परिणाम प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मजबूत संकेत बनकर उभरा है। इस बार चयन सूची में यूपी के साथ 10 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों की सफलता ने साबित किया है कि यूपी की परीक्षा प्रणाली अब राष्ट्रीय स्तर पर भरोसे का प्रतीक बन चुकी है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यूपी मॉडल ने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता को नई पहचान दी है। योग्यता आधारित चयन और तकनीकी निगरानी के चलते अब यूपी की परीक्षाएं देशभर के अभ्यर्थियों के लिए विश्वसनीय मंच बन गई हैं। इस बार कुल 932 चयनित अभ्यर्थियों में 864 (92.7%) उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि 68 (7.3%) अभ्यर्थी अन्य राज्यों से सफल हुए हैं।

**सभी राज्यों को समान अवसर:** राज्यवार आंकड़ों में मध्य प्रदेश से 20, हरियाणा से 18, बिहार से 12 और दिल्ली से 9 अभ्यर्थियों की सफलता दर्ज हुई है। यह दर्शाता है कि प्रदेश की परीक्षा प्रणाली में सभी को समान अवसर मिल रहा है और बाहरी राज्यों के अभ्यर्थी भी बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

**अभ्युदय योजना का असर, 43 अभ्यर्थी सफल :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभ्युदय कोचिंग योजना का प्रभाव भी इस परिणाम में स्पष्ट दिखा। इस योजना से जुड़े 43 अभ्यर्थियों ने पीसीएस-2024 में सफलता हासिल की है। निःशुल्क कोचिंग, मेंटरशिप और बेहतर मार्गदर्शन ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यह परिणाम योगी मॉडल की उस सोच को मजबूत करता है, जिसमें हर प्रतिभा को समान अवसर देने पर जोर है।

#### हर जिले से उभर रही प्रतिभाएं

जिला-वार विश्लेषण में 75 में से 74 जिलों के अभ्यर्थियों का चयन होना इस बात का प्रमाण है कि अब प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, आगरा और अयोध्या जैसे जिलों के साथ संभल, कन्नौज, कासगंज, महोबा और फतेहगढ़ जैसे छोटे जनपदों से भी अभ्यर्थियों की सफलता समावेशी विकास को दर्शाती है।

#### संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व

वर्गवार चयन में सामान्य वर्ग से 357, ओबीसी से 270, एससी से 186, ईडब्ल्यूएस से 97 और एसटी से 22 अभ्यर्थियों की सफलता संतुलित सामाजिक प्रतिनिधित्व को दिखाती है। टॉप 20 में ओबीसी वर्ग के 8 अभ्यर्थियों की मौजूदगी समान अवसर का मजबूत संकेत है। वहीं टॉप-5 में 80% महिला अभ्यर्थियों की सफलता महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संकेत है।

#### सफल अभ्यर्थियों को सीएम योगी ने दी बधाई



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 के परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफल अभ्यर्थियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की कार्यप्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ संपन्न कराया गया, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति युवाओं का विश्वास और मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएं और 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण में अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा के साथ निभाएं।

### अग्निवीर भर्ती रैली आगरा में कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सेना पहली अप्रैल से मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम, आगरा कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगी। इसमें उत्तर प्रदेश के 12 जिलों से लगभग 19 हजार चयनित अभ्यर्थी शामिल होंगे। चयनित अभ्यर्थी ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में सम्मिलित होंगे। सेना के साथ जिला प्रशासन ने रैली के सफल संचालन की व्यवस्थाएं की है। सेना ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे अपने प्रवेश पत्र के अनुसार, निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएंगे।

# समाजवाद के नाम पर 'परिवारवादी' खा जाते थे गरीबों का हक : मुख्यमंत्री योगी

## 27,99,982 विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवाद के नाम पर परिवारवादियों ने गरीबों का हक खा लिया था, लेकिन अब यह खेल बंद हो चुका है। चेतावनी दी कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को अब मालूम है कि उनकी जगह जेल है। जरूरत पड़ी तो उनकी बाप-दादा की कमाई भी जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कक्षा 9-10 और दशमोत्तर के 27,99,982 विद्यार्थियों के खातों में 3350 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति का अंतरण किया। उन्होंने गरीब परिवारों के मुख्य अर्जक की मृत्यु होने पर राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 33,334 आश्रित परिवारों को भी 100 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी सीधे खातों में भेजी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं को जमकर आड़े हाथ लिया। पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जिनके समय में दिव्यांगों को 300 रुपये पेंशन भी समय पर नहीं मिलती थी, वे आज सवाल उठा रहे हैं। छह महीने में 1800 रुपये जाते थे, लेकिन गरीब को आधे ही मिलते थे, बाकी सपा के गुंडे और बाबू हड़प जाते थे।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि 2016-17 में अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति तक नहीं दी गई, क्योंकि खजाना खाली कर दिया गया था और केंद्र की राशि भी डायवर्ट कर दी गई थी। उनकी सरकार को आने के बाद दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ देनी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक क्लिक पर हजारों करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में योगी सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, असीम अरुण, नरेंद्र कश्यप, दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह आदि मौजूद रहे।




लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा को छात्रवृत्ति का वितरण करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

- **गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों की जगह जेल, बाप-दादा की कमाई गरीबों में बांटेंगे: योगी**

#### सपा शासन में गुंडे चलाते थे समानांतर सरकार

सीएम योगी ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि सपा के शासन में गुंडे समानांतर सरकार चलाते थे, दलितों और वंचितों की कोई सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि महापुरुषों के स्मारकों के नाम तक बदल दिए गए और समाज को जाति के आधार पर बांटने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आज का प्रदेश पारदर्शिता, विकास और सुशासन का मॉडल बन चुका है।

# हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर प्रार्थना पत्र का समयबद्ध व संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी को भी भटकना नहीं पड़ेगा।

जनता दर्शन में मंदिर कब्जा, फसल नुकसान, सड़क और जमीन विवाद समेत कई मामले सामने आए। उन्नाव के बांगरमऊ से आई ममता तिवारी की मंदिर कब्जे की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। बदायूं के किसान द्वारा फसल नष्ट किए जाने की शिकायत पर उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बलरामपुर के एक फरियादी द्वारा खराब सड़क की समस्या उठाने पर अधिकारियों को मौके पर जाकर निर्माण सुनिश्चित करने को कहा गया।

#### जमीन के विवादों में कार्रवाई के निर्देश

जनता दर्शन में जमीन कब्जा, पारिवारिक विवाद और अवैध कॉलोनियों से जुड़े कई मामले भी आए। लखनऊ के एक मामले में आवास आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि सरोजिनी नगर के जमीन विवाद पर एसडीएम को तत्काल निस्तारण का आदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हर मामले में पीड़ित की संतुष्टि सर्वोपरि है और लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जन समस्याओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट कहा है कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आमजन को त्वरित न्याय दिलाना है और इसके लिए पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में जिम्मेदारी तय की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

### बीज-उर्वरक की कमी पर दी चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रदेश में बीज और उर्वरकों की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की कमी न होने पाए। कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक और उन्नत बीज उपलब्ध हैं, इसलिए किसानों को वितरण में परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वितरण में लापरवाही या भ्रष्टाचार की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बजट खर्च में लापरवाही पर वेतन से होगी भरपाई : शाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभागीय योजनाओं में बजट खर्च को लेकर अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बजट व्यय में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी और आवश्यकता पड़ने पर उनके वेतन से भरपाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री सोमवार को कृषि भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई समीक्षा बैठक कर रहे थे। वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि कुल 8620.65 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान के सापेक्ष अब तक 6432.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, जो 74.62 प्रतिशत है।

# बरेली-मुरादाबाद में 95 करोड़ से मजबूत होगा वैज्ञानिक ढांचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दोनों जिलों में साइंस पार्क स्थापना को वित्तीय स्वीकृति**
- **पहले चरण में करोड़ों की धनराशि जारी, 18 माह में पूरा होगा निर्माण**

**अमृत विचार:** प्रदेश में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए मुरादाबाद और बरेली में साइंस पार्क की स्थापना को प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। दोनों परियोजनाओं के लिए करीब 95 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि मंजूर की गई है और 18 माह में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पनधारी यादव द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार मुरादाबाद में साइंस पार्क के लिए 47.99 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें प्रथम चरण में 705.12 लाख रुपये निर्माण कार्य और 10 करोड़ रुपये मशीनरी व उपकरणों के लिए जारी होंगे। वहीं बरेली में 47.97 करोड़ रुपये की परियोजना के तहत 700 लाख रुपये निर्माण और 10 करोड़ रुपये उपकरणों के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

इन साइंस पार्कों में डिजिटल प्लेनेटेरियम, आधुनिक साइंस गैलरी, इंटरैक्टिव प्रदर्शनी और विज्ञान आधारित शिक्षण संसाधन विकसित किए जाएंगे। 'फन विद साइंस', 'एंशिएंट इंडियन साइंस', 'स्पेस साइंस' और 'इवोल्यूशन ऑफ लाइफ' जैसी थीम आधारित गैलरी के माध्यम से छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर रहेगा।

शासन ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट, तकनीकी परीक्षण और पर्यावरणीय मानकों के पालन को अनिवार्य किया है।

### अवैध बूचड़खानों पर रोक से प्राकृतिक खेती को मिला बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गो तस्करी की घटनाएं आम थीं, लेकिन योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद अवैध बूचड़खानों पर सख्त कार्रवाई कर इस पर प्रभावी रोक लगाई गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में लगभग 12,58,000 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है, जबकि 7,716 स्थानों पर गो संरक्षण का कार्य संचालित है। 'गो आधारित प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत करीब 94,000 हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# लखनऊ-कानपुर के 11 ब्लड सेंटरों पर कार्रवाई, संचालन पर तत्काल रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **एफएसडीए की जांच में अनियमितताएं मिलीं, अन्य केंद्रों को नोटिस जारी**

**अमृत विचार :** बदलते मौसम और संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की जांच में अनियमितताएं मिलने पर लखनऊ और कानपुर के 11 ब्लड सेंटरों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ के 25 और कानपुर के 13 रक्त केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अभिलेखों और रक्त संचालन से जुड़ी प्रक्रियाओं में गड़बड़ियां सामने आईं। इसके आधार पर लखनऊ के सात और कानपुर के चार रक्त केंद्रों पर सभी गतिविधियां तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गईं। विभाग ने अन्य रक्त केंद्रों में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। साथ ही स्थानीय औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा में अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। एफएसडीए का कहना है कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रक्त उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसलिए मानकों से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है।

#### कार्रवाई की जद में आए ये संस्थान

लखनऊ में जिन केंद्रों पर कार्रवाई हुई उनमें नोबेल चैरिटेबल ब्लड सेंटर, श्री साई ब्लड बैंक एंड कंपोनेंट सेंटर, अवध चैरिटेबल ब्लड बैंक, लिटिल स्टार चैरिटेबल ब्लड सेंटर, केएचएस चैरिटेबल ब्लड सेंटर, बॉम्बे चैरिटेबल ब्लड सेंटर और लखनऊ चैरिटेबल ब्लड एंड कंपोनेंट सेंटर शामिल हैं। वहीं कानपुर में वादा, मयांजलि, पुष्पांजलि और स्वास्तिक चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर रोक लगाई गई है।

पहल | यूपीएसआईएफएस को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी

# फॉरेंसिक के छात्रों को 'धुरंधर' बनाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दिग्गज संस्थानों से होंगे एमओयू बढ़ेगा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण**
- **जेल, मेडिकल कॉलेज और टेक्निकल संस्थानों से जुड़कर सीखेंगे अपराध की बारीकियां**



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) को देश के प्रमुख संस्थानों से जोड़कर छात्रों को 'जॉब रेडी' बनाने की तैयारी की गई है। इसके तहत यूपीएसआईएफएस चार प्रतिष्ठित संस्थानों महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर, धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू करने जा रहा है।

इस पहल का उद्देश्य फॉरेंसिक शिक्षा को केवल सैद्धांतिक न रखकर छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों में प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपराध जांच के क्षेत्र में दक्ष विशेषज्ञ बन सकें। यूपीएसआईएफएस के निदेशक जीके गोस्वामी के अनुसार मुख्यमंत्री का विशेष जोर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग पर है। केजीएमयू के साथ होने वाले एमओयू के तहत छात्र फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में पंचनामा से लेकर पोस्टमार्टम तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से समझेंगे। इससे उन्हें मौत की परिस्थितियों और वैज्ञानिक विश्लेषण की गहरी जानकारी मिलेगी।

वहीं, उप्र. कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं के साथ समझौते के तहत छात्र जेलों में जाकर बंदियों के केस स्टडी करेंगे। इससे वे अपराध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारणों को समझ सकेंगे। डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी के अनुसार, यह अनुभव छात्रों को अपराध की जड़ों तक पहुंचने में मदद करेगा।

महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गोरखपुर के साथ सहयोग से छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे और दोनों संस्थान मिलकर अत्याधुनिक तकनीक से लैस फॉरेंसिक लैब स्थापित करेंगे। इससे अनुसंधान और परीक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अलावा धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी गांधीनगर के साथ छात्र और फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम चलाए जाएंगे। इससे राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान और तकनीकी अनुभव का आदान-प्रदान होगा। इस पहल की एक खास विशेषता यह भी है कि फैकल्टी मेंबर्स भी एक-दूसरे के संस्थानों में जाकर लेक्चर देंगे, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता बेहतर होगी।

सरकार का मानना है कि डिजिटल क्राइम, साइबर फ्रॉड और जटिल आपराधिक मामलों में वैज्ञानिक जांच ही सटीक निष्कर्ष तक पहुंचने का सबसे विश्वसनीय माध्यम है। ऐसे में यह पहल न केवल छात्रों को दक्ष बनाएगी, बल्कि प्रदेश में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत करेगी।

# 38 नए हेलीपैड निर्माण को 29.89 करोड़ मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **जिला-तहसील स्तर पर स्वीकृत हैं हेलीपैड**

**अमृत विचार:** प्रदेश में हवाई संपर्क और वीआईपी मूवमेंट को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने सोमवार को विभिन्न जनपदों में 38 नए हेलीपैड के निर्माण को मंजूरी संबंधी शासनादेश जारी करते हुए इसके लिए कुल 29 करोड़ 89 लाख 43 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025-26 का है। जिला, तहसील और ब्लॉक मुख्यालय स्तर पर हेलीपैड निर्माण परियोजना के तहत पहले चरण में 10 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। इन हेलीपैडों का निर्माण प्रदेश के उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, औरैया, सोनभद्र, झांसी, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज समेत कई जिलों में किया जाएगा। इनका उद्देश्य मुख्यमंत्री, राज्यपाल और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारियों के दौरे के दौरान सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# अमृत विचार

मंगलवार, 31 मार्च 2026




लोकतंत्र अच्छा है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं, क्योंकि अन्य प्रणालियां इससे बदतर हैं।
–जवाहर लाल नेहरू, पूर्व प्रधानमंत्री



## घर में घिरे ट्रंप

अमेरिकी जनता में उभरता व्यापक जन-असंतोष मात्र सत्ता से नीतिगत मतभेद ही नहीं, बल्कि शासन-शैली और संस्थागत संतुलन पर गहरे सवालों का संकेत है। अमेरिका में 'नो किंग्स मूवमेंट' के तहत डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के विरुद्ध जिस प्रकार देशव्यापी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि लोकतांत्रिक समाजों में जनता केवल मतदाता नहीं, बल्कि सतत निगरानी करने वाली शक्ति भी है। इन प्रदर्शनों का दायरा केवल युद्ध नीतियों तक सीमित नहीं। संघीय इमिग्रेशन कानूनों की कठोरता, बढ़ती महंगाई और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर जनता की मुखरता ने ट्रंप के लिए नया मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी जनता के एक वर्ग में यह धारणा मजबूत हुई है कि सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और कार्यपालिका, विशेषकर राष्ट्रपति, अपनी शक्तियों का विस्तार असाधारण रूप से कर रहे हैं। ट्रंप द्वारा एग्जीक्यूटिव ऑर्डर का व्यापक उपयोग, राज्यों की आपत्तियों के बावजूद नेशनल गार्ड की तैनाती और कथित राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ जांच या मुकदमे चलाने के संकेत, इन सबने इस असंतोष को हवा दी है। आलोचकों का आरोप है कि यह प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र की संस्थागत परंपराओं के विपरीत है। ट्रंप स्वयं को 'राजा न होने और 'राष्ट्रहित में निर्णायक नेतृत्व' देने की बात भले ही कहते रहें, पर लोकतंत्र में केवल दावों से नहीं, बल्कि संस्थागत आचरण से विश्वास बनता है। व्हाइट हाउस द्वारा इन विरोध प्रदर्शनों को 'ट्रंप डिरेंजमेंट थेरेपी' कहकर खारिज करना भी चिंताजनक है। यह न केवल असहमति का सामान्यीकरण है, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करने वाला दृष्टिकोण भी है। इतिहास बताता है कि जनमत को नज़रअंदाज़ करने की कीमत राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ती है, विशेषकर तब, जब मिडटर्म चुनाव नजदीक हों। यदि ये प्रदर्शन व्यापक और लगातार बने रहते हैं, तो ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग पर नकारात्मक असर पड़ना तय है और इससे चुनावी परिणाम भी प्रभावित हो सकते हैं। तमाम शहरों में जनता का सड़कों पर उतरना यह दर्शाता है कि युद्ध की कीमत समाज को भी चुकानी पड़ती है। लंदन सहित यूरोप के अन्य हिस्सों में भी अमेरिका-इजराइल की नीतियों के खिलाफ आवाज उठ रही है, जो वैश्विक जनमत के बदलते स्वरूप का संकेत है। ये विरोध युद्ध को प्रत्यक्ष तो नहीं रोक सकते हैं, परंतु वे राजनीतिक नेतृत्व पर दबाव अवश्य बनाते हैं। लोकतंत्रों में जनमत दीर्घकालिक नीति-निर्माण को प्रभावित करता है और यही इन आंदोलनों की वास्तविक शक्ति है। भारत के लिए इसमें महत्वपूर्ण सीख छिपी है। पहली, लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना उसकी मजबूती का संकेत है, कमजोरी का नहीं। दूसरी, विदेश नीति में संतुलन न तो अंध समर्थन, न ही अनावश्यक विरोध- पारंपरिक 'रणनीतिक स्वायत्तता' का आधार होना चाहिए। तीसरी, आंतरिक रूप से यह सुनिश्चित करना कि विकास, सुरक्षा और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संतुलन बना रहे।

अमेरिका में उठती ये आवाजें हमें याद दिलाती हैं कि लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, जवाबदेही और जनविश्वास से संचालित होता है। भारत को इस वैश्विक परिघटना से सीखते हुए अपने पहले ही सुदृढ़ लोकतांत्रिक मूल्यों को और प्रबलित करना चाहिए।

### प्रसंगवश

## भगवान महावीर: सत्य, तप व संयम की शाश्वत संहिता

प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। महावीर जयंती इस वर्ष 31 मार्च को मनाई जा रही है। भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। 'अहिंसा परमो धर्मः' सिद्धांत के लिए जाने जाते रहे, भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज के समय में सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, क्योंकि वर्तमान समय में मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

महावीर का जन्म होते ही उनके पिता राजा सिद्धार्थ के राज्य, मान-प्रतिष्ठा और धन-धान्य में वृद्धि होने लगी थी, इसीलिए उनका नाम वर्धमान रखा गया था और चूंकि वर्धमान बचपन से ही बड़े साहसी व निर्भीक थे, इसीलिए उनके पराक्रम के कारण आगे चलकर वे महावीर के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है।

भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कर्मानुसार ही देव, मनुष्य, नर्क व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते, बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रूग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है, या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और 'जीओ व जीने दो' का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है।

उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दंड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान् व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## 'नो किंग्स' से गूंजा लोकतंत्र का वैश्विक संदेश






राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उभरता जनाक्रोश अब केवल राजनीतिक असहमति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत संतुलन और नागरिक चेतना की व्यापक अभिव्यक्ति बन चुका है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका के लगभग 50 शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए, वहीं यूरोप और ऑस्ट्रेलिया सहित 12 देशों में भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज बुलंद की। 3300 से अधिक स्थानों पर विरोध और 80 से अधिक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि यह आंदोलन अब वैश्विक स्वरूप ग्रहण कर चुका है।

इस व्यापक विरोध के केंद्र में केवल ट्रंप की नीतियां ही नहीं, बल्कि सत्ता के केंद्रीकरण के प्रति बढ़ती चिंता भी है। इसी संदर्भ में नो किंग्स प्रोटेस्ट का उभार विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यह आंदोलन इस विचार के खिलाफ है कि कोई भी नेता लोकतांत्रिक ढांचे में निरंकुश या राजा की तरह व्यवहार करे। नो किंग्स का संदेश स्पष्ट है, लोकतंत्र में सर्वोच्च सत्ता जनता के पास होती है, न कि किसी एक व्यक्ति के हाथों में।

ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अपनाई गई नीतियों, जैसे- सख्त आव्रजन नीति, नस्लीय मुद्दों पर विवादित टिप्पणियां और मीडिया व न्यायपालिका के साथ टकराव ने अमेरिकी समाज को गहरे स्तर पर विभाजित किया। उनके समर्थक, जहां उन्हें एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता के रूप में देखते हैं, वहीं आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए खतरा मानते हैं। यही विभाजन आज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। नॉट माई प्रेसिडेंट और नो किंग्स जैसे नारों का उभार यह दर्शाता है कि एक बड़ा वर्ग सत्ता के प्रति असहमति को खुलकर व्यक्त कर रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह असहमति की स्वतंत्रता को दर्शाती है, वहीं दूसरी ओर यह प्रतिनिधित्व के संकट की ओर भी संकेत करती है। जब नागरिक अपने ही निर्वाचित नेता को स्वीकार करने से इंकार करते हैं, तो यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं। अमेरिका का इतिहास नागरिक अधिकार आंदोलनों, युद्ध विरोधी अभियानों और सामाजिक न्याय के संघर्षों से भरा रहा है। नो किंग्स आंदोलन उसी परंपरा का आधुनिक संस्करण है, जो यह सुनिश्चित करना चाहता है कि सत्ता का दुरुपयोग न हो और लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत बनी रहें। इस आंदोलन में युवाओं और शिक्षित वर्ग की भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय परिसरों में हुए प्रदर्शन यह दर्शाते हैं कि नई पीढ़ी राजनीतिक रूप से जागरूक है और वह सत्ता से जवाबदेही की मांग कर रही है। डिजिटल युग ने इस आंदोलन को और गति दी है। सोशल मीडिया के माध्यम से विचारों का तेजी से प्रसार हो रहा है, जिससे आंदोलन की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस विरोध के गहरे निहितार्थ हैं। अमेरिका को लंबे समय से लोकतंत्र का आदर्श माना जाता रहा है, ऐसे में वहां इस तरह के व्यापक विरोध-प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र एक सतत् प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सुधार की आवश्यकता होती है।

अब यदि इस पूरे घटनाक्रम को भारत के संदर्भ में देखा जाए, तो कई महत्वपूर्ण समानताएं और सीख सामने आती हैं। भारत भी एक विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहां समय-समय पर नागरिक अपनी असहमति व्यक्त करते रहे हैं। चाहे वह नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हों, किसान आंदोलन हो, या अन्य सामाजिक राजनीतिक मुद्दे, भारतीय समाज ने भी लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए अपनी आवाज उठाई है।

भारत में भी अक्सर यह बहस होती है कि क्या सत्ता का केंद्रीकरण लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में अमेरिका का नो किंग्स आंदोलन भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता, मीडिया की निष्पक्षता और न्यायपालिका की स्वायत्तता अत्यंत आवश्यक है। यदि ये संतुलन बिगड़ता है, तो नागरिकों का असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

भारत और अमेरिका की परिस्थितियां पूरी तरह समान नहीं हैं। भारत की सामाजिक संरचना, राजनीतिक इतिहास और सांस्कृतिक विविधता अलग है। फिर भी, दोनों देशों में एक समान तत्व यह है कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब जनता जागरूक होती है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहती है, तभी लोकतंत्र जीवंत बना रहता है। यह भी उल्लेखनीय है कि किसी भी विरोध-प्रदर्शन की सफलता उसकी प्रकृति पर निर्भर करती है। अमेरिका में हुए अधिकांश प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि नागरिक अपने अधिकारों का प्रयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं। भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण सीख है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को शांतिपूर्ण और रचनात्मक बनाए रखना आवश्यक है, ताकि वे व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकें और सकारात्मक बदलाव ला सकें।

ट्रंप के खिलाफ यह आक्रोश केवल एक व्यक्ति के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारा के खिलाफ है, जो लोकतंत्र को कमजोर कर सकती है। नो किंग्स आंदोलन इस बात का प्रतीक है कि नागरिक किसी भी प्रकार के निरंकुश व्यवहार को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत सहित पूरी दुनिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है। जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हैं और आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतरते हैं, तभी लोकतंत्र जीवंत और प्रभावी बना रहता है। यही इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा निष्कर्ष है।

अमेरिका के दर्जनों शहरों में 'नो किंग्स' आंदोलन हो रहे हैं। यह भारत सहित पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है कि सत्ता चाहे जितनी मजबूत क्यों न हो, उसकी वैधता जनता की स्वीकृति पर ही निर्भर करती है।

### आमने सामने



ममता दीदी हमेशा पीड़ित होने का नाटक करके राजनीति खेलती हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी वो सिर पर पट्टी बांधे नजर आती हैं। कभी-कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और अब वह (चुनाव) आयोग के सामने खुद को असहाय बता रही हैं और उसकी झूठी आलोचना कर रही हैं।
–अमित शाह
केंद्रीय गृहमंत्री

वे कहते हैं कि मैं चुनाव के समय पट्टी बांधकर घूमती हूं। मैं कई बार मौत के मुंह से वापस लौटी हूं। जाकर डॉक्टर की रिपोर्ट देखिए। क्या आपने साल 2021 के चुनाव में जानबूझकर मेरे पैर को चोट पहुंचाई थी? मैंने व्हीलचेयर पर बैठकर प्रचार किया।
–ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



## उत्तर भारत की जल सुरक्षा पर मंडराता संकट



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कश्मीर की वादियों में मार्च का महीना आमतौर पर बर्फ के पिघलने और नदियों के उफनते वेग का प्रतीक होता है, लेकिन साल 2026 के मार्च का पहला सप्ताह एक ऐसी खामोशी लेकर आया है, जिसने पर्यावरणविदों और नीति-निर्धारकों की नींद उड़ा दी है। झेलम नदी, जो सदियों से सभ्यता और संस्कृति की संवाहिका रही है, उसका प्रवाह अचानक थम सा गया है। श्रीनगर के बीचों-बीच सूखी गाद और उभरते पत्थरों का दृश्य केवल एक स्थानीय भौगोलिक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह समूचे उत्तर भारत की जल व्यवस्था के लिए एक खतरे की घंटी है। इस संकट की जड़ें जितनी गहरी हैं, इसके परिणाम उतने ही व्यापक और विनाशकारी हो सकते हैं।

झेलम का उद्गम कश्मीर घाटी के ऊपरी हिस्से में स्थित बेरीनाग से है और यह लीदर घाटी की बर्फ से जल धारा प्राप्त करती है। वूलर झील में मिलने के पूर्व श्रीनगर के बाद इसमें सिंधु नदी मिलती है। बारामूला के नीचे झेलम कश्मीर घाटी को छोड़कर तेज गति से आगे बढ़ती है और गहरी घाटी बनाती हुई पश्चिम की ओर होती हुई मुजफ्फराबाद पहुंचती है, जहां दाईं ओर से आकर किशनगंगा मिलती है। इसके बाद नदी दक्षिण की ओर कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा-रेखा बनाती हुई बहती है और झेलम शहर के उत्तर-पूर्व में पाकिस्तान में प्रवेश करती है। यहां से 322 किमी आगे बहने के बाद तिरमू के पास यह चेनाब में मिल जाती है। स्पष्ट है झेलम पर दोनों देशों के लाखों लोगों की उम्मीदें रहती हैं– खेत के लिए, पेयजल और बिजली परियोजनाओं के लिए। मार्च के तीसरे हफ्ते में कुछ बरसात और बर्फबारी हुई है, लेकिन नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। झेलम सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं। झेलम जैसी नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं और जब पहाड़ों का 'वाटर बैंक' ही खाली हो, तो मैदानों में प्रवाह की उम्मीद बेमानी हो जाती है, लेकिन संकट केवल नदी के सूखने तक सीमित नहीं है; इसका भयावह असर कश्मीर की पहचान मानी जाने वाली डल झील पर भी दिखने लगा है। झेलम में कम होते प्रवाह और पानी की गति थमने के कारण डल झील के बड़े हिस्से अचानक गहरे हरे रंग में तब्दील हो गए हैं। स्थानीय निवासी, जो दशकों से इस झील के किनारे रह रहे हैं, बताते हैं कि उन्होंने अपने जीवन में डल का ऐसा रूप पहले कभी नहीं देखा। विशेषज्ञों के अनुसार, जब नदी का इनफ्लो (आवक) कम हो जाता है और पानी स्थिर रहने लगता है, तो पोषक तत्वों (न्यूट्रिएंट्स) का जमाव बढ़ जाता है, जिससे पानी की सतह पर इस तरह के बदलाव दिखाई देते हैं।

इस सूखे का तात्कालिक कारण सर्दियों के दौरान हिमालयी क्षेत्र में वर्षा और हिमपात की भारी कमी है। कश्मीर की नदियां मुख्य रूप से बर्फ के पिघलने पर निर्भर करती हैं। जब सर्दियों के 'चिल्लई कलां' जैसे कठिन समय में पहाड़ों पर बर्फ की परतें नहीं जमीं, तो बसंत के आगमन पर नदियों को मिलने वाला प्राकृतिक भंडार खाली रह गया। यह 'हिम-ऋण' अब झेलम के सूखे तल के रूप में हमारे सामने है। झेलम का सूखना केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के चरमराने का संकेत है। इसका सबसे पहला और सीधा प्रहार कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ेगा। झेलम घाटी के धान के खेत और दक्षिण कश्मीर के विश्व प्रसिद्ध फलों के बागान इसी नदी के जल पर आश्रित हैं। मार्च और अप्रैल का समय बुवाई और सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यदि इस समय जल का प्रवाह न्यूनतम रहा, तो इसका असर न केवल उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि भविष्य की फसल सुरक्षा भी अनिश्चित हो जाएगी। कृषि के बाद, ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा संकट हमारे सामने खड़ा है। भारत की कई महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाएं झेलम के बहाव पर टिकी हैं। नदी का स्तर गिरने से बिजली उत्पादन ठप हो सकता है, जिससे पूरे उत्तरी ग्रिड पर दबाव बढ़ेगा और हमें वैकल्पिक, प्रदूषित ऊर्जा स्रोतों की ओर मुड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। जल कूटनीति के नजरिए से भी यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। सिंधु जल संधि के प्रावधानों के तहत झेलम के पानी का एक बड़ा हिस्सा सीमा पार जाता है, जबकि भारत के पास इसके सीमित उपयोग के अधिकार हैं। जब प्रकृति की ओर से ही पानी की आवक कम होगी, तो दोनों देशों के बीच संसाधनों के बंटवारे को लेकर तनाव बढ़ना लाजिमी है। ऐसी स्थिति में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कूटनीतिक जटिलताएं बढ़ सकती हैं, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए नई चुनौतियां पेश करेंगी। शहरी जल जीवन और जैव विविधता पर पड़ने वाले प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। झेलम का धीमा पड़ता वेग वुलर और डल जैसी विशाल झीलों और आर्द्रभूमियों के अस्तित्व को संकट में डाल रहा है। प्रवासी पक्षियों के आवास और जलीय जीवों का विनाश इस त्रासदी का वह मौन अध्याय है, जिसे अक्सर विकास की फाइलों में जगह नहीं मिलती। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

झेलम नदी के हालात इतने खराब हैं कि यह जल-आवक ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। इसके सूखने के संकट की जड़ें सर्दियों के दौरान हुई वर्षा और हिमपात की भारी कमी में छिपी हैं।

### सोशल फोरम

## पुरुष का मन

पुरुष के भीतर एक ऐसी जगह होती है, जहां वह खुद भी आसानी से नहीं पहुंच पाता। बाहर की दुनिया में वह चलता-फिरता, बोलता-बतियाता, फैसले लेता हुआ दिखाई देता है, लेकिन भीतर कहीं एक शांत, गोल-सी जगह होती है, जहां उसके अपने नियम चलते हैं। उस जगह में प्रवेश करना ऐसा होता है, जैसे किसी बंद कमरे में कदम रखना, जहां हर हरकत का अपना अर्थ होता है।



आरके आंद रश
कारोबारी

पुरुष का मन अक्सर बाहर से कठोर दिखता है, लेकिन भीतर वह एक अनुशासन चाहता है। यह अनुशासन किसी डर से नहीं बनता, बल्कि इसलिए बनता है कि भीतर की शांति टूट न जाए। जब आदमी अपने भीतर उतरता है, तो उसे महसूस होता है कि वहां हर दिशा, हर कदम का महत्व है। अगर वह जल्दी-जल्दी भागेगा, अगर वह बिना सोचे किसी भी भावना के बीच से गुज़र जाएगा, तो भीतर की व्यवस्था बिगड़ जाती है।

मन के भीतर भी एक 'आग' होती है। यह आग क्रोध की नहीं होती, बल्कि चेतना की होती है। यही वह जगह है, जहां आदमी अपनी बात खुद से कहता है, जहां उसके संदेह, पछतावे, उम्मीदें और प्रार्थनाएं एक साथ बैठती हैं। इस आग के साथ एक रिश्ता बनाना पड़ता है। अगर आदमी इसे अनदेखा करता है, अगर वह इसमें हर तरह का कचरा छोटी-छोटी शिकायतें, दूसरों की नकल, या बेकार की तुलना डालने लगता है, तो धीरे-धीरे यह आग धुंधली पड़ जाती है।

बहुत से पुरुष बाहर की दुनिया में तो मजबूत दिखते हैं, लेकिन जब वे अपने भीतर बैठते हैं तो उन्हें एहसास होता है कि बैठना भी एक अभ्यास है। शरीर की तरह मन को भी एक मुद्रा चाहिए। जब आदमी थोड़ी देर शांत बैठता है, अपनी पीठ सीधी रखता है, अपने विचारों को भागने नहीं देता, तभी भीतर की आवाज़ धीरे-धीरे साफ़ सुनाई देने लगती है। अगर वह बेचैन होकर हर पल उठने-बैठने लगे, तो वह आवाज़ खो जाती है।

पुरुष का मन एक बंद जगह की तरह भी होता है। उसमें हर कोई, हर विचार, हर भावना बिना इजाज़त नहीं आ सकती, लेकिन अक्सर पुरुष खुद ही इस नियम को भूल जाता है। वह हर आलोचना को भीतर आने देता है, हर तुलना को जगह दे देता है, हर डर को अपने कमरे में बैठा लेता है। धीरे-धीरे उसका मन भीड़ से भर जाता है। फिर उसे समझ नहीं आता कि उसकी अपनी आवाज़ कौन-सी है।

**–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## बराबरी है तो जमीन पर भी नजर आनी चाहिए

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुंच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएं बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय 'साल्ट' के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयां केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है। एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहां विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहां कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहां हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएं, संस्कृतियां और स्थानीय आवश्यकताएं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए एक 'कॉमन कोर' के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे।

न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुंचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊंची फीस- ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निःशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।






# ऋषियों की तपोभूमि चंदौली है प्राचीन काशी

पूर्वी उत्तर प्रदेश की पावन भूमि पर स्थित चंदौली जनपद को सामान्यत: आधुनिक प्रशासनिक इकाई के रूप में देखा जाता है, किंतु इतिहास, पुरातत्व और आध्यात्मिक परंपराओं की दृष्टि से यह क्षेत्र प्राचीन काशी परंपरा का अविभाज्य अंग रहा है। काशी केवल वर्तमान वाराणसी तक सीमित नहीं रही, अपितु प्राचीन काल में इसका सांस्कृतिक-धार्मिक विस्तार चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र और गाजीपुर तक फैला हुआ था। मां गंगा ने संगम नगरी प्रयागराज के पश्चात विन्ध्य पर्वत को छूते हुए वाराणसी के दक्षिण दिशा से बाबा विश्वनाथ मंदिर वाले भाग काशी को अपनी गोद में लिया, तो तपस्थली वाले भाग प्राचीन काशी चंदौली को भी गाजीपुर के पूर्व ही उत्तर दिशा से काशी के दोनों संपूर्ण भाग को सामान्य रूप से गौरवान्वित किया है। प्राचीन काशी चंदौली के भौगोलिक मानचित्र पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के रसूलपुर से वैराठ तक आज भी विद्यमान है। इसकी महत्ता पौराणिक ग्रंथों में विधिवत वर्णित है। यहां ऋषियों की तपोभूमि, शिव-शक्ति उपासना और वैदिक संस्कृति की सशक्त छाप आज भी विद्यमान है। चंदौली का नाम चंद्रसाह नामक बरहौलिया राजपूत के नाम पर बताया जाता है, जिन्होंने यहां एक किला बनवाया था।


गौरीशंकर वैश्य विनम्र
लखनऊ

## नगर की प्राचीनता

यह पूरा जिला काशी राज्य के अधिकार में था। इस जिले से संबंधित अनेक कथाओं के अतिरिक्त यहां प्राचीनकाल की मूल्यवान धरोहरों के प्रमाण पाए गए हैं। ईंट आदि के अवशेष जहां-तहां बिखरे पड़े हैं, अनेक तालाब और कुंड हैं। एक बहुत प्राचीन क्षेत्र बलुआ है, जो सकलडीहा तहसील से 22 किलोमीटर दक्षिण गंगा नदी के तट पर स्थित है। यहां हिंदुओं का एक धार्मिक मेला हर वर्ष माघ महीने में मौनी अमावस्या के दिन लगता है। यह पश्चिम वाहिनी मेला के नाम से जाना जाता है। सकलडीहा तहसील का गांव एक महान अघोरेश्वर संत कीनाराम की जन्मभूमि है। वे वैष्णव धर्म के अनुयायी थे, इनका शिव और शक्ति में गहरा विश्वास था। हेतमपुर गांव एक प्राचीन स्थान है, यहां एक किला है, जिसे 'हेतमपुर किला' कहा जाता है। कहा जाता है कि इसको 14 वीं-15 वीं शताब्दी के बीच राजा टोडरमल के द्वारा निर्मित कराया गया था,जो शेरशाह सूरी के राज्य में निर्माण पर्यवेक्षक थे। मुगलकाल के बाद जागीरदार हेतमखां ने इस पर कब्जा कर लिया। चंदौली के राजदरी, देवदरी, चन्द्रप्रभा क्षेत्र तथा आसपास की पहाड़ियों में शैलचित्र, पत्थर के औजार और गुफाएं मिली हैं। ये प्रमाण बताते हैं कि यहां आदिम मानव निवास करता था और यह क्षेत्र जीवन, साधना और प्रकृति-पूजा का केंद्र था। चंदौली का चौसठी देवी क्षेत्र, चन्द्रप्रभा वन्य क्षेत्र और आसपास के स्थल बौद्ध काल में भी महत्वपूर्ण रहे। समीप स्थित सारनाथ से इसका सीधा सांस्कृतिक संबंध रहा। बौद्ध भिक्षु ध्यान और साधना हेतु इन वनों में निवास करते थे।





## मोक्षदायिनी नगरी

'काश्यां मरणान्मुक्ति:' काशी की यह आध्यात्मिक ऊर्जा केवल एक नगर तक सीमित नहीं थी। चंदौली उस ऊर्जा का वनांचली और तपस्वी स्वरूप रहा। चंदौली क्षेत्र में शिवलिंगों, देवी मंदिरों और शक्ति स्थलों की प्राचीन परंपरा है। यहां की लोक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काशी क्षेत्र की रक्षा हेतु इन वनों में विचरण किया। चंदौली में स्थित चन्द्रप्रभा नदी और वन क्षेत्र को अत्यंत पवित्र चंद्रप्रभा तीर्थ के माना जाता है। यहां स्थित जलप्रपात और कुंडों को प्राचीन काल में तपस्या और स्नान के लिए श्रेष्ठ माना गया। यह स्थान केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, अपितु आध्यात्मिक शांति का केंद्र रहा है।

## विश्वामित्र की कर्मस्थली

चंदौली भूभाग पर हजारों वर्षों से अब तक ऋषि-महर्षियों के तप करने का प्रमाण उपलब्ध है। गंगा नदी के तटों से लेकर वाणगंगा और चकिया नौगढ़ के जंगलों तक विस्तृत यह क्षेत्र सभी दृष्टिकोण से सुरक्षित और शांतिप्रिय रहा है, जहां सैकड़ों वर्षों तक एक मुद्रा में बैठे ऋषि-मुनियों ने साधना की। प्राचीन काशी में ही महर्षि याज्ञवल्क्य को चकिया के पठारी तथा जंगली क्षेत्र की शांति खींच लाई थी। जहां उन्होंने एक पैर पर खड़े होकर सैकड़ों वर्ष तपस्या किया। भगवान शंकर से नाराज होकर महर्षि वेदव्यास ने प्राचीन काशी (चंदौली) के साहूपुरी (व्यासनगर) में आए, जहां अपना क्रोध - त्याग किया और वहीं साधना करने लगे। महर्षि विश्वामित्र ने अपनी कर्मस्थली और लीलास्थली नौगढ़ क्षेत्र को बनाया, इसका प्रमाण कर्मनाशा के रूप में विस्तृत है। महाराज दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी इसी भूभाग से जुड़ी है, जहां मगरौर में महाराज भरत के जन्म का प्रमाण मिलता है, इनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। विद्वानों का यह भी मानना है कि इस समृद्ध क्षेत्र में कभी है हयवंशी क्षत्रियों के संहार हेतु यमदग्नि-पुत्र परशुराम ने अशांति फैलायी थी, जिसका प्रमाण रायल ताल को माना जाता है।



## लोक आस्थाएं एवं परंपराएं

चंदौली की ग्राम्य संस्कृति में आज भी काशी की परंपराएं जीवित हैं। श्रावण मास की शिव पूजा, कार्तिक स्नान, लोक देवी-देवताओं की आराधना, संस्कारों में वैदिक मंत्रोच्चार यह सब दर्शाता है कि चंदौली केवल भौगोलिक इकाई नहीं, अपितु यहां के लोक जीवन में आध्यात्मिक निरंतरता व्याप्त है। चंदौली की लोक संस्कृति में काशी की छवि स्पष्ट दिखाई देती है। यहां की भोजपुरी-काशी बोली में राम, शिव, गंगा और काशी से जुड़े असंख्य लोकगीत प्रचलित हैं। विवाह, जन्म और पर्वों पर गाए जाने वाले गीतों में काशी को पुण्य स्थल के रूप में स्मरण किया जाता है। यहां के शिवरात्रि मेले,नवरात्र उत्सव, कार्तिक पूर्णिमा आदि आयोजनों में काशी परंपरा की झलक मिलती है।

## वर्तमान स्वरूप

आज का चंदौली जनपद आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक विकास के संतुलन का उदाहरण है। वाराणसी से 20 मई, 1997 में अलग होकर चंदौली जनपद बना। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग में स्थित है, जो वाराणसी से 30 किलोमीटर दूरी पर है। यह जनपद वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र से घिरा हुआ है, जो इसके ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व को और पुष्ट करता है। चंदौली को उत्तर प्रदेश का 'धान का कटोरा' कहा जाता है। उपजाऊ भूमि, नहर प्रणाली, कर्मनाशा और चन्द्रप्रभा के जल से परिपूरित यह क्षेत्र कृषि के साथ-साथ अब औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों की ओर भी बढ़ रहा है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य, जलप्रपात, ऐतिहासिक स्थल और अनेक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र हैं। यदि इनका समुचित विकास किया जाए, तो चंदौली आध्यात्मिक-पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान प्राप्त कर सकता है। चंदौली और काशी का पुराना अटूट संबंध है। जहां काशी (वाराणसी) ज्ञान, मोक्ष और चेतना का केंद्र रही, वहीं चंदौली उसका वन्य, तपस्वी और प्राकृतिक विस्तार क्षेत्र कहा जा सकता है। चंदौली ने काशी की आत्मा को अपने वनों, नदियों, लोक जीवन और आस्थाओं में सुरक्षित रखा है। आज आवश्यकता है कि इस विरासत को पहचाना जाए, संरक्षित किया जाए और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाए। चंदौली केवल एक जनपद नहीं, अपितु यह प्राचीन काशी की जीवित स्मृति है।

पौराणिक कथा

# कर्ण और वृषकेतु

वेदव्यास लिखित महाभारत में कर्ण की कथा अत्यंत मार्मिक और रहस्यमयी रूप में वर्णित मिलती है। विवाह से पूर्व ऋषि दुर्वासा के वरदान के प्रभाव से कुंती को एक पुत्र प्राप्त हुआ, जिसे समाज के भय से उन्होंने नदी में बहा दिया। यह बालक सूर्यपुत्र कर्ण था। नदी की धारा में बहते हुए उस शिशु को सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी ने अपनाकर उसका पालन-पोषण किया। आगे चलकर हस्तिनापुर के महाराज धृतराष्ट्र के ज्येष्ठ पुत्र दुर्योधन ने कर्ण की प्रतिभा को पहचानते हुए उसे अपना मित्र बनाया और अंग देश का राजा बनाया। कर्ण के जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यही रही कि न तो वह स्वयं अपने जन्म का सत्य जान पाया और न ही पांडव और कौरव इस रहस्य से परिचित थे कि वह कुंती का ज्येष्ठ पुत्र है। कर्ण की दो पत्नियां थीं-ऋषाली और सुप्रिया। ऋषाली सूत कुल की थीं। उनसे कर्ण को नौ पुत्र प्राप्त हुए। महाभारत युद्ध के दौरान कर्ण के आठ पुत्र- वृषसेन, चित्रसेन, सत्यसेन, सुसेन, शत्रुंजय, प्रसेन, बनसेन और अन्य अर्जुन, भीम तथा सात्यकि जैसे महारथियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। केवल सबसे छोटा पुत्र वृषकेतु, जो उस समय अल्पायु था, भीष्म पितामह के आदेश से युद्ध में शामिल नहीं हुआ।


शिवचरण चौहान
लेखक



महाभारत युद्ध के उपरांत कर्ण का अंतिम संस्कार उसके वरदानानुसार श्रीकृष्ण के हाथों संपन्न हुआ। कर्ण की पत्नी ऋषाली पति-वियोग सहन न कर सकीं और सती हो गईं। इधर वृषकेतु ने पिता की मृत्यु का प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया, परंतु सम्राट युधिष्ठिर ने सत्य स्वीकार करते हुए कर्ण को अपना बड़ा भाई घोषित किया और वृषकेतु को स्नेहपूर्वक इंद्रप्रस्थ का अधिपति बना दिया। वृषकेतु ने बाद में अर्जुन के साथ कई सैन्य अभियानों में भाग लिया। कुंती द्वारा कर्ण जन्म का रहस्य छिपाए जाने पर धर्मराज युधिष्ठिर ने अपनी माता को श्राप दिया कि भविष्य में कोई भी स्त्री रहस्य नहीं छिपा सकेगी। इसके पश्चात उन्होंने कुंती का त्याग कर दिया। कुंती, धृतराष्ट्र, गांधारी, विदुर और संजय वन को प्रस्थान कर गए। कहा जाता है कि कर्ण को न स्वीकार पाने का पश्चाताप कुंती को जीवनभर व्यथित करता रहा, ऐसे में वृषकेतु ने ही उनका सहारा बनकर सेवा की।

एक दिन जंगल में आग लग गई और आग बहुत तेजी से फैलने लगी। आंखों में पट्टी बांधे गांधारी और धृतराष्ट्र नहीं भाग सके। जंगल की आग में जलने लगे तो उनके साथ कुंती, विदुर और संजय ने साथ नहीं छोड़ा और सभी के सभी जंगल की आग में जलकर मृत्यु को प्राप्त हुए। बाद में जब पांडव हिमालय की ओर प्रस्थान कर गए, तब इंद्रप्रस्थ का शासन वृषकेतु और हस्तिनापुर का राज्य परीक्षित के हाथों में रहा। परीक्षित की मृत्यु तक्षक नाग के दंश से हुई, जिसके पश्चात उनके पुत्र जनमेजय ने नाग यज्ञ का आयोजन किया।

# अलखनाथ मंदिर: भाव ही भक्ति



आनंद अखाड़ा के नागा बाबा अलखिया के नाम पर पड़ा अलखनाथ मंदिर नाम किला रोड स्थित 84 बीघे में फैला बेहद प्राचीन है। मुगलों के आक्रमण के समय धर्मरक्षा का केंद्र था यह मंदिर। बताते हैं कि वट वृक्ष के बीचो-बीच शिवलिंग स्वयं प्रकट हुए थे। मुगल शासकों के आक्रमण के समय में मंदिर व धर्म की साख बचाने के लिए आनंद अखाड़ा ने नागा बाबा अलखिया को यहां भेजा था। उन्होंने न सिर्फ मंदिर परिसर मुगल आक्रांताओं से सुरक्षित रखा, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा शुरू कर अलखनाथ मंदिर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित कर दिया। बाबा अलखिया ने यहां पर रहकर तपस्या की फिर मंदिर की स्थापना भी कराई।

-फीचर डेस्क




अलखनाथ मंदिर में वट वृक्ष के बीचो-बीच प्रकट हुए शिवलिंग के दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां पर भक्त जिस भाव से आते हैं भोलेनाथ भी उसकी इच्छा उसी भाव से पूरी करते हैं। अलखिया बाबा के बाद 1008 सूरज गिरि, नागा बाबा दत्त गिरि और कमल गिरि ने मंदिर की गद्दी संभाली फिर देव गिरि महाराज 24 वर्ष तक गद्दी पर विराजमान रहे। धर्म गिरि और इनके बाद बालक गिरि ने 9 वर्ष की आयु में यहां आकर अपना पूरा जीवन लगा दिया। अब उनके शिष्य कालू गिरि महाराज 2016 से मंदिर की व्यवस्था देख रहे हैं। मंदिर परिसर में ही मंदिर की गद्दी संभालने वाले महंतों की समाधियां भी बनी हैं।

पुजारी सलोने श्याम के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मंदिर का विकास तेजी से हुआ है। वर्ष 2022 में नाथ मंदिरों में शामिल किए जाने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था भी दुरुस्त की गई है। मंदिर परिसर में राम-सीता का दरबार, शनि मंदिर, शिव विवाह की झांकी, विष्णु दरबार की झांकियां बनी हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान की 51 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर परिसर में सावन, शिवरात्रि आदि त्योहारों पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में करीब 25 संत-महंत रहते हैं।

### भक्तों के लिए सीधे-सच्चे हैं बाबा अलखनाथ

पिछले 40 साल से मंदिर आने वाली 60 वर्षीय सुमन ने बताया कि बाबा अलखनाथ बहुत सच्चे हैं। जीवन में जो मांगा आज तक सब कुछ मिला है। इस उम्र में भी यहां रोजाना आती हूं। रमेश ने बताया ठेले पर सामान बेचता था, कभी उन्नति नहीं हुई। पांच साल से बाबा के दर्शन के बाद ही काम पर जाता हूं, अब अपनी कमाई से संतुष्ट हूं। बाबा पर पूरा भरोसा है। मंदिर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित है। अलखनाथ मंदिर के बाहर मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित लिखा है। हालांकि मंदिर के पुजारी सलोने श्याम के अनुसार ये बोर्ड तत्कालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाया गया था। वर्तमान में मंदिर में केवल असामाजिक तत्वों का आना मना है।





# किसे कहा जा सकता है गुरु

गुरु मूल रूप से वह शिक्षक नहीं है, जैसा कि हम आमतौर पर इस शब्द का प्रयोग करते हैं-यानी वह व्यक्ति जो अपने मन से ज्ञान को आप तक पहुंचाता है। ज्ञान पुस्तकों में मिल सकता है। अवधारणाएं एक ही दोपहर में समझी जा सकती हैं। गुरु के पास जो ज्ञान है, उसे न तो समझाया जा सकता है, न ही सिखाया जा सकता है। यह केवल संचारित होता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लौ बुझी हुई मोमबत्ती को अग्नि प्रदान करती है। मोमबत्ती लौ नहीं बन जाती, बल्कि वह स्वयं ही उसी अग्नि से भीतर से प्रज्वलित हो जाती है। यही शक्तिपात है।


शिवानंद मिश्रा
आध्यात्मिक लेखक

गुरु उपायः- गुरु ही साधन हैं। एक विशेष प्रकार का अंधकार होता है, जो प्रकाश की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि प्रकाश के अस्तित्व को ही भूल जाना है। आप इसमें वर्षों, दशकों तक भी रह सकते हैं-संसार में कुशलतापूर्वक, बुद्धिमानी से, यहां तक कि कुछ क्षणों के लिए प्रसन्नतापूर्वक भी आगे बढ़ सकते हैं-फिर भी भीतर ही भीतर एक शांत, अनकहा दर्द लिए रहते हैं। एक अनुभूति कि कुछ आवश्यक चीज़ गायब है। कि आप अपने आप की सतही अवस्था में जी रहे हैं। कि आपके भीतर की गहराई को कभी छुआ ही नहीं गया है। यदि आप भाग्यशाली हैं, यदि ब्रह्मांड में कोई असाधारण कृपा से आपकी ओर मुड़ता है, तो एक व्यक्ति प्रकट होता है। सहमेशा वस्त्रों में नहीं। हमेशा औपचारिकता के साथ नहीं। कभी-कभी सबसे साधारण परिस्थितियों में-एक आकस्मिक मुलाकात में, सही समय पर बोले गए एक वाक्य में, किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा आपके हाथों में रखी गई पुस्तक में, जिसने बस इतना कहा हो-इसे पढ़ो। लेकिन उस मुलाकात में कुछ ऐसा होता है, जो आपकी अब तक की सभी मुलाकातों से अलग होता है।



उसमें कुछ ऐसा होता है, जो आपको केवल जानकारी नहीं देता, आपका मनोरंजन नहीं करता या आपको सांत्वना नहीं देता-वह आपको बदल देता है। वही व्यक्ति गुरु है। और यह सूत्र-मात्र दो शब्द-'गुरु उपायः', उस बात की घोषणा करता है जिसे तर्कसंगत मन गंभीरता से लेने के लिए लगभग बहुत सरल पाता है-गुरु साधन हैं। केवल साधन नहीं। आध्यात्मिक उपकरणों के अनेक साधनों में से एक नहीं-साधन। वह स्वयं साधन। वह माध्यम, जिसके द्वारा सोई हुई आत्मा अपने वास्तविक स्वरूप को जागृत करती है। गुरु की आवश्यकता क्यों है? आपमें ऐसी कई बातें हैं, जिन्हें आप स्वयं नहीं देख सकते, लेकिन दूसरे उन्हें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। आंख स्वयं को नहीं देख सकती। मन अपनी कमियों को पूरी तरह से नहीं देख सकता। चेतना में एक विशेष प्रकार की गांठ होती है-वह है अपने आप को केंद्रीय मानने वाली छोटी-सी 'स्व' की गांठ, जिसे उसी हाथ से खोलना असंभव है जिसने उसे बांधा है। आपको एक दूसरे हाथ की आवश्यकता है। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको नियंत्रित करे। ऐसा हाथ नहीं, जो आपको छोटा करे। बल्कि एक ऐसा हाथ, जो आपके विस्मृति के अंधकार में इतनी स्थिरता, इतने प्रेम और सत्य में इतनी अटूट दृढ़ता के साथ पहुंचे कि उनकी उपस्थिति में वह गांठ स्वतः ही खुलने लगे। वही हाथ गुरु है।

बोधकथा

# दीपक और हवा

एक गांव में अर्जुन नाम का एक युवक रहता था। वह बहुत महत्वाकांक्षी था और जीवन में बड़ा नाम कमाना चाहता था, लेकिन हर बार जब वह कोई नया काम शुरू करता, तो थोड़ी सी कठिनाई आते ही हिम्मत हार बैठता। असफलताओं से परेशान होकर एक दिन वह गांव के एक वृद्ध गुरु के पास पहुंचा। अर्जुन ने कहा, "गुरुदेव, मैं मेहनत तो करता हूं, लेकिन बार-बार असफल हो जाता हूं। समझ नहीं आता कि मेरी मेहनत में कमी है या किस्मत साथ नहीं दे रही।" गुरु ने कुछ देर सोचा और उसे रात को अपने साथ बैठने को कहा। जब अंधेरा हुआ, तो गुरु एक छोटा सा दीपक जलाकर अर्जुन के सामने रख दिया। फिर उन्होंने खिड़की खोल दी, जिससे तेज हवा अंदर आने लगी। हवा के झोंकों से दीपक की लौ बार-बार डगमगाने लगी और कुछ ही क्षणों में बुझ गई। गुरु ने फिर दीपक जलाया, इस बार खिड़की बंद कर दी। अब दीपक की लौ स्थिर और शांत जलने लगी। गुरु मुस्कुराते हुए बोले, "अर्जुन, क्या तुमने कुछ समझा?" अर्जुन ने कहा, "जी गुरुदेव, जब हवा तेज थी तो दीपक बुझ गया और जब हवा बंद कर दी तो वह स्थिर जलने लगा।" गुरु ने समझाया, "यह दीपक तुम्हारी मेहनत है और हवा तुम्हारी कमजोरियां-जैसे अधैर्य, डर और जल्दी हार मान लेना। जब तक तुम इन कमजोरियों को अपने ऊपर हावी होने दोगे, तुम्हारी मेहनत का दीपक बार-बार बुझता रहेगा।" अर्जुन ध्यान से सुन रहा था। गुरु ने आगे कहा, "सफलता के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी जरूरी है। जब तुम अपने मन को स्थिर कर लोगे, तब कोई भी कठिनाई तुम्हें रोक नहीं पाएगी।" अर्जुन को अपनी गलती समझ में आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह हर कठिनाई का सामना धैर्य से करेगा और जल्दी हार नहीं मानेगा। कुछ समय बाद वही अर्जुन अपने काम में सफल होने लगा। अब वह हर परिस्थिति में शांत और दृढ़ बना रहता था। इस कथा से सीख मिलती है केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि धैर्य और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं।



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,947.55 | 22,331 |
| गिरावट | 1635.67 | 488.20 |
| प्रतिशत में | 2.22 | 2.14 |

सोना 1,51,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,37,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, मंगलवार, 31 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2670, राज श्री 2040, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13kg 2450, जय जवान 2200, सचिन 2330, सूरज 2200, अवसर 2155, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2160, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2405, चक्र टिन 2640, ब्लू 2410, आशीर्वाद मस्टर्ड 2485, स्वास्तिक 2625

**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 12000-13000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 900-1050

**चावल- (प्रति कु0)-** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी-** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**नोट : दाम प्रति 10 ग्राम-**

सोना पक्के आभूषण 148500, सोना गिन्नी 144500, चांदी (पक्की) 2290 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल :** शरबती- 3900 मसूरी- 1200 बासमती- 7200-7800 परमल- 1400-3500

**दाल दलहन-** काला चना- 2400-3000 साबुत चना दाल- 1200 मूंग साबुत- 5400 राजमा- 7800-12500 दाल उड़द- 5200 साबुत मसूर दाल- 2000 मसूर दाल- 1400 उड़द साबुत- 10500 काबुली चना- 5600-10100 अरहर दाल- 10000 -12000 लोबिया/करमानी- 1500-3200

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा हर जिले में 2 पंपों पर होगी सुविधा

## केंद्र का फैसला: पीडीएस के तहत 60 दिन के लिए केरोसिन के वितरण की अनुमति

नयी दिल्ली, एजेंसी



पश्चिम एशिया संकट के बीच एलपीजी से दबाव कम करने के लिए सरकार ने पीडीएस के तहत 60 दिनों के लिए कैरोसिन यानी मिट्टी के तेल के वितरण की अनुमति दी है। इसके तहत अब पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन मिलेगा। प्रशासन जिले में सरकारी कंपिनयों के अधिकतम दो पेट्रोल पंप इस सुविधा के लिए चुन सकेगा। इनमें से प्रत्येक पंप पर 5,000 लीटर तक केरोसिन स्टोर किया जा सकेगा।

केंद्र सरकार का यह आदेश 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होगा, जो राज्य पहले केरोसिन-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। यह 60 दिन की आपातकालीन व्यवस्था रसोई गैस (एलपीजी) पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए की गई है। यह निर्णय पश्चिम एशिया में पिछले एक माह से जारी युद्ध के कारण ऊर्जा आपूर्ति, विशेषकर रसोई गैस (एलपीजी) में बाधा आने के बाद लिया गया है। भारत अपनी रसोई गैस की लगभग 60 प्रतिशत जरूरत को आयात के जरिये पूरा करता है, जिनमें से 85-90 प्रतिशत गैस खाड़ी देशों से आती है।

युद्ध के कारण इसकी आपूर्ति में रुकावट आई है, जिससे होटल और रेस्तरां जैसे वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए गैस की आपूर्ति कम करनी पड़ी है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 29 मार्च की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत अस्थायी छूट प्रदान की है ताकि 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन का वितरण सुचारू रूप से किया जा सके।

अधिसूचना के अनुसार, प्रत्येक जिले में अधिकतम दो नामित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) के पेट्रोल पंप को 5,000 लीटर तक केरोसिन रखने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। इन पेट्रोल पंप पर केरोसिन भरने के लिए एजेंट और डीलर को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है, जबकि पहले से लाइसेंसधारी टैंकर वाहनों को भी इसके लिए अतिरिक्त अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। ये छूट कड़ाई से सुरक्षा मानकों और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा जारी संचालन संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने के शर्त पर दी गई है।

- **एलपीजी पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उठाया कदम**

केरोसिन के भंडारण, भराई और वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना चाहिए और इसे जिला प्रशासन तथा पीईएसओ द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है।

यह आदेश तुरंत प्रभावी होगा और 60 दिन तक या अगले आदेश तक वैध रहेगा। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, केरोसिन का उपयोग खाना पकाने और रोशनी के लिए किया जाएगा।

इसे उन 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अस्थायी रूप से फिर से उपलब्ध कराया जाएगा, जिन्हें पहले 'पीडीएस एसकेओ (केरोसिन-मुक्त)' घोषित किया गया था। इनमें दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गोवा, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं।

# आईटी मंत्री की चेतावनी: प्रोडक्ट डिजाइन नहीं तो रोकेंगे सरकारी फंड

## गुणवत्ता मानक पूरे नहीं करने वाली कंपनी होगी योजना से बाहर

नयी दिल्ली, एजेंसी

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने साफ किया है कि भारत में प्रोडक्ट डिजाइन और क्वालिटी पर निवेश नहीं करने वाली कंपनियों को ईसीएमएस स्कीम का सरकारी फंड नहीं मिलेगा। साथ ही सिक्स सिग्मा मानक पूरे नहीं करने पर उन्हें योजना से ही बाहर किया जा सकता है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को ईसीएमएस के तहत 7,104 करोड़ रुपये के नए निवेश से जुड़े 29 प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद आगाह किया कि जो लाभार्थी उत्पाद डिजाइन प्रौद्योगिकी में निवेश नहीं करेंगे, उन्हें योजना से बाहर किया जा सकता है। वैष्णव ने कहा कि यदि उद्योग की ओर से अपेक्षित प्रयास नहीं किए जाते हैं तो मैं आगे किसी भी भुगतान या नई मंजूरी को रोकने के लिए तैयार हूं।

मंत्री ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित एकीकृत दृष्टिकोण का पालन नहीं करने पर उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और उसकी सदस्य कंपनियों की आलोचना भी की। कहा कि मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह रहा हूं क्योंकि यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' में विश्वास करते हैं। वैष्णव ने कहा कि देश को इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, कलपुर्जा डिजाइन और मशीन डिजाइन के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है।

मंत्री ने उद्योग को 15 दिन की समय सीमा दी है, जिसके भीतर कंपनियों को यह बताना होगा कि उन्होंने उत्पाद डिजाइन, 'सिक्स सिग्मा' मानक, प्रतिभा विकास और स्थानीय आपूर्ति (सोर्सिंग) जैसे प्रमुख मुद्दों पर क्या कदम उठाए हैं। सिक्स सिग्मा एक ऐसी कार्यप्रणाली है जिसका उद्देश्य उत्पादन में त्रुटियों को न्यूनतम करना और लगभग पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।



नई दिल्ली में 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम' पर आयोजित एक कार्यक्रम में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### तेज हुई डीपफेक हटाने की कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार किए जाने वाले डीपफेक पर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया मंचों ने भी अपनी ओर से डीपफेक सामग्री को हटाने के प्रयासों को काफी तेज कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में डीपफेक को समाज के लिए एक नया खतरा और अभिशाप बताया। डीपफेक वह प्रौद्योगिकी है जिसके जरिये किसी व्यक्ति की फोटो, आवाज या वीडियो को डिजिटल माध्यम से बदलकर बिल्कुल असली जैसा दिखने वाला फर्जी रूप दे दिया जाता है। बताया- सोशल मीडिया मंचों ने डीपफेक सामग्री को हटाने की अपनी कार्रवाई को लगभग दोगुना या तिगुना कर दिया है।

### प्रौद्योगिकी उद्योग पर फिलहाल असर नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग संगठनों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष और इसके पड़ने वाले प्रभाव को लेकर बातचीत कर रही है। उद्योग निकायों ने अपने संचालन पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है कि हीलियम की कमी ने वैश्विक प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि हमने यहां मौजूद हर उद्योग संगठन से बात की है और सभी ने कहा है कि अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है...। इसमें सेमीकंडक्टर, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे और हार्डवेयर क्षेत्र शामिल हैं...। हम उद्योग के साथ बातचीत जारी रखेंगे।

# रुपया 2025-26 में 9.88 प्रतिशत टूटा 14 साल की सबसे बड़ी गिरावट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रुपया वित्त वर्ष 2025-26 में डॉलर के मुकाबले 9.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जो 14 साल में डॉलर के मुकाबले सबसे बड़ी गिरावट है। वित्त वर्ष 2011-12 में, घरेलू मुद्रा, डॉलर के मुकाबले 12.4 प्रतिशत कमजोर हुई थी, उस समय चालू खाते का घाटा बढ़कर 4.2 प्रतिशत हो गया था।

मौजूदा वित्त वर्ष में, यह भारी गिरावट लगातार विदेशी कोषों की निकासी, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक स्तर पर डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुई। वैश्विक वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और नकदी की तंगी ने भी 2025-26 में रुपये पर और दबाव डाला। बाजार के जानकारों के अनुसार, एक अप्रैल से अब तक दूसरी एशियाई मुद्राओं में भी डॉलर के मुकाबले भारी गिरावट देखी गई है। जापानी येन छह प्रतिशत, फिलिपीन की मुद्रा पीसो 5.74 प्रतिशत और दक्षिण कोरियाई वॉन 2.88 प्रतिशत कमजोर हुआ है।



दक्षिण कोरियाई बैंक शिन्हान बैंक के भारत में ट्रेजरी प्रमुख, सुनल सोधानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 बाहरी झटकों, पूंजी के बाहर जाने और ढांचागत कमजोरियों जैसी कई समस्याओं के एक साथ आने की वजह से रुपया कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में असर डालने वाले कारक 2011-12 के कारकों से अलग हैं।

### केंद्र का राजकोषीय घाटा लक्ष्य के 80.4% पर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र का राजकोषीय घाटा फरवरी में 2025-26 के बजट लक्ष्य का 12.52 लाख करोड़ रुपये यानी 80.4 प्रतिशत रहा है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 85.8 प्रतिशत था। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्र सरकार ने 2025-26 में राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 % यानी 15.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान रखा है। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 के अंत तक केंद्र की कुल प्राप्तियां 27.91 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो बजट लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। इन प्राप्तियों में 21.45 लाख करोड़ का कर राजस्व (शुद्ध) और 5.8 लाख करोड़ रुपये का गैर-कर राजस्व शामिल है। सीजीए के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल-फरवरी, 2025-26 के दौरान केंद्र सरकार का कुल व्यय 40.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूरे वित्त वर्ष के बजट लक्ष्य का 81.5% है।

## विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन से औद्योगिक उत्पादन 5.2% बढ़ा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश का औद्योगिक उत्पादन विनिर्माण क्षेत्र में सुधार से फरवरी में 5.2 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आधार पर मापा जाने वाला कारखाना उत्पादन फरवरी, 2025 में 2.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जनवरी, 2026 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुमान को पहले जारी 4.8 प्रतिशत के अस्थायी अनुमान से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी, 2026 में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि तेज होकर छह प्रतिशत हो गई जबकि एक वर्ष पहले इसी महीने में यह 2.8 प्रतिशत थी। खनन क्षेत्र की वृद्धि भी थोड़ा सुधरकर 3.1 प्रतिशत हो गई।

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी किये आंकड़े**

# डब्ल्यूटीओ वार्ता समाप्त, ई-कॉमर्स पर शुल्क संबंधी रोक बढ़ाने पर नहीं बन सकी सहमति

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का चार दिन का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी14) सोमवार को कैमरून के याउंडे में समाप्त हो गया। लेकिन ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क नहीं लगाने की व्यवस्था को आगे बढ़ाने के मुद्दे पर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन सकी।

यह व्यवस्था 1998 से लागू है, जिसके तहत डिजिटल डाउनलोड और स्ट्रीमिंग जैसी इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं पर सीमा शुल्क नहीं लगाया जाता। तब इसे दो साल के लिए लागू किया गया था और बाद में हर दो साल में इसे बढ़ाया जाता रहा। अब इस पर सहमति नहीं बनने से देशों के पास इन सेवाओं पर शुल्क लगाने का रास्ता खुल सकता है। बैठक में इस मुद्दे पर अमेरिका और ब्राजील के बीच मतभेद सामने आए। कुछ देश इस व्यवस्था को आगे बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे या केवल दो साल का विस्तार चाहते थे, जबकि अमेरिका इसे पांच साल तक बढ़ाने की मांग कर रहा था। मौजूदा व्यवस्था 31 मार्च को समाप्त होने वाली है। सम्मेलन 26 मार्च से शुरू हुआ था और 29 मार्च को खत्म होना था, लेकिन इसे बढ़ाकर 30 मार्च तक चलाया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले कैमरून के व्यापार मंत्री ल्यूक मैग्लॉयर म्बार्गा अतांगाना ने कहा कि व्यापार मंत्रियों ने कई मुद्दों को निपटाने की कोशिश की, लेकिन समय की कमी के कारण कुछ लंबित मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। इनमें ई-कॉमर्स पर डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क वसूलने पर लगी वर्तमान रोक को जारी रखने और बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (टीआरआईपीएस) से जुड़ी शिकायतों का समाधान जैसे विषय सम्मिलित थे।

उन्होंने कहा कि अब इन विषयों पर चर्चा संगठन के मुख्यालय जिनेवा में जारी रहेगी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए चुनाव अधिसूचना जारी, 6 अप्रैल तक नामांकन

## पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल में 152 सीटों पर होगा मतदान

कोलकाता, एजेंसी

चुनाव आयोग ने सोमवार को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी कर दी, जिससे दोनों राज्यों में औपचारिक रूप से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 152 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतदान 23 अप्रैल को होने वाला है, जो दो राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में एक निर्णायक चुनावी प्रक्रिया होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल है, जबकि नामांकनों की जांच 7 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 9 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का मतदान शेष 142 विधानसभा क्षेत्रों में होगा, जिसके लिए मतदान 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके लिए अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है। नामांकनों की जांच 10 अप्रैल को होगी, जबकि उम्मीदवार 13 अप्रैल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इससे राज्य में चुनावी मुकाबले के अंतिम चरण की तैयारी हो जाएगी। विधानसभा चुनावों की मतगणना 4 मई को होगी तथा पूरी चुनाव प्रक्रिया 6 मई तक पूरी कर ली जाएगी। इस अधिसूचना के साथ ही मतदान वाले क्षेत्रों में आचार संहिता (मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट) लागू हो गई है, जो प्रचार गतिविधियों को नियंत्रित करेगी और सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करेगी। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की जाएगी।

### स्टालिन ने कोलाथुर विस सीट पर्चा भरा



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को चेन्नई के कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र से 13 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद स्टालिन ने विश्वास जताया कि कोलाथुर क्षेत्र की जनता उन्हें लगातार चौथी बार शानदार जीत दिलाएगी। स्टालिन 2011, 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में कोलाथुर निर्वाचन क्षेत्र से विजयी रहे हैं। नामांकन के तुरंत बाद उन्होंने रोड शो किया और लोगों का अभिवादन कर समर्थन मांगा। इस दौरान द्रमुक अध्यक्ष ने कोलाथुर क्षेत्र में अपने कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया।

### शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम से पर्चा दाखिल किया

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को नंदीग्राम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में निर्णायक जीत दर्ज करेगी। अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एसडीओ के समक्ष अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। अधिकारी के साथ जिले से भाजपा के दो और प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्टी की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त अधिकारी कहा कि इस बार मतदाताओं में भाजपा की मांग कहीं अधिक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, विकासोन्मुखी और नैतिक सरकार लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मोदी शबरिमला पर मौन, उन्हें धर्म की परवाह नहीं: राहुल

**पत्तनमथिट्टा (केरल), एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि वह केरल दौरे के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप रहे, जो साफ संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) साथ काम कर रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि नौ अप्रैल को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। कहा कि हम एलडीएफ के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जिसे भाजपा का पूरा समर्थन प्राप्त है। एक तरफ संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) है और दूसरी तरफ माकपा-भाजपा का गठजोड़ है। गांधी ने कहा कि भाजपा यहां यूडीएफ को नहीं चाहती क्योंकि वे जानते हैं कि देश में उसे चुनौती देने वाली एकमात्र ताकत कांग्रेस है।

# घुसपैठ चुनावी मुद्दा नहीं, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि असम में घुसपैठ केवल चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राज्य की अस्मिता की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है।

नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले असम में भाजपा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता का दौर देखा, लेकिन पिछले एक दशक में स्थिति बदली है क्योंकि भाजपा की डबल-इंजन सरकार ने राज्य में शांति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया। पहली बार वोट देने वाले और युवा मतदाताओं को असम में पिछली कांग्रेस सरकारों के कुशासन के बारे में याद दिलाने की जरूरत है और उन्हें आगाह करना चाहिए कि सबसे छोटी गलती भी राज्य को पीछे धकेल सकती है। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्य में पार्टी की जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मोदी ने कहा, घुसपैठ सिर्फ चुनावी मुद्दा नहीं है। यह असम की पहचान और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा का विषय है। कांग्रेस ने घुसपैठियों को अवैध तरीके से भूमि कब्जाने की अनुमति दी। कहा जहां-जहां घुसपैठिए बसते हैं, वे स्थानीय निवासियों की आजीविका पर कब्जा कर लेते हैं।



- **प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को जमीन कब्जाने की अनुमति देने का लगाया आरोप**

### लोगों को लड़ा रही भाजपा: ममता

**बेल्दा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर समाज के सभी वर्गों के बीच झगड़ा कराने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह इस स्थिति का फायदा उठाकर देश लूटना चाहती है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सियासी 'आरोपपत्र' पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि पहला आरोपपत्र उनके खिलाफ दाखिल किया जाना चाहिए, जिन्होंने दंगे भड़काकर सत्ता हासिल की।

### ममता और तृणमूल नेताओं पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने सोमवार को निर्वाचन आयोग का रुख कर आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को भाजपा को वोट देने से रोकने के लिए डरा-धमका रहे हैं। इस संबंध में एक अर्जी सौंपते हुए, भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से ममता बनर्जी को चुनाव प्रचार में भाग लेने से रोकने और तृणमूल नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### दक्षिण सूडान में बंदूकधारियों ने 70 लोगों की हत्या की

**जुबा।** अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में सोने की खदान को लेकर हुए विवाद में अज्ञात बंदूकधारियों ने 70 से अधिक लोगों की हत्या कर दी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घटना का वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें एक खुले मैदान में दर्जनों शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि माना जा रहा है कि कई अन्य पीड़ित झाड़ियों में भाग गए हैं। सूडान के राज्य जेबेल इराक में स्थित सोने की खदान को लेकर पूर्व में भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थीं। पुलिस प्रवक्ता क्वासीजवोक डोमिनिक अमोण्डोक ने बताया कि जैसे ही उन्हें हमले के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी, वह उसे साझा करेंगे।

### शंघाई-कोलकाता के लिए इंडिगो ने सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**बीजिंग।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को शंघाई और कोलकाता के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की, जिससे भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क को मजबूती मिलेगी। शंघाई में भारत के महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने 'इंडिगो6ई' उड़ान सेवा का उद्घाटन किया। शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर जानकारी दी कि इंडिगो के प्रबंधन से मुलाकात में माथुर ने कहा कि यह नई उड़ान सेवा भारत और क्षेत्र के बीच हवाई संपर्क बढ़ने और आर्थिक संबंधों में सकारात्मक संकेत है। इंडिगो और एयर इंडिया जैसी भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने शंघाई को नयी दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगरों से जोड़ना शुरू कर दिया है।

### ब्रिटेन का राजनयिक को जासूसी के आरोप में रूस से निष्कासित

**मास्को।** रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में सोमवार को निष्कासित कर दिया और उसे दो सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है। एफएसबी (सोवियत काल में केजीबी के नाम से मशहूर) ने कहा, ब्रिटेन के राजनयिक जेन्स वान रेंसबर्ग की राजनयिक मान्यता रद्द करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें दो सप्ताह के भीतर रूस छोड़ने का आदेश दिया गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को रूस में ब्रिटेन की कार्यवाहक राजदूत डैनी ढोलकिया को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। यह कार्रवाई उस खुलासे के बाद की गई, जिसमें कहा गया है कि ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक ने देश में प्रवेश करते समय अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी।

# न्यूजीलैंड में इंदिरा गांधी के हत्यारे के भतीजे की पहचान उजागर

वेलिंगटन, एजेंसी



- पहचान उजागर न करने की अदालत में लड़ रहा था लड़ाई

इंदिरा गांधी के हत्यारों में से एक के भतीजे की पहचान न्यूजीलैंड की अदालत में पहचान गुप्त रखने का मुकदमा हारने के बाद जाहिर कर दी गई है। उसे मादक पदार्थ से जुड़े एक मामले में दोषी करार दिया गया था।

न्यूजीलैंड के वेब पोर्टल ''स्टफ'' ने शनिवार को खबर दी कि बलतेज सिंह को 700 किलोग्राम से अधिक मेथमफेटामाइन आयात करने के आरोप में 22 साल कारावास की सजा सुनाई गई है। यह न्यूजीलैंड के अधिकारियों द्वारा जब्त की गई अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। वह स्थायी रूप से अपना नाम गुप्त रखने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहा था। इससे पहले, 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके अंगरक्षकों में से एक सतवंत सिंह के भतीजे बलतेज सिंह के नाम को स्थायी रूप से सार्वजनिक नहीं करने का आदेश यहां के उच्च न्यायालय ने दिया था। अदालत ने यह आदेश बलतेज की इस दलील को स्वीकार करते हुए सुनाया था कि यदि उसकी पहचान उजागर हो जाती है तो उसे और उसके परिवार को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

# भारत में जनगणना

## कितनी उपयोगी कितनी दिलचस्प

भारत में जनगणना का इतिहास काफी पुराना है। यह जनसंख्या की गिनती ही नहीं, देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे को समझने का जरिया भी है। भारत में जनगणना की जड़ें वैसे तो कौटिल्य के अर्थशास्त्र से जुड़ी हैं, लेकिन आधुनिक पद्धति की शुरुआत ब्रिटिश काल में हुई। पहली गैर तुल्यकालिक जनगणना सन् 1872 में हुई थी, लेकिन यह जनगणना पूरे देश में एक साथ नहीं की गई थी। पहली पूर्ण जनगणना सन् 1881 में लॉर्ड रिपन के समय में पूरे देश में एक साथ हुई। तभी से हर 10 साल में एक बार जनगणना कराने की परंपरा शुरू हुई। वर्ष 2011 तक भारत में 15 बार जनगणना हो चुकी है। स्वतंत्रता के बाद अब तक सात और ब्रिटिश काल में आठ बार जनगणना हुई जिसमें 1921 को महान विभाजक वर्ष कहा जाता है क्योंकि तब जनसंख्या वृद्धि दर ऋणात्मक थी। वर्ष 2021 की जनगणना कोविड-19 के कारण टल गई थी।



### जनगणना के नियम और कानूनी ढांचा

- जनगणना अधिनियम 1948 मुख्य कानून है, इसे तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने पेश किया था।
- संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची का विषय है। यानी इसे केंद्र सरकार ही करा सकती है।
- गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त इस प्रक्रिया का संचालन करने के जिम्मेदार होते हैं।
- जनगणना के दौरान ली गई जानकारी बेहद गोपनीय होती है, इसे साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- हर नागरिक के लिए सवालों का सही जवाब देना कानून के तहत अनिवार्य, गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान।

### जनगणना के दो चरण

- **मकान सूचीकरण :** इसमें घरों की स्थिति और उनमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली जाती है।
- **जनसंख्या गणना :** लोगों की उम्र, लिंग, साक्षरता, व्यवसाय व धर्म जैसी जानकारी जुटाई जाती है।

### वर्ष 2011 की जनगणना

- इसमें भारत की आबादी लगभग 121.08 करोड़ दर्ज की गई थी।
- उस समय भारत दुनिया की कुल आबादी का 17.5% हिस्सा था।
- 2001 से 2011 के बीच देश की जनसंख्या 17.7% की दर से बढ़ी।
- औसत साक्षरता 2001 में 64.8% थी जो 74.04% हो गई थी थी।

### ये थे खास तथ्य

- वर्ष 2011 की जनगणना में पहली बार ट्रांसजेंडर को अलग श्रेणी के रूप में शामिल किया गया था।
- उत्तर प्रदेश की आबादी 20 करोड़ थी, यह दुनिया के 5वें सर्वाधिक आबादी वाले देश के बराबर है।

### लिंगानुपात

वर्ष 2001 में प्रति 1,000 पुरुषों पर 933 महिलाएं थीं जो 2011 में 943 हो गईं। सबसे अच्छा लिंगानुपात केरल में 1084 और सबसे कम 879 का हरियाणा में था। 2011 में शून्य से 6 वर्ष का बाल लिंगानुपात चिंताजनक ढंग से गिरकर 919 पर आ गया था।

### इस बार जनगणना में क्या खास

- नागरिकों के पास इस बार मोबाइल एप या वेब पोर्टल पर अपना विवरण खुद भरने का विकल्प होगा।
- जो सरकारी कर्मचारी घर-घर आएंगे, वे फॉर्म के बजाय स्मार्टफोन और टैबलेट पर डेटा दर्ज करेंगे।
- सरकार का लक्ष्य जनगणना के डेटा को जन्म-मृत्यु पंजीकरण और चुनावी रोल के साथ जोड़ने का है।
- कोई व्यक्ति 18 वर्ष का होगा, तो उसका नाम स्वत: मतदाता सूची में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।
- मृत्यु होने पर डेटाबेस से नाम हटाना आसान होगा, सरकारी योजना का लाभ सही आदमी तक पहुंचेगा।
- अब तक एससी-एसटी का डेटा ही अलग से लिया जाता था, इस बार ओबीसी का भी डेटा अलग होगा।

# ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से ट्रांजिट टोल वसूल करने की तैयारी में

## सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने की कानून बनाने के लिए विधेयक लाने की घोषणा

- परमाणु रुख को कड़ा कर अप्रसार संधि से हटने का भी दिया संकेत

तेहरान, एजेंसी

ईरान सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर कड़ा नियंत्रण करने की तैयारी में है। ईरानी सांसद एक ऐसा विधेयक लाने की कोशिश कर रहे हैं जो पारगमन शुल्क (ट्रांजिट टोल) और गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिवार्य मंजूरी सहित एक नई नियामक प्रणाली पेश करेगा। वरिष्ठ ईरानी सांसद अलाउद्दीन बोरुजेर्दी ने कहा कि इस कानून को ईरानी संसद (मजलिस) की ओर से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और यह कानून लागू होने के बाद ईरान की अनुमति के बिना किसी भी जहाज को इस जलमार्ग से गुजरने नहीं दिया जाएगा।

प्रस्तावित कानून के तहत, जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा और संबंधित सेवाओं के बदले शुल्क देना होगा। एसएनएन टीवी चैनल ने बोरुजेर्दी के हवाले से कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। मजलिस द्वारा विधेयक अपनाए जाने के बाद जल्द एक नई प्रणाली इस जलमार्ग को नियंत्रित करेगी। यह कदम ईरानी संसद की नागरिक मामलों की समिति के अध्यक्ष मोहम्मद रजा रजाई कूची की पिछली टिप्पणियों के बाद आया है, जिन्होंने पुष्टि की थी कि पारगमन शुल्क लगाने का कानून प्रक्रिया में है।

बोरुजेर्दी ने ईरान के परमाणु रुख को कड़ा करने का भी संकेत दिया और कहा कि ईरान के लिए परमाणु अप्रसार संधि से हटने का समय आ गया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हाल के हमलों के बाद यह समझौता अपनी प्रासंगिकता खो चुका है। होर्मुज पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बना हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह खर्ग द्वीप पर कब्जा करना पसंद करेंगे जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल गुजरता है।



इजराइल के शेफाराम शहर में ईरान के मिसाइल हमले के बाद क्षतिग्रस्त एक घर।

### आर्थिक आतंकवाद शुरू कर रहा है ईरान : यूएई

होर्मुज से संबंधित इस प्रस्तावित कानून की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अहमद अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को हथियार बनाने का कोई भी प्रयास आर्थिक आतंकवाद के समान होगा, जिसके वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा, जब ईरान होर्मुज पर नियंत्रण स्थापित करेगा तो हर देश को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान ने यह भी कहा कि मौजूदा संघर्ष ने उसकी सांस्कृतिक विरासत को नुकसान पहुंचाया है। इस युद्ध के दौरान लगभग 131 ऐतिहासिक स्थल और 64 पर्यटन स्थल क्षतिग्रस्त हुए हैं।

### ईरान के मिसाइल हमले के बाद इजराइली तेल रिफाइनरी में आग लगी

**दुबई।** ईरान के मिसाइल हमले के बाद उत्तरी इजराइल के हाइफा शहर में बाजार तेल रिफाइनरी में सोमवार को आग लग गई। घटनास्थल के वीडियो में बड़े रिफाइनरी टैंक में आग की लपटें और घना काला धुआं दिखाई दिया, जिसे बाद में इजराइल की अग्निशमन एवं बचाव सेवाओं ने बुझा दिया। हमले में एक औद्योगिक भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इजराइल के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकलकर्मी आग को अन्य हिस्सों में फैलने से रोकने के साथ संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश में जुटे हैं। इजराइल में केवल दो ही रिफाइनरियां हैं।

### स्पेन: अमेरिकी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद

**मैड्रिड।** रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने सोमवार को घोषणा की कि स्पेन ने ईरान युद्ध में शामिल अमेरिकी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। रोबल्स ने कहा, यह बात शुरू से ही स्पष्ट कर दी गई थी। इसलिए ईरान युद्ध से संबंधित किसी भी कार्रवाई के लिए स्पेन के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के नेतृत्व वाली स्पेन सरकार पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली सैन्य कार्रवाई की सबसे मुखर आलोचक रही है।

# हम खुश, ईरान और अमेरिका ने मध्यस्थता के लिए हमें चुना

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा- जल्द होगी शांति समझौते के लिए वार्ता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।



ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान में से किसी ने तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। डार ने कहा, पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भरोसा जताया है। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे।

### लेबनान : तीन हफ्ते में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख लोगों ने घर छोड़ा

**यूनिसेफ की रिपोर्ट**

बेरूत। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेतावनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है। प्रभावित लोगों में 3,70,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं।

यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19,000 बच्चे घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है, मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजराइल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले गाजा मॉडल को दोहराने के प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। कई तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं।

### इजराइल की संसद में बजट पारित, कार्यकाल पूरा कर सकेंगे नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद ने सोमवार को रातभर चले मैराथन सत्र में वार्षिक बजट पारित कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर सकेगी। इजराइल को समय पूर्व चुनाव से बचने के लिए एक अप्रैल से पहले बजट पारित करना आवश्यक था। इजराइल के विपक्षी दल ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अति-रूढ़िवादी समुदायों को मिलने वाली धनराशि में वृद्धि की गई है, जबकि देश ईरान युद्ध के कारण बढ़ती महंगाई का सामना कर रहा है और गाजा में दो साल से जारी युद्ध से उबर नहीं पाया है।

# लिव इन में रहने वालों को माना जाएगा वैवाहिक दंपती के समान

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनगणना के पहले चरण के लिए 33 अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी

भारत में जनगणना के सिलसिले में स्वगणना पोर्टल पर दिए गए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों में कहा गया है कि अगर सहजीवन यानी लिव इन में रहने वाले दो लोग एक-दूसरे को हमेशा के लिए अपना मानते हैं तो उन्हें जगणना के दौरान वैवाहिक दंपती के समान माना जाए।

जनगणना के दौरान स्वगणना का विकल्प चुनने वालों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल जनगणना के दोनों चरणों हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना (एलएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची दी गई है ताकि लोग देश की 16वीं जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवालों का आसानी से उत्तर दे सकें। एफएक्यू में कहा गया है, क्या लिव इन संबंध में रहने वाले जोड़े को विवाहित जोड़ा माना जाएगा, यदि वे हमेशा के लिए एक-दूसरे को अपना मानते हैं तो उन्हें विवाहित जोड़े के रूप में माना जाए।

सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाले जनगणना हाउसलिस्टिंग और हाउसिंग गणना के पहले चरण के दौरान लोगों से पूछे जाने वाले 33 प्रश्न अधिसूचित किए हैं। पहले चरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों में घर के फर्श और छत में इस्तेमाल सामग्री, वहां रहने वाले विवाहित जोड़ों की संख्या, परिवार के मुखिया का लिंग, उपभोग किए जाने वाले अनाज का प्रकार, बुनियादी और आधुनिक आवश्यकताओं तक पहुंच और स्वामित्व वाले वाहनों के प्रकार शामिल होंगे।

### ऐसे होगी प्रश्नों की शुरुआत

प्रश्नों की शुरुआत भवन संख्या (नगरपालिका या स्थानीय प्राधिकरण या जनगणना संख्या), जनगणना मकान संख्या, और घर के फर्श, दीवार और छत में उपयोग की गई प्रमुख सामग्री पूछने से होगी। इसके बाद गणनाकर्ता घर के उपयोग, उसकी स्थिति, और उसमें सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में पूछेंगे। अधिकारी परिवार के मुखिया के बारे में नाम और लैंगिक पहचान की जानकारी भी एकत्र करेंगे।

# पटरी पर गिरा यात्री, दिल्ली में डेढ़ घंटे थमी रही मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर गिर जाने के कारण मेट्रो सेवाएं करीब डेढ़ घंटे तक बाधित रहीं। इस बीच मेट्रो का इंतजार कर रहे यात्रियों की प्लेटफॉर्मों पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई गई।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री के पटरी पर होने के कारण येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं के संचालन में देरी हुई। डीएमआरसी ने कहा कि घटना के बाद सुरक्षा कारणों से येलो लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित किया गया, जिससे सुबह के व्यस्त समय में इस कॉरिडोर के कई स्टेशन पर मेट्रो के लिए प्रतीक्षा का समय बढ़ गया और भीड़ एकत्रित हो गई।



- मेट्रो के इंतजार में प्लेटफॉर्मों पर इकट्ठी हुई यात्रियों की भारी भीड़

डीएमआरसी के अनुसार, करीब डेढ़ घंटे बाद येलो लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल कर दी गईं। दिल्ली पुलिस की मेट्रो इकाई ने एक बयान में कहा कि विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर 52 वर्षीय एक व्यक्ति पटरी पर गिरने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी स्टेशन नियंत्रक से मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मेट्रो कर्मियों द्वारा घायल को हिंदू राव अस्पताल भेजा जा चुका था। घायल की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो करावल नगर के निवासी हैं। अस्पताल में उन्होंने पुलिस को बताया कि प्लेटफॉर्म के किनारे खड़े रहने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह गिर गए।

### बडगाम : बीएसएफ जवान के घर में मिले नशीले पदार्थ, अफसरों ने शुरू की जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक कांस्टेबल के खिलाफ उसके आवास से संदिग्ध नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद मामला दर्ज किया है।

प्राथमिकी रविवार को बडगाम थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 8/20 के तहत दर्ज की गई। यह कार्रवाई बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर मुख्यालय, हुमहामा की ओर से शिकायत पर की गई। उन्होंने बताया 28 मार्च की शाम बीएसएफ अधिकारियों ने 112 बटालियन के एक कांस्टेबल के हुमहामा स्थित आवास पर तलाशी ली जिसमें 2.3 किलो गांजा और एक सिम कार्ड सहित एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### वानूआतू के समीप आया 7.3 तीव्रता का भूकंप

**वेलिंगटन।** दक्षिण प्रशांत महासागर में वानूआतू के समीप सोमवार को जबर्दस्त भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 115 किमी की गहराई पर था। कम गहराई पर आने वाले भूकंप सतह पर अधिक तीव्रता से महसूस किए जाते हैं। यह भूकंप वानूआतू के लुगानविले से लगभग 35 किमी उत्तर-पूर्व में आया। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार की क्षति या सुनामी लहरों की कोई खबर नहीं है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों के प्रति समर्पित रहेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**वृष** – आज सरकारी नियमों के पालन में सावधानी रखें। अनावश्यक यात्राओं से बचें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**मिथुन** – आज आय के साथ आपके खर्च अचानक बढ़ सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में सावधानी बरतनी अत्यन्त आवश्यक है।

**कर्क** – आज नए कार्यों को आरंभ करना उचित नहीं है। पैरों में चोट लग सकती है। कार्यक्षेत्र में ओवरटाइम करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। बच्चों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा।

**कन्या** – आज कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुई परियोजनाएं पुन: प्रारम्भ हो सकती हैं। अधिकारियों के साथ तालमेल बढ़ेगा।

**तुला** – आज आप एक साथ अनेक कार्य करना पसंद करेंगे। पिछले काफी समय से उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – आज आकस्मिक खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। लोग आपको स्वार्थी समझ सकते हैं। कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है।

**धनु** – आज जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**मकर** – आज अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। डायबिटीज के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ** – आज प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करेंगे। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यन्त उत्तम है।

**मीन** – आज नए निवेश करने में सावधानी रखने की आवश्यकता है। नजदीकी लोग आपसे शत्रुवत व्यवहार रख सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 31 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 06.55 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 03.20 तक तत्पश्चात उत्तरफाल्गुनी।

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

### सुडोकू -105

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### नेपाल में ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन जारी

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहे। इस बीच, प्राधिकारियों ने धन शोधन को लेकर तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) और उसके सहयोगी संगठनों एवं छात्र इकाइयों के सैकड़ों कार्यकर्ता सोमवार सुबह नया बनेश्वर क्षेत्र में इकट्ठा हुए। उन्होंने हाथों में तख्तियां थाम रखी थीं।

**रक्षा उपलब्धि** | सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने निर्मित किए हैं तीनों जहाज

# भारतीय नौसेना को मिले तीन जहाज, बढ़ेगी सामरिक ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना को सोमवार को सरकारी स्वामित्व वाली गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) की ओर से निर्मित तीन नए जहाज प्राप्त हुए। दूनागिरि, संशोधक और अग्रय नाम के इन जहाजों से नौसेना की समग्र युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

दूनागिरि, प्रोजेक्ट 17ए के तहत नीलगिरी श्रेणी का पांचवां जहाज है और इस श्रेणी का दूसरा पोत भी है। प्रोजेक्ट 17ए के अंतर्गत बनाए गए ये जहाज बहुउद्देश्यीय प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस जहाज का नाम पुराने आईएनएस दूनागिरि से लिया गया है, जो एक लीएंडर श्रेणी का फ्रिगेट था और 1977 से 2010 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा।

इस पोत में ब्रह्मोस मिसाइल, रॉकेट और टॉरपीडो जैसे शक्तिशाली हथियारों का समावेश किया गया है। संशोधक एक सर्वेक्षण पोत है जो यह बंदरगाहों के तटीय और गहरे समुद्री क्षेत्रों का पूर्ण स्तर पर हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने में सक्षम है। 110 मीटर लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरण हैं। इसी श्रेणी के अन्य जहाज़ आईएनएस संधायक, आईएनएस निर्देशक और आईएनएस इक्षाक को क्रमशः फरवरी 2024, दिसंबर 2024 और नवंबर 2025 में सेवा में शामिल किया गया था।



### क्रूज मिसाइलों व उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस है दूनागिरि

नौसेना ने एक बयान में कहा कि पोत विध्वंसक ब्रह्मोस और जमीन पर हमला करने वाली क्रूज़ मिसाइलों के साथ उन्नत रक्षा प्रणालियों से लैस दूनागिरि नौसेना की मारक और रक्षा क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। बयान के अनुसार, जीआरएसई द्वारा निर्मित चार बड़े सर्वेक्षण पोतों में से अंतिम 'संशोधक' नौसेना की सर्वेक्षण क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण वृद्धि का परिचायक है। जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ पनडुब्बी रोधी जलयानों में से एक 'अग्रय' को तटीय जलक्षेत्र में अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है।



श्रेयस अय्यर के लिए आईपीएल की ट्रॉफी जीतने की ललक अब पहले से कहीं अधिक है जिससे वह 2026 सत्र में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं। मैं उनकी आंखों में उनके जुनून को देख सकता हूं।

-रिकी पोंटिंग, मुख्य कोच, पंजाब किंग्स


# स्टेडियम

बरेली, मंगलवार, 31 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स

बनाम

गुजरात टाइटंस

समय - शाम 7:30 बजे

### औरेंज कैप



रियन रिकलटन मुंबई 81 रन

ईशान किशन हैदराबाद 80 रन

रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट

शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट

रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

# वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से राजस्थान ने चेन्नई को 8 विकेट से रौंदा

## आईपीएल-2026 : बारिश के कारण पिच में आए बदलाव का रॉयल्स के तेज गेंदबाजों ने उठाया लाभ

52 रन 04 चौके
17 गेंद 05 छक्के



वैभव सूर्यवंशी।

गुवाहाटी, एजेंसी

गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वैभव सूर्यवंशी (52) और यशस्वी जायसवाल (नाबाद ) की पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने सोमवार को इंआईपीएल के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 47 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से बड़ी जीत दर्ज की।

वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने 128 रनों के छोटे से लक्ष्य को अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से उड़ाते हुए महज 6.2 ओवरों में 75 रन ठोक डाले। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्हें अंशुल काम्बोज ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 17 गेंदों में चार चौके और पांच छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर की तीसरी गेंद पर काम्बोज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। ध्रुव जुरेल ने नौ गेंदों में चार चौकों की मदद से 18 रन बनाये। इसके बाद आरआर ने 12.1 ओवरों में दो विकेट पर 128 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 36 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 38 रनों की पारी खेली और रियान पराग ने 11 गेंदों में एक चौका और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद

**15** गेंदों पर वैभव सूर्यवंशी ने अर्धशतक पूरा किया

14 रन बनाये। इससे पहले आज यहां आरआर के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी कर रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 19.4 ओवरों में 127 रन पर समेट दिया था। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। संजू सैमसन और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ छह-छह रन बनाकर आउट हुये। आयुष म्हात्रे अपना खाता भी नहीं खोल पाये। इसके बाद मैथ्यू शॉट पांच रन बनाकर आउट हुये। सरफराज खान और कार्तिक शर्मा ने पारी को संभाले का प्रयास किया। लेकिन रवींद्र जडेजा और बृजेश शर्मा ने दोनों बल्लेबाजों को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। सफराज खान ने 17 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाये। शिवम दुबे (छह) का रवींद्र जडेजा ने शिकार किया। नूर अहमद एक रन बनाकर आठवें विकेट के रूप में आउट हुये। मैट हेनरी पांच रन बनाकर आउट हुये। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर जेमी ओवर्टन के रनआउट होने के साथ चेन्नई सुपर किंग्स की पारी 127 रन के स्कोर पर सिमट गई। जेमी ओवर्टन और अंशुल काम्बोज ने 10वें विकेट के लिए 33 रन जोड़कर स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। जेमी ओवर्टन ने 36 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिये। बृजेश शर्मा और कार्तिक शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### चेन्नई सुपरकिंग्स

127/10 (19.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो बर्गर | 06 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो आर्चर | 06 |
| आयुष महात्रे स्टं. जुरेल बो बर्गर | 00 |
| मैथ्यू शॉर्ट का जायसवाल बो संदीप | 02 |
| सरफराज खान पगबाधा जडेजा | 17 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बृजेश | 18 |
| शिवम दूबे का बिश्नोई बो जडेजा | 06 |
| जैमी ओवरटन रन आउट | 43 |
| नूर अहमद का जुरेल बो आर्चर | 01 |
| मैट हेनरी का एवं बो बिश्नोई | 05 |
| अंशुल कंबोज नाबाद | 07 |

गेंदबाजी : आर्चर 4-0-19-2, बर्गर 4-0-26-2, बृजेश 3-0-17-1, संदीप 2.4-0-22-1, बिश्नोई 3-0-16-1, जडेजा 3-0-18-2

### राजस्थान रॉयल्स

128/2 (12.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 38 |
| सूर्यवंशी का सरफराज बो कंबोज | 52 |
| ध्रुव जुरेल बो कंबोज | 18 |
| रियान पराग नाबाद | 14 |

गेंदबाजी : हेनरी 3-0-40-0, खलील 3-0-17-0, कंबोज 3-0-27-2, नूर 2-0-24-0, ओवरटन 1-0-14-0, शॉर्ट 0.1-0-1-0

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 5. चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 6. दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 7. गुजरात टाइटंस | - | - | - | - | - | - |
| 8. लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |
| 9. पंजाब किंग्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. राजस्थान रॉयल्स | - | - | - | - | - | - |

## रोहित शर्मा 2.0 अपना दबदबा बनाने के लिए तैयार : कुंबले

**मुंबई।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में रोहित शर्मा के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि रोहित का '2.0 अवतार' पूरे टूर्नामेंट में विरोधी टीमों के लिये चिंता का सबब रहेगा। 38 वर्ष के रोहित ने 38 गेंद में 78 रन बनाये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल के पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। कुंबले ने स्टार स्पोटर्स' से कहा लगता है कि रोहित शर्मा अपने 2 .0 अवतार में आ गए हैं । उनकी पारी से साबित हो गया है कि वह फिर से अपना दबदबा बनाने को तैयार हैं। जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे उनके कैरियर के शीर्ष दिनों की याद आ गई। उन्होंने कहा वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे



गेंदबाजों को छक्के लगाना आसान नहीं है लेकिन उसने इसे आसान बना दिया। उसने अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और ब्रेक के बाद लौटने पर लय और टाइमिंग हासिल करने में पांच से सात दिन लगते हैं। कुंबले ने कहा वह शानदार पारी थी। छक्के आसानी से लग रहे थे । इस पारी ने साबित कर दिया कि रोहित का यह अवतार आईपीएल की बाकी टीमों के लिए चिंता का सबब होगा।

## सूर्या को इंपैक्ट सब के तौर पर एहतियातन इस्तेमाल किया गया : जयवर्धने

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को टीम के पहले आईपीएल मैच में चोट के कारण 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया और इसमें कोई गैर जरूरी कहानी बनाने की जरूरत नहीं है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार ने फील्डिंग नहीं की और आठ गेंद में 16 रन बनाए। मुंबई ने केकेआर को छह विकेट से हराया। मैच के बाद जयवर्धने से पूछा गया कि पिछले सत्र में भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बाद क्या अब सूर्यकुमार यादव को 'इंपैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया जायेगा, इस पर उन्होंने कहा उम्मीद है कि कोई अवांछित कहानी नहीं बनाई जाएगी। टीम खुश है । उसे अतिरिक्त ब्रेक दिया गया था जो वह चाहता था। उन्होंने कहा उसे मामूली सी जकड़न है और वह फील्डिंग वगैरह कर रहा था । मुझे पता है कि अगले मैच में पांच दिन का समय है तो उसे अतिरिक्त समय देना चाहता था। वह तीन चार ओवर फील्डिंग के लिये तत्पर था



लेकिन मैने मना किया। जयवर्धने ने कहा इसलिए प्लीज कोई कहानियां मत बनाइये। मैने कहा कि एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया था । ये काफी अनमोल खिलाड़ी हैं और ये फैसले सोच समझकर लिये जाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि आखिरकार मुंबई इंडियंस ने पहला मैच हारने का सिलसिला तोड़ा । रोहित (78) और रियान रिकेलटन (81) की पारियों के दम पर मुंबई ने 221 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। कोच ने कहा यह बल्लेबाजी के लिये अच्छा विकेट था। मुझे लगा कि 220 रन का स्कोर ज्यादा था और हमने 20 रन फालतू दिये लेकिन जिस तरह से रोहित और रियान ने बल्लेबाजी की, देखकर बहुत अच्छा लगा।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि केकेआर को पता है कि ग्रीन गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे

**सिडनी।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने सोमवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबंधन को कैमरन ग्रीन की चोट की स्थिति के बारे में पूरी तरह से पता है जबकि केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि सिर्फ मेजबान बोर्ड को ही पता है कि ग्रीन गेंदबाजी क्यो नहीं कर सके। ग्रीन से गेंदबाजी नहीं कराने के बारे में पूछे गए सवालों पर रहाणे ने कहा क्रिकेट आस्ट्रेलिया से पूछो। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने बताया कैमरन को कमर में चोट लगी थी जिससे वह कुछ समय तक गेंदबाजी नहीं कर सकेगा। वह 10 .12 दिन के बाद गेंदबाजी कर पायेगा और केकेआर को इसकी पूरी जानकारी है। ग्रीन ने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक गेंदबाजी नहीं की । उन्होंने 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में गेंदबाजी की थी । पूरे विश्व कप में वह 19 गेंद ही डाल सके। केकेआर ने 25 .20 करोड़ रुपये में ग्रीन को खरीदा था।

### हाईलाइट

## यानिक सिनर ने लेहेका को हराकर जीती मियामी ओपन



**मियामी गार्डन्स।** यानिक सिनर ने जिरि लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर मियामी ओपन पुरुष एकल खिताब जीत लिया और एरिना सबालेंका के बाद उनका भी 'सनशाइन डबल' पूरा हो गया। सबालेंका ने कोको गाफ को हराकर महिला एकल खिताब जीता था। इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक साथ जीतने को 'सनशाइन डबल' कहा जाता है और 2017 में रोजर फेडरर के बाद यह कमाल करने वाले सिनर दूसरे पुरुष खिलाड़ी हैं। सिनर ने तीन साल पहले भी मियामी ओपन जीता था । पिछले साल प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के कारण निलंबन की वजह से वह इस टूर्नामेंट से बाहर रहे थे।

## फखर जमां, अफरीदी और रजा ने आरोपों को खारिज किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज फखर जमां, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच पाकिस्तान सुपर लीग के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी के आरोपों को खारिज किया है। 35 वर्ष के फखर को मैच रैफरी रोशन महानामा ने पीएसएल की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आचार संहिता की धारा 2 . 14 के तहत लेवल तीन के अपराध का दोषी पाया था। जमां को पीएसएल के अनुच्छेद 41.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। यह अनुच्छेद गेंद की स्थिति को बदलने वाली किसी भी हरकत पर रोक लगाता है।

## मिहिका और अर्जुन अमेरिकी ओपन के लिए पिकलबॉल टीम में

**मुंबई।** मिहिका यादव और अर्जुन सिंह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें नौ से 18 अप्रैल तक फ्लोरिडा के नेपल्स में होने वाले अमेरिकी ओपन पिकलबॉल टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। टीम के अन्य सदस्यों में पूर्वांश पटेल (ओपन), आदित्य सिंह (ओपन), नागा मोक्षा (लड़कियां अंडर-18), जीत सूद (अंडर-16) और युवराज सिंह (अंडर-16) शामिल हैं। भारतीय पिकलबॉल संघ ने सोमवार को विज्ञप्ति में बताया कि इसमें सब-जूनियर वर्ग में पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ के अलावा सूर्यवीर सिंह भुल्लर (पुरुषों के 50 से ज्यादा उम्र के युगल और मिश्रित युगल) भी शामिल हैं। टीम को धीरेन पटेल कोचिंग देंगे जो 40 से ज्यादा उम्र के पुरुषों के प्रो एकल में भी हिस्सा लेंगे। भारतीय संघ और अमेरिकी ओपन के बीच साझेदारी की वजह से भारतीय खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिल जाएगा।

# खुद को साबित करने उतरेंगे गिल और अय्यर

मुल्लांपुर, एजेंसी

भारतीय टीम से बाहर टी20 बल्लेबाज शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जब इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में क्रमशः गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स की अगुवाई करेंगे तो उनका इरादा खुद को साबित करने का भी होगा।

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया था लेकिन बाद में विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया। उनकी जगह संजू सैमसन को चुना गया था जिनका भारत की खिताबी जीत में अहम योगदान रहा। वर्ष 2023 के बाद से आईपीएल में गिल से ज्यादा रन सिर्फ विराट कोहली ने बनाये हैं लेकिन अब फोकस निरंतरता की बजाय स्ट्राइक रेट पर है । गिल का टी20 कैरियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर मैथ्यू हेडन स्टाफ का हिस्सा है लिहाजा गिल की छक्के मारने के कौशल और बल्लेबाजी पर नजर रखी जायेगी। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी का



शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर।

जिम्मा भी बखूबी संभाला है। अपने पदार्पण वर्ष 2022 में आईपीएल खिताब जीतने वाली गुजरात टाइटंस पिछले साल तीसरे स्थान पर रही। एक बार फिर टीम संतुलित लग रही है। सलामी बल्लेबाज गिल और साइ सुदर्शन सबसे बड़ी ताकत हैं। सुदर्शन ने पिछले सत्र में सर्वाधिक 759 रन बनाये थे। वह पसली के फ्रेक्चर से उबरकर लौट रहे हैं पर घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के पास विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र जैसे विकल्प हैं जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 160 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाये थे।

पंजाब किंग्स के लिये एक बार फिर श्रेयस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा जो तीन अलग अलग टीमों को आईपीएल फाइनल तक ले जा चुके हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स 2020 में और पंजाब पिछले सत्र में फाइनल तक पहुंची जबकि केकेआर ने 2024 में खिताब जीता था। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद श्रेयस को भारतीय टी20 टीम में जगह नहीं मिली और भारत के लिये आखिरी टी20 उन्होंने दिसंबर 2023 में खेला था। पिछले सत्र में उन्होंने 175 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 604 रन बनाये थे।

- गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला आज

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), निहाल वढेरा, विष्णु विनोद, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बरार , मार्को यानसेन, अजमतुल्लाह उमरजइ, प्रियांश आर्य, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाख विजयकुमार, यश ठाकुर, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे व विशाल निषाद।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साइ सुदर्शन, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, टॉम बेंटोन, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधू, वॉशिंगटन सुंदर , मोहम्मद अरशद खान, साइ किशोर, जयंत यादव, जैसन होल्डर, राहुल तेवतिया, शाहरूख खान, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मानव सुतार, गुरनूर सिंह बरार, ईशांत शर्मा, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, कुलवंत हेजरोलिया, राशिद खान।

## भज्जी ने की रहाणे की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा के खिलाफ सुनील नारायण का इस्तेमाल नहीं करने को लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे की आलोचना की।

रोहित तूफानी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 38 गेंद में 78 रन बनाए और सलामी जोड़ीदार रेयान रिकलटन (81 रन) के साथ 72 गेंद में 148 रन की भागीदारी की। तब रहाणे ने नारायण का इस्तेमाल नहीं किया जबकि मुंबई इंडियंस के इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ इस गेंदबाज का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। सबसे अच्छा मुकाबला यह होता कि पावरप्ले में नारायण से गेंदबाजी कराई जाती, कम से कम एक या दो ओवर तो जरूर ताकि रोहित को शुरुआत में ही निशाना बनाया जा सके। विकेट लेकर मुंबई पर दबाव बनाने का उनके पास यही सबसे अच्छा मौका था। बल्कि नारायण ने अपने कोटे के पूरे ओवर भी नहीं फेंके, जिससे पता चलता है कि कप्तानी उस स्तर की नहीं थी।

# हुनर साबित करने के लिए मैं नहीं खेल रहा : रहाणे

मुंबई, एजेंसी

अपने भविष्य को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलों को खारिज करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने कहा कि वह अपने विकास के लिये क्रिकेट खेल रहे हैं, किसी को कुछ साबित करने के लिये नहीं।

सैतीस वर्ष के रहाणे ने पिछले सत्र में मुंबई रणजी टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने सफेद गेंद के टूर्नामेंट में भी कप्तानी नहीं की जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। वह भारत के लिए आखिरी बार 2023 में खेले थे।मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के पहले मैच में 40 गेंद में 67 रन बनाने वाले रहाणे ने कहा लोगों को मेरे बारे में बोलने दीजिए।



वे 20 साल से बोलते आ रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश हूं । मैं किसी को यह साबित करने के लिये नहीं खेल रहा हूं कि मैं कितना हुनरमंद हूं । लोग देख रहे हैं। उन्हें देखने दीजिये और बोलने दीजिए। उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं कि पिछले दो तीन साल में सफेद गेंद के प्रारूप में मेरा खेल बेहतर हुआ है। एक क्रिकेटर के तौर पर विकास जरूरी है और मैं वही करने की कोशिश कर रहा हूं।

### एशियाई खेल

पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर दे रहीं खास ध्यान

# तीरंदाज कोमोलिका की निगाहें भारतीय टीम में चयन पर

रायपुर, एजेंसी

भारतीय तीरंदाज कोमोलिका बारी के लिए जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में सफर उतना आसान नहीं रहा लेकिन अब वह 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और पुणे में चल रहे शिविर में तकनीक निखारने के साथ मानसिक मजबूती पर खास ध्यान दे रही हैं।

विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटी हैं।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ में पहुंचने के



बाद कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। वह पुणे में चल रहे शिविर में अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं।

उन्होंने 'साई मीडिया' से कहा, मैं फिलहाल शीर्ष-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं और अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं।

कोमोलिका ने 2021 में अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी मां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जिन्होंने बेटी को तीरंदाजी अपनाने के लिए प्रेरित किया। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां चल रहे पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में तीरंदाजी स्पर्धा की मुख्य आकर्षण हैं।

कोमालिका ने कहा, मेरा अंतिम लक्ष्य 2028 ओलंपिक है। इस समय मेरी ट्रेनिंग काफी अच्छा चल रही है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, अभी तक के सफर ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है।

## शॉटगन विश्व कप में वापसी की कोशिश करेंगे ट्रैप निशानेबाज

**टैंगियेर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज मंगलवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के फिर से शुरू होने पर स्कीट निशानेबाजों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। सत्र के पहले शॉटगन विश्व कप में पुरुष और महिला स्कीट टीम का प्रदर्शन फीका रहा था, जहां अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। भवनेश मेंदीरत्ता जैसे खिलाड़ी सत्र की सकारात्मक शुरुआत करने के इरादे से उतरेंगे, क्योंकि इस साल जापान में एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप भी होने हैं।